ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal

द्विभाषी राष्ट्रसेवक

● वर्ष : 73 ● अंक : 03 ● जून 2023

नागार्जुन
(30 जून, 1911 – 05 नवंबर, 1998)

मोर न होगा...उल्लू होंगे

खूब तनी हो, खूब अड़ी हो, खूब लड़ी हो
प्रजातंत्र को कौन पूछता, तुम्हीं बड़ी हो

डर के मारे न्यायपालिका काँप गई है
वो बेचारी अगली गति-विधि भाँप गई है
देश बड़ा है, लोकतंत्र है सिक्का खोटा
तुम्हीं बड़ी हो, संविधान है तुम से छोटा

तुम से छोटा राष्ट्र हिन्द का, तुम्हीं बड़ी हो
खूब तनी हो, खूब अड़ी हो, खूब लड़ी हो

यह कमजोरी ही तुमको अब ले डूबेगी
आज नहीं तो कल सारी जनता ऊबेगी
लाभ-लोभ की पुतली हो, छलिया माई हो
मस्तानों की माँ हो, गुण्डों की धाई हो

सुदृढ़ प्रशासन का मतलब है प्रबल पिटाई
सुदृढ़ प्रशासन का मतलब है 'इन्द्रा' माई
बन्दूकें ही हुईं आज माध्यम शासन का
गोली ही पर्याय बन गई है राशन का

शिक्षा केन्द्र बनेंगे अब तो फौजी अड्डे
हुकुम चलाएँगे ताशों के तीन तिगड्डे
बेगम होगी, इर्द-गिर्द बस गूल्लू होंगे
मोर न होगा, हंस न होगा, उल्लू होंगे

(आपातकाल के प्रतिवाद में लिखी गई कविता)

RNI NO. ASSBIL/2009/31008 ISSN : 2321-4945

एक हृदय हो भारत जननी

द्विभाषी राष्ट्रसेवक

(भाषा, साहित्य, समाज, कला व संस्कृति विषयक शोध-पत्रिका)

UGC CARE Listed Journal

वर्ष : 73 अंक : 03 जून, 2023

परामर्श मंडल

श्री भारतभूषण महंत
कार्याध्यक्ष, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
गुवाहाटी (असम)

प्रो. आर.एस. सर्राजु
सम कुलपति, हैदराबाद विश्वविद्यालय
तेलंगाना-500046

प्रो. प्रदीप के शर्मा
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय
काजी रोड, गंगटोक, सिक्किम - 737101

डॉ. दीपक प्रकाश त्यागी
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)

डॉ. दिलीप कुमार मेधि
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

डॉ. अमूल्य चंद्र बर्मन
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग
कॉटन विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

डॉ. अच्युत शर्मा
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

प्रधान संपादक

डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया
मंत्री, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

संपादक

प्रो. मोहन
हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली-1

कार्यकारी संपादक

रामनाथ प्रसाद
प्रभारी साहित्य सचिव
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी

DWIBHASHI RASTRASEWAK : A Bilingual (Hindi & Assamese) Monthly Research Journal, Focused on Language, Literature Society, Art and Culture, Partially funded by Central Hindi Directorate, Govt. of India and Published by Asom Rastrabhasha Prachar Samiti, Rupnagar, Guwahati-781032.

प्रकाशक :
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
गुवाहाटी-32

संपादकीय कार्यालय :
प्रधान संपादक, द्विभाषी राष्ट्रसेवक
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
सेवा मंदिर पथ, रूपनगर, गुवाहाटी-32
फोन : 9101541395, 9101541380
ई-मेल : rastrasewak51@gmail.com

सहयोग राशि : ₹100/- (प्रति अंक)

शब्द संयोजन : रतिकांत कलिता

आवरण पृष्ठ : इंटरनेट से साभार

सम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की ओर से मंत्री डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया द्वारा सराइघाट फोटो टाइप्स प्रा.लि., इंडस्टियल इस्टेट, गुवाहाटी-781021 में मुद्रित, प्रकाशित एवं प्रसारित।

सर्वाधिकार : **असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी-32**

'द्विभाषी राष्ट्रसेवक' में प्रकाशित रचनाओं के विचारों से असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्रकाशित सामग्री के उपयोग हेतु प्रकाशक की अनुमति आवश्यक है। सभी कानूनी विवादों का निपटारा गुवाहाटी न्यायालय के अधीनस्थ होगा।

विषय सूची

क्रम	विषय	लेखक	पृष्ठ

हिंदी विभाग

संपादकीय			4
1.	'भक्त' हुए, उठ गए राम से भी, यों ऊपर...'	✍ डॉ. अनुशब्द	5
2.	रोज करें योग, दूर भगाएँ रोग	✍ प्रो. प्रदीप के शर्मा	12
3.	वृंदावन लाल वर्मा के सामाजिक उपन्यास : परिवेश एवं समस्याएँ	✍ डॉ. शशिकला	15
4.	जनजातीय विमर्श के आईने में 'रूपतिल्ली की कथा'	✍ प्रो. यशवंत सिंह	21
5.	भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं का योगदान	✍ डॉ. संदीप रणभिरकर	26
6.	हिंदी के 'डूब' एवं नेपाली के 'ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' उपन्यासों में अभिव्यक्त बाढ़ की समस्या : एक तुलनात्मक अध्ययन	✍ टिंकू छेत्री	32
7.	कृष्ण सोबती और निरूपमा बरगोहाईं के उपन्यासों : एक समीक्षा	✍ बर्णाली बैश्य	38
8.	शंकरदेव की अपूर्व सृष्टि अंकिया नाट	✍ डॉ. जोनाली बरुवा	44
9.	कार्बी जनजाति के लोकगीत : एक अध्ययन	✍ पूजा बरुवा	50

অসমীয়া বিভাগ

10.	শ্রীমদ্ভগৱত গীতা, ভাগৱত পুৰাণ আৰু নামঘোষাত নিহিত আত্মতত্ত্বৰ স্বৰূপ ঃ এক বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন	✍ ড০ বিভূতি লোচন শর্মা	56
11.	হোমেন বৰগোহাঞিৰ হাতী আৰু গৰখীয়া গল্পত পাৰিৱেশিক চেতনা ঃ এক অধ্যয়ন	✍ ড০ জ্ঞানেন্দ্র বর্মন	62
12.	ৰাজবালা দাসৰ আত্মজীৱনীত আত্মসত্তাৰ ৰূপায়ণ	✍ ড০ স্মৃতি ৰেখা ভূঞা	68
13.	প্রাচীন কামৰূপত শৈৱধর্মৰ বিকাশ আৰু অসমত প্রচলিত শৈৱ ধাৰাৰ লোকগীত	✍ ড০ পল্লৱিকা শর্মা	77
14.	যিডু কৃষ্ণমূর্তিৰ দর্শনত মন আৰু চেতনা	✍ ড০ যদুমণি দত্ত	86
15.	স্বর্ণ ৰৰাৰ উপন্যাসত প্রতিফলিত জনজাতীয় মৃতক সম্পর্কীয় লোকাচাৰ	✍ ৰিমঝিম গগৈ	90
16.	অসমৰ ৰাজহুৱা গ্রন্থাগাৰসমূহৰ আধুনিকীকৰণ ঃ প্রত্যাশা আৰু প্রত্যাহ্বান	✍ হৃষিকেশ ভূঞা	95
17.	অনিমা গুহৰ ভ্রমণ সাহিত্য 'তৃতীয় বিশ্ববাসিনীৰ আমেৰিকা দর্শন' ঃ এক অৱলোকন	✍ অসীমা গায়ন	102

संपादकीय

साहित्य और समाज

दार्शनिकों ने सूक्ष्म सत्ता परमात्मा के तीन लक्षण स्वीकार किए हैं - सत्, चित् और आनंद। मनुष्य उसी सूक्ष्म सत्ता का व्यक्त रूप है। मनुष्य का सूक्ष्म जीवन भी तीन बातों पर आधारित है - ज्ञान, भावना और क्रिया। इनमें ज्ञान का संबंध सत् से, क्रिया का चित् से और भावना का आनंद से। मानव जीवन से संबंधित विभिन्न विषय इन्हीं तीन प्रवृतियों से प्रेरित हैं। ज्ञान की प्रवृति ने विज्ञान और दर्शन को, क्रिया की प्रवृति ने धर्म और व्यवसाय को और भावना की प्रवृति ने साहित्य व कलाओं को जन्म दिया।

साहित्य मानव की अनुभूतियों और भावनाओं का साकार रूप है। वह मानव को, उसके जीवन को लेकर ही जीवित है, इसलिए वह पूर्णत: मानवकेंद्रित है।

मानव सामाजिक प्राणी है। सामाजिक विचारों और समस्याओं का जहाँ वह स्रष्टा होता है, वहीं उनसे स्वयं भी प्रभावित होता है। इसी प्रभाव का मुखर रूप 'साहित्य' है। इसलिए विद्वानों ने साहित्य को समाज का दर्पण कहा है।

विगत एक हजार वर्षों के हिंदी साहित्य का अवलोकन करने पर हम साहित्य और समाज के अन्योन्याश्रित संबंध को भलीभांति समझ सकते हैं। यह कहना समीचीन होगा कि हिंदी साहित्य का इतिहास भारतीय जनता की वीरता, उसकी राजनीतिक पराजय, इस्लाम की भारतीय जनता पर विजय, इस्लाम के आतंक से संतप्त भारतवासियों का भगवान से हिंदुत्व के रक्षार्थ निवेदन, सामंत युग की विलासप्रियता और वर्तमान युग की सुधारवादी भावना आदि का इतिहास है। स्पष्ट है कि साहित्य पग-पग पर समाज से प्रभावित होता रहता है। किसी काल विशेष में समाज सुख-दुख, रहन-सहन, आचार-विचार सभी कुछ साहित्य में प्रतिबिंबित होता है। दूसरे शब्दों में समाज की पूरी झाँकी तत्कालीन साहित्य में दिखाई पड़ती है।

जहाँ एक ओर साहित्य अपने अस्तित्व के लिए समाज पर निर्भर है, वहीं सामाजिक विकास और उन्नयन में साहित्य की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। समाज की उन्नति तभी संभव है, जब हमारा हृदय संवेदनशील तथा बुद्धि विकसित एवं परिष्कृत हो। उपर्युक्त दोनों ही कार्यों के लिए साहित्य सबसे प्रभावशाली साधन है। साहित्य सेवन से हमारा मन परिष्कार हो जाता है, जिससे हम सतोगुणात्मक वृत्तियों में रमने का आदी हो जाते हैं। फलस्वरूप समाज में शांति की स्थापना होकर विकास का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। अत: सामाजिक जीवन में साहित्य का महत्व निर्विवाद है।

महान साहित्यकार तो देश और काल की सीमा से ऊपर उठकर सार्वभौम समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। साहित्य में मानव का जीवन ही नहीं, जीवन की वे भावनाएँ और कामनाएँ भी निहित रहती हैं, जो अनंत जीवन में भी पूर्ण नहीं हो सकतीं। साहित्य जीवन की इन्हीं अपूर्णताओं को पूर्ण करता है, तभी वह जीवन से अधिक सारवान् और परिपूर्ण है तथा नियामक और मार्ग-द्रष्टा भी।

राष्ट्रसेवक परिवार की ओर से इस अंक के सम्मानित लेखकों सहित समस्त साहित्यप्रेमियों को बधाई और अनंत शुभकामनाएँ। ❑

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

'भक्त हुए, उठ गए राम से भी, यों ऊपर...'

डॉ. अनुशब्द

वरिष्ठ सहायक आचार्य
हिंदी विभाग
तेजपुर विश्वविद्यालय, तेजपुर,
नपाम, असम-784028
मो. 0887604920
ई-मेल : dranushabda@gmail.com

तुलसी आलोक कवि हैं। जनमानस के कवि हैं। उन्होंने अपनी भक्ति और कारयित्री प्रतिभा के द्वारा संपूर्ण उत्तर भारत को सदियों से आलोकित किया है। इस तथ्य को सभी कवियों एवं लेखकों ने स्वीकृति प्रदान की है। हम जानते हैं कि फिराक गोरखपुरी हिंदी के कितने बड़े विरोधी थे! उनके जैसे हिंदी के कट्टर विरोधी ने भी हिंदी को मात्र डेढ़ कवियों की भाषा माना है। एक तो मुकम्मल कवि तुलसीदास और आधे कवि निराला। उनकी नजर में यही डेढ़ कवि हिंदी साहित्य में हैं, लेकिन उनको यह मानने में थोड़ा-सा भी संकोच नहीं है कि तुलसीदास एक ऐसे मेहराब हैं, जिसके नीचे से ही हर किसी को गुजरना पड़ता है। बिल्कुल नतमस्तक होकर, सीना तानकर नहीं। इसी तरह से प्रगतिवादी एवं वामपंथी लेखक तथा आलोचक भी तुलसी की काव्य-प्रतिभा से अभिभूत रहे हैं। चाहे वह रामविलास शर्मा हों, मुक्तिबोध हों, त्रिलोचन हों या फिर बाबा नागार्जुन। रामविलास जी 'तुलसी के सामाजिक मूल्य' नामक लेख में तुलसी को **'भारत का श्रेष्ठ भक्त कवि'**[1] कहते हैं। उनके अनुसार **'तुलसीदास मानवीय करुणा के अन्यतम कवि हैं।'**[2] प्रख्यात प्रगतिवादी कवि त्रिलोचन महाकवि तुलसी के साहित्यिक दाय को स्वीकार करते हुए कहते हैं कि **'तुलसी बाबा, भाषा मैंने तुमसे सीखी/ मेरी सजग चेतना में तुम रमे हुए हो'**।[3] तुलसीदास पर तो निराला ने 'तुलसीदास' नामक खंडकाव्य सरीखी लंबी कविता ही लिख दी है। नरेश मेहता की 'संशय की एक रात' भी एक ऐसी ही लंबी कविता है। बाबा नागार्जुन तो यहाँ तक कहते हैं कि **'तुलसी बाबा साथ रहें तो/पार करूँ/कविता वैतरणी/ तुलसी बाबा साथ रहें तो/नहीं भूलूँ मैं/ शब्द सुमरनि'**।[4] यानी कवि नागार्जुन यह कामना करते हैं कि यदि गोस्वामी तुलसीदास का काव्य-विवेक, उनकी रचनात्मक प्रतिभा, उनके आचार-विचार और उच्चार का साहचर्य मुझे सुलभ हो जाए तो मैं सहज ही 'कविता की वैतरणी' पार कर जाऊँगा तथा निरंतर 'शब्द सुमरनि' में सचेष्ट रहूँगा, अनवरत सृजनरत रहूँगा। आज के समय के मशहूर मार्क्सवादी आलोचक

प्रोफेसर मैनेजर पाण्डेय कहते हैं कि '**कबीर की कविता प्रश्न करने वाली कविता है तो तुलसी की कविता उत्तर देने वाली कविता।**'[5] अर्थात् तुलसी केवल अपने समय की विसंगतियों पर प्रश्न ही नहीं उठाते, उन्हें सिर्फ रेखांकित या चिह्नित ही नहीं करते, उनके यथार्थबोध में केवल प्रश्नाकुलता ही नहीं है बल्कि उनकी कविताएँ सत्ता के प्रतिपक्ष में जब खड़ी होती हैं तो पूरे आत्मविश्वास के साथ एक बेहतर विकल्प लेकर, 'रामराज्य' की परिकल्पना के साथ खड़ी होती हैं, जिसे बाद में गाँधी भी अपनाते हैं।

कहने का तात्पर्य यह है कि तुलसी भारतीय मनीषा के प्रतिमान हैं। वे बहुत से भारतीय मनीषियों की लेखनी के लिए संदर्भ बिंदु तो हैं ही, प्रस्थान बिंदु भी हैं। जैसे आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने इतिहास और आलोचना संबंधी अपनी मौलिक स्थापनाओं तथा साहित्यिक प्रमेयों के द्वारा अपने समकालीनों और आगे आने आने वाली पीढ़ियों को चिंतन-मनन के लिए बौद्धिक खुराक उपलब्ध करायी ठीक उसी तरह समूचा हिंदी साहित्य तुलसी के रचनात्मक-विवेक का ऋणी है। वास्तव में तुलसी का समग्र रचना-संसार, उनकी चौपाइयाँ और अर्द्धालियाँ हिंदी की साहित्यिक अधिरचना के लिए अजस्र ऊर्जा की स्रोत एवं आधारशिला हैं। कभी-कभी तो ऐसा ऐसा भी लगता है कि विद्वानों की स्थापनाएँ तुलसी के उद्धरणों से ही प्रमाणिकता और सर्वस्वीकार्यता हासिल करती हैं। मेरी समझ से इसका एक कारण तुलसीदास के काव्य की व्यापक पठनीयता भी है। सभी 'मानस' को पढ़ और समझ लेते हैं, उसके विभिन्न संदर्भों और प्रसंगों से स्वयं को सहज ही जोड़ लेते हैं। अनपढ़ भी, अशिक्षित भी। साक्षर भी और विद्वान भी। इतना विशाल पाठक वर्ग हिंदी में शायद ही किसी अन्य कवि का है।

इक्कीसवीं शती में किसी कवि या लेखक की संदर्भिता इन तीन बातों पर ही आधृत है- स्त्री-विमर्श, दलित-विमर्श और अल्पसंख्यक-विमर्श। इनके मानदंडों पर जो खरा उतरता है, वही प्रासंगिक कवि सिद्ध होता है। जो नहीं उतरता उसे अप्रासंगिक मान लिया जाता है। तुलसी के समय में ये विमर्श नहीं थे। और, न ही इन विमर्शों का मुख्य स्वर-संधान। उनका भेदक और प्रेरक स्वर है- स्व-अनुभूति, सहानुभूति नहीं। दलितों एवं स्त्रियों को केंद्र में रखकर सहानुभूतिपूर्वक लिखा गया साहित्यानुभव प्रमाणिक नहीं माना जाता। इस कसौटी पर प्रेमचंद को भी खारिज कर दिया जाता है। इनका एकमात्र तर्क है कि 'राख ही जानती है जलने का दर्द'। दुर्भाग्य की बात है कि तुलसीदास न तो दलित थे, न स्त्री और न ही अल्पसंख्यक। कबीरादि संत कवियों की तरह दलित न होकर ब्राह्मण थे, मीरा की तरह स्त्री भी नहीं थे और न जायसी की तरह मुसलमान ही। वे हिंदू थे और मर्द थे, लेकिन वे 'पीर पराई' जानते थे। वे गरीबी और दरिद्रता को करीब से जानते थे। करीब से जानते ही नहीं थे, भुखमरी को झेला भी था। पेट की आग को उन्होंने बहुत शिद्दत से महसूस किया था तभी तो 'कवितावली' में वो कहते हैं कि '**आगि बड़वागि ते बड़ी है आगि पेट की**'।[6] जन्म से ही माता-पिता ने त्याग दिया, अशुभ के भय से। (**मातु पिता जग जाइ तज्यो, विधिहू न लिखी कछु भाल भलाई**[7] / **तनु जन्यो कुटिल कीट ज्यों, तज्यो मातु पिता हूँ**[8]) **एक दासी 'मुनिया'**[9] उनकी यशोदा बनी। उसी ने पाला-पोसा। तुलसी का आत्मचित्र आम लोगों से बनता है, जन सामान्य से निर्मित होता है। वे यातना, उपहास, तिरस्कार के भागीदारों की पाँति में खड़े हैं। इसलिए भक्त हैं। वे दलित चेतना के प्रतीक हैं।

डॉ. रामविलास शर्मा ने एक जगह लिखा है कि पूरे मध्यकाल की तीन उपलब्धियां हैं - तानसेन, ताजमहल और तुलसीदास। तीनों अपने-अपने क्षेत्र के कला प्रतिमान हैं। तीनों ही लासानी हैं, लाजवाब हैं। महाकवि तुलसीदास तो ऐसे काव्य प्रतिमान हैंउ जो जीवन दृष्टि, रचना दृष्टि और समीक्षा दृष्टि के सूत्रधार हैं। तीनों के सार्थक एवं स्वस्थ प्रवक्ता है। उन्होंने लिखा है कि '**कबित बिबेक एक नहिं मोरे। सत्य कहउं लिखि कागद कोरे॥**'[10] लेकिन यह उनकी विनम्रता है, विनयशीलता है; जो काव्य-विवेक उनकी रचनाओं में मिलता है, खासकर 'रामचरितमानस' में मिलता है, वह पूरे हिंदी साहित्य में दुर्लभ है। यद्यपि 'रामचरितमानस'

उनके यौवनकाल की रचना है। आश्चर्य की बात है कि उस उम्र में भी उनकी रचनात्मकता पूर्ण विकसित थी, पूर्ण संतुलित थी और पूर्ण वयस्क थी।

फिराक साहब ने कविता की प्रशंसा करते हुए, कविता की परिभाषा देते हुए लिखा है कि – 'गजल क्या है एक नवाए वक्त की सूरत पकड़ लेना/सुनाई दे खबर होकर दिखाई दे नजर होकर।'

तुलसीदास की रचनाओं में खबर होने की क्षमता है और नजर होने की भी। उनकी रचनाएं मध्यकाल की खबर हैं और मध्यकाल की नजर भी। 'रामचरितमानस' का कलियुग वर्णन मध्यकाल का ही दृश्यालेख है। मध्यकाल वहां अपनी संपूर्णता में उपस्थित है। 'कवितावली' में भी मध्यकालीन समाज और परिवेश अपनी संपूर्ण भाव-भंगिमा के साथ मौजूद है। एक इंटरव्यू में फिराक गोरखपुरी ने कहा है कि तुलसीदास के प्रत्येक शब्द से एक-एक जन्नत का रास्ता खुलता है।

आज की कविता के सामने सबसे बड़ा संकट है पठनीयता का। उसके पाठकों की संख्या निरंतर घटती जा रही है। कहानी के पाठक हैं, उपन्यास के पाठक हैं, किंतु कविता के पाठक नहीं के बराबर हैं। इसलिए कुछ लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि कुछ दशकों में, कुछ वर्षों में कविता एंटीक-सी हो जाएगी, पुरावशेष बन जाएगी और म्यूजियम की चीज बन जाएगी। आश्चर्य की बात है कि शताब्दियों पहले लिखी गई तुलसी की कविताएं 'एंटीक' क्यों नहीं बनीं, पुरावशेष क्यों नहीं बन गई हैं। आज भी उनकी कविताएं मनोयोगपूर्वक, समारोहपूर्वक पढ़ी जाती हैं। आज भी उनकी कविताओं को, उनके 'रामचरितमानस' को सामान्य जन भी पढ़ते हैं और विद्वान और आचार्य भी पढ़ते हैं। जैसा कि मैंने पहले भी कहा कि आज का वक्त है विमर्शों का, स्त्री विमर्श, दलित विमर्श आदि का। तुलसी ने जिन शूद्रों की उपेक्षा की है, तिरस्कार किया है, जिन स्त्रियों की निंदा की है, भर्त्सना की है, वे बड़े शौक से तुलसी को पढ़ते हैं। ढोल-मंजीरे के साथ तुलसी की इस चौपाई को भी पूर्ण आस्था और विश्वास के साथ गाते हैं –

'ढोल गंवार सूद्र पसु नारी। सकल ताड़ना के अधिकारी॥'[11]



तुलसी की ऐसी पँक्तियों को उद्धृत करके कुछ स्वनामधन्य आलोचक उन्हें नारी विरोधी घोषित करना चाहते हैं, लेकिन ऐसे तथाकथिक स्त्री वादी आलोचकों से मेरी अपील है कि कृपा करके तुलसी की ऐसी पँक्तियों को पूरे संदर्भ और प्रसंग के साथ उद्धृत किया करें, तभी तुलसी के साथ यथोचित न्याय हो पाएगा। तुलसी तो इस दर्जे के स्त्री प्रेमी थे कि रत्नावली से मिलने के लिए तूफानी रात में मुर्दे पर चढ़कर उफनती नदी को पार कर गए थे। यह दीगर बात है कि इस घटना के पश्चात् ही रत्नावली की फटकार से तुलसीदास के ज्ञान चक्षु खुले थे और रामभक्ति में लीन होकर मूर्द्धन्य रामभक्त कवि के रूप में ख्यात हुए। विचारणीय है कि स्त्री के प्रति इतनी आसक्ति रखने वाला, मानवतावाद में आस्था रखने वाला इतना संवेदनशील व्यक्ति स्त्री विरोधी कैसे हो सकता है। हाँ, कुछ संकुचित मानसिकता वाले पाठक और आलोचक ये भले ही कह सकते हैं कि रत्नावली की फटकार से उपजे मोहभंग ने उनकी लेखनी में स्त्री विरोधी चेतना भर दी है। वास्तव में ऐसी सोच

रखने वालों की बुद्धि पर केवल सिर ही पीटा जा सकता है, क्योंकि यह ध्यान देने योग्य बात है कि तुलसी ने जहाँ भी स्त्री-विरोधी बातें लिखीं हैं या स्त्रियों की निंदा की है, केवल उन्हीं महिलाओं के बारे में लिखा है, जो स्वार्थी हैं, ईर्ष्यालु हैं, अमानवीय सोच रखने वाली हैं, किसी-न-किसी रूप में मानवता के प्रतिपक्ष में सक्रिय हैं, जैसे- मंथरा, कैकेयी, ताड़का, सुर्पनखा आदि। कौशल्या, सीता, उर्मिला, अनुसूया, सुलोचना जैसी महिलाएँ, जो कि त्याग, परोपकार, ममता आदि जैसे उच्च मानवीय मूल्यों से लैस हैं; तुलसी के समस्त रचना-संसार में आदरणीय और सम्मानीय हैं।

तुलसी की अर्द्धालियों और चौपाइयों को कुछ लोग भक्ति भावना से गाते हैं। भक्ति की मुद्रा में पढ़ते हैं। मगर कुछ लोग हैं, जो तुलसी को आलोचना दृष्टि से पढ़ते हैं, गुनते हैं और समझते हैं। ऐसे लोगों में आचार्य रामचंद्र शुक्ल, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी और निराला थे। डॉक्टर विश्वनाथ त्रिपाठी तो कहते हैं कि इन तीनों में सबसे ज्यादा तुलसी को निराला ने पढ़ा था। जैसा कि आरंभ में भी इंगित किया गया है कि मार्क्सवादी भी तुलसी को पढ़ते हैं - डॉ. नामवर सिंह के प्रिय कवि तुलसीदास ही हैं। डॉ. रामविलास शर्मा ने तो तुलसी पर एक पुस्तक ही लिखी है, जो अभी तक दुर्भाग्य से अप्रकाशित है। वे तुलसी की एक अर्द्धाली पर लट्टू हैं -

'कत विधि सृजी नारी जग माहीं।
पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं।।'[12]

गरज कि तुलसीदास के पाठकों का वर्ग व्यापक है। निरक्षर से लेकर विद्वानों तक में उनकी व्याप्ति है। वे घर-घर में मौजूद हैं। वे हमारे परिप्रेक्ष्य हैं। वे हमारे परिदृश्य हैं। साक्षात फेनामिनन हैं। वे हमारी सांसों में चलते हैं, हमारी रगों में दौड़ते हैं, हमारे मेरुदंड में बसते हैं। जैसे हवा, पानी, धूप, चांदनी, धरती, आकाश हैं, वैसे ही हैं हमारे लिए तुलसीदास। सवाल है उनकी इस कदर व्याप्ति का कारण क्या है? उनकी पठनीयता इतनी व्यापक क्यों है? उनकी लोकप्रियता इतनी व्यापक क्यों है?

कुछ लोग कहते हैं कि उन्होंने राम कथा लिखी, और वह भी भाखा में। अवधी में। इसलिए सामान्य जन में उनकी अपार लोकप्रियता है। उन्होंने 'रामचरितमानस' केवल सामान्य जनों के लिए ही नहीं लिखा, प्रबुद्धजनों के लिए भी लिखा। इसलिए संस्कृत शब्दों का तद्भवीकरण किया, उन्हें बोलियों के साँचे में ढाला, सहज और स्वाभाविक बनाया। डॉक्टर रामस्वरूप चतुर्वेदी का मत है कि उनकी सबसे बड़ी रचना समस्या थी कि शास्त्रीयता को, दर्शनिकता को कैसे लोक ग्राह्य बनाया जाए। इस प्रयास में वह पूर्णत: सफल हुए, क्योंकि कहीं भी अपने सर्जक व्यक्तित्व पर, अपने रचनाकार पर, अपने ज्ञान को हावी नहीं होने दिया। अपनी कविताई पर अपनी पंडिताई को हावी नहीं होने दिया। उन्होंने जीवन का सीधा साक्षात्कार किया। और, एक संवेदन जगत निर्मित किया। अपनी रचनाओं में एक भाव जगत का निर्माण किया। यही संवेदन जगत पाठकों को पढ़ने के लिए आमंत्रित करता है। उनका देसी और खाँटी व्यक्तित्व हमें पढ़ने के लिए प्रेरित करता है। ध्यातव्य है कि तुलसी जैसे बाकायदा प्रशिक्षित कवि द्वारा 'नाना पुराण निगमागम सम्मतं' रामकथा का लोकभाषा अवधी में लिखा जाना महज इत्तेफाक नहीं है। धारा के विरुद्ध चलने का यह शौक वस्तुत: उस दौर में संस्कृत के वर्चस्व से मातृभाषाओं की मुक्ति की सायास और मुखर पहल है। कबीर, सूर, जायसी और तुलसी की अपनी मातृभाषाओं के प्रति इसी समर्पण और झुकाव तथा आम जनता के मनोविज्ञान की बारीक समझ ने उन्हें भक्ति आंदोलन का महानायक बना दिया। मध्यकाल में जनभाषाओं के उत्थान की इसी प्रक्रिया को ध्यान में रखकर प्रसिद्ध आलोचक मैनेजर पाण्डेय ने यह स्थापना दी है कि **'भक्ति आंदोलन संस्कृत के वर्चस्व से मातृभाषाओं की मुक्ति का आंदोलन भी है।'**[13]

गौरतलब है कि तुलसी की एक खास विशेषता है 'सामंजस्य'। उन्होंने भक्ति और कविता, सगुण और निर्गुण, भक्ति तथा ज्ञान, शैव और वैष्णव आदि सभी में सामंजस्य की बात की है। उन्होंने ईश्वर और मनुष्य में समान आस्था, समान विश्वास प्रकट किया है -

'सीय राममय सब जग जानी।
करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी॥'[14]

'सियाराम' उनकी भक्ति के आश्रय स्थल हैं तो यह 'सब जग', यह संसार उनकी कविताओं का। उनके पात्र नारायण हैं, पर वे नर लीला करते हैं। नारायण के लिए उन्होंने अपनी भक्ति को नियोजित किया है तो नर लीला के लिए अपने कवित्व को। तुलसी गृहस्थ जीवन के कवि हैं तो आत्मनिवेदन के भी। दोनों अनुभव क्षेत्रों के महान कवि हैं। भक्ति और कवित्व के इसी संतुलित सामंजस्य के कारण तुलसी की लोकप्रियता का क्षेत्र इतना व्यापक है, इतना विस्तृत है।

उनकी एक और सबसे बड़ी खासियत यह है कि उन्होंने नरलीला के क्रम में पात्रों को मनोवैज्ञानिक धरातल पर उपस्थित किया है। किस परिस्थिति में पात्रों की क्या प्रतिक्रिया होगी, अपने अंतरंग और बहिरंग के प्रति उनका क्या रिस्पांस होगा, तुलसीदास को इसकी पूरी जानकारी थी। मानव मन की जितनी सूक्ष्म और बारीक पहचान तुलसीदास को थी, उतनी आज के मनोवैज्ञानिक साहित्यकारों को भी नहीं है। नजीर के तौर पर हम एक घटना-प्रसंग का यहाँ उल्लेख कर सकते हैं। रामकथा में एक बुनियादी स्थल है, राम के प्रति कैकेयी का दृष्टि परिवर्तन। यह रामकथा का नाटकीय बिंदु है। यहीं से कथा मोड़ लेती है। परंपरा तो यह कहती है कि देवताओं के आग्रह पर सरस्वती ने कैकयी की मति में परिवर्तन ला दिया। तुलसीदास ने इस बात का संकेत भी किया है रामचरितमानस में -

'नामु मंथरा मंदमति चेरी कैकइ केरि।
अजस पेटारी ताहि करि गई गिरा मति फेरि॥'[15]

लेकिन तुलसीदास को इतने से संतोष नहीं होता है। इसके आगे वे नारी चरित्र को जोड़ते हैं। कथा विकास को विश्वसनीय बनाने के लिए, उसे लोकग्राह्य बनाने के लिए और विद्वानों के काव्य-विवेक को तुष्ट करने के लिए। 'कैकयी-मंथरा संवाद' समूचे घटनाक्रम को मानवीय संदर्भ दे देता है। कैकयी के मन में राम के प्रति अनुराग था उसको मंथरा अपने कौशल, अपने वाक्-चातुर्य से द्वेष में बदल देती है और यह अप्राकृतिक घटना शत-प्रतिशत मानवीय संदर्भ बन जाती है, ऐहिक बन जाती है।

यह क्षमता कालिदास में नहीं है। कालिदास ने भी 'अभिज्ञान शाकुंतलम्' में अति प्राकृत तत्त्व का प्रयोग किया है। ठीक ऐसे ही, इतने ही महत्व का। दुष्यंत और शकुंतला के प्रेम प्रसंग में दुर्वासा का शाप ऐसी ही भूमिका अदा करता है। वह भी कथानक को अचानक मोड़ दे देता है। यह बात ठीक है कि ऋषि-महर्षियों में शाप और वरदान की क्षमता थी, लेकिन यह शाप प्रेम-व्यापार जैसी लौकिक और मानवीय क्रिया में कुछ जोड़ता नहीं है। कालिदास की रचनात्मक क्षमता में वृद्धि नहीं करता है। रचनात्मक पौरुष में तुलसीदास श्रेष्ठ हैं कालिदास से।

तुलसीदास के ऊपर ढेर सारे आरोप हैं, जैसे वे हिंदू जाति के उद्धारकर्ता हैं, ब्राह्मणवादी हैं, सवर्णों के कवि हैं आदि आदि। सबसे ज्यादा आक्षेप वर्ण-व्यवस्था समर्थक होने का है। यह कुछ अंश तक सही है। 'रामचरितमानस' के रचनाकाल तक उनका विश्वास था कि सामाजिक अव्यवस्था और अराजकता का कारण यह है कि सभी वर्णों के लोग अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाह नहीं कर रहे हैं। अगर सभी अपने कर्तव्यों का सुचारू रूप से पालन करें तो समाज में अमन-चैन पुन: स्थापित हो जाएगा। इसका संकेत उन्होंने अपने परिकल्पित 'रामराज्य' में दिया है, लेकिन 'कवितावली' में वर्ण-व्यवस्था के प्रति उनका मोहभंग हो गया है। जब इन्होंने ख्याति अर्जित कर ली तो काशी के ब्राह्मणों ने इनका तिरस्कार शुरू कर दिया, गाली-गलौज करने लगे। ईर्ष्यावश जाति तक पूछने लगे तो तुलसी तिलमिला गए। वे आक्रोश में कहते हैं-

'धूत कहो अवधूत कहो रजपूत कहो
जुलाहा कहो कोऊ
काहू की बेटी से बेटा न ब्याहब काहू की
जाति बिगारब न सोऊ'[16]

लोकवादी तुलसी एक भक्त कवि हैं। राम इनके आराध्य देव हैं, जो ईश्वर कम, मनुष्य ज्यादा हैं। अपने 'मानस' में उन्होंने भक्ति को मनुष्य का सहज धर्म

बताया है और प्रवृत्तिमूलक भक्ति का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भक्ति के लिए गृहत्याग करना अनिवार्य नहीं है। घर में रहकर भी राम की भक्ति की जा सकती है। वास्तव में भक्ति 'संसार में रहने और तमाम तरह की सामाजिक, धार्मिक विसंगतियों एवं विषमताओं से संघर्ष की भावना का नाम है।' इसीलिए तुलसीदास का मानना है कि अनासक्त भाव से राम का नाम स्मरण करना चाहिए। राम नाम का महत्व बताते हुए वे कहते हैं कि–

'भायँ कुभायँ अनख आलस हूँ।
नाम जपत मंगल दिसि दसहूँ॥
सुमिरि सो नाम राम गुन गाथा।
करउँ नाइ रघुनाथहि माथा॥'[17]

इस संबंध में उन्होंने 'नवधा भक्ति' का विस्तार से वर्णन किया है। 'नवधा भक्ति' के ही अंतर्गत 'दास्य भक्ति' आती है। पूरे रामकाव्य की भक्ति दास्य भाव की है। दास वह होता है, जो तन, मन और धन से अपने आराध्य के प्रति समर्पित होता है। भक्ति के संदर्भ में दासता चेतना की वह अवस्था है, जिसमें हम अपने समूचे अहंकार को त्याग देते हैं। इसीलिए दास्य भक्ति में किसी तरह के अहंकार का कोई नामोनिशान नहीं होता है। भक्ति की चरम अवस्था में संपूर्ण समर्पण की स्थिति बनती है। रामकाव्य दास्य भक्ति को प्रधानता देता है। दास्य भक्ति में भक्त और भगवान का सीधा और पारदर्शी संबंध होता है। संबंधों की यह पारदर्शिता ही दास्य भक्ति की निशानी है। इसलिए दास्य भक्ति सीधी, सरल एवं सहज है। तुलसीदास तो यहाँ तक कहते हैं कि –

'सेवक सेव्य भाव बिनु भव न तरिअ उरगारि।'[18]

अपने आराध्य के प्रति समर्पण का आलम यह है कि तुलसी आत्मनिवेदन करते हुए कहते हैं –

'एक भरोसो एक बल एक आस बिस्वास।
एक राम घनस्याम हित चातक तुलसीदास।।'[19]

रामभक्ति काव्य में ब्रह्म की उभयात्मक अवधारणा मिलती है। वह मूर्त–अमूर्त, व्यक्त–अव्यक्त, चल–अचल सबकुछ है, यानी सर्वरूप है। उसके दोनों रूप सत्य और नित्य हैं। 'मानस' में तुलसीदास ने लिखा है –

'अगुनहि सगुनहि नहिं कछु भेदा।
गावहिं श्रुति पुरान बुध वेदा।
अगुन अरूप अलख अज जोई।
भगत प्रेमबस सगुन सो होई।।'[20]

इस प्रकार तुलसीदास ने प्रवृति–निवृति, सगुण–निर्गुण आदि मार्गों में समन्वय स्थापित कर समाज का बड़ा उपकार किया। तुलसी की समन्वयवादी दृष्टि को रेखांकित हुए आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कहते हैं कि 'भारतवर्ष का लोकनायक वही हो सकता है, जो समन्वय करने का अपार धैर्य लेकर आया हो। भारतीय जनता में नाना प्रकार की परस्पर विरोधिनी संस्कृतियां, साधनाएं, जातियां, आचार–विचार और पद्धतियां प्रचलित हैं। तुलसीदास स्वयं नाना प्रकार के सामाजिक स्तरों में रह चुके थे। उनका सारा काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है। उनमें केवल लोक और शास्त्र का ही समन्वय नहीं है', बल्कि भक्ति एवं कविता में भी समन्वय है।

बहरहाल, तुलसी के राम धरती के कण–कण में व्याप्त हैं। संपूर्ण मानवजाति के रोम–रोम में रमे हुए हैं। वह सभी के लिए उसी तरह सुलभ हैं, जैसे हवा और सूर्य की किरणें। इस संसार में राम की उपस्थिति या कहें की व्याप्ति के संदर्भ में तो बस इतना ही कहा जा सकता है कि –

'यह बहस अब हस है कि
खुदा है कि नहीं है
पर्दे जो हिल रहे हैं तो
हवा है कि नहीं है।'

राम और रामकथा के महत्व तथा महात्म्य को दर्शाते हुए तुलसी कहते भी हैं कि **'रामकथा सुन्दर करतारी, संशय विहग उड़ावन हारी।'**[21] अर्थात रामकथा का इतना प्रभाव है कि वह हर तरह के भ्रम, संदेह और संशय से मनुष्य को मुक्ति दिलाता है। तुलसी इतने से ही संतुष्ट नहीं हो जाते, आगे यह भी कहते हैं कि रामकथा का महात्म्य इस बात में भी है कि राम नाम रूपी मणि व्यक्ति को अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाती है–**'राम नाम मणि**

दीप धरु, जिह देहरी द्वार/तुलसी भीतर बाहिरहूँ जौ चाहस उजियार।'[22] कुलमिलाकर तुलसी की रामकथा मनुष्य को सामाजिक और समाज को मानवीय बनाने का एक सशक्त आधार रही है और आगे अनंतकाल तक रहेगी भी।

तुलसी पर बात करते-करते कब व्यक्ति राम और रामकथा पर स्विच कर जाता है पता ही नहीं चलता। दरअसल दोनों एक-दूसरे के पूरक भी हैं और पर्याय भी। तुलसी ने यदि राम और रामकथा को एक विस्तृत फलक दिया है तो रामकथा ने भी तुलसी के व्यक्तित्व को भारतीय तथा वैश्विक मनीषियों के बीच अन्यतम ऊँचाई प्रदान की है। उनके रचनात्मक विवेक को परिपूर्णता प्रदान की है। तुलसी को एक मुकम्मल कवि के रूप में स्वीकृत एवं स्थापित किया है। इस महान राम भक्त कवि के संदर्भ में अंत में कवि त्रिलोचन से शब्द उधर लेते हुए बस इतना ही कहकर कृतकृत्य हुआ जा सकता है कि-

'यज्ञ रहा, तप रहा तुम्हारा जीवन भू पर।
भक्त हुए, उठ गए राम से भी, यों ऊपर।'[23] ❑

संदर्भ-सूची :

1. त्रिपाठी, विश्वनाथ, हिंदी आलोचना, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण-2004, पृष्ठ सं. 159
2. वही.
3. शुक्ल, ध्रुव, त्रिलोचन संचयिता, तुलसी बाबा (कविता), वाणी प्रकाशन, दिल्ली, संस्करण- 2002, पृष्ठ सं. 47
4. नागार्जुन, तुलसी बाबा (कविता), नागार्जुन रचनावली, भाग-3
5. पाण्डेय, मैनेजर, कबीर और आज का समय, आलोचना, अंक-अप्रैल-जून 2000, पृष्ठ सं. 277
6. तुलसीदास,कवितावली,पृष्ठ सं.-174, पद सं.- 66
7. वही. 7/57
8. तुलसीदास, विनयपत्रिका, 275/2
9. शुक्ल, रामचंद्र, हिंदी साहित्य का इतिहास, नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी, 1999, 36वाँ संस्करण, पृष्ठ सं. 70
10. तुलसीदास, रामचरितमानस, बालकाण्ड, पद सं. 6
11. तुलसीदास, रामचरितमानस, गीता प्रेस, गोरखपुर, सुंदरकाण्ड, चौपाई
12. सिंह, उदयभानु (सं.), तुलसी, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 2002, पृष्ठ सं. 158
13. पाण्डेय, मैनेजर, आलोचना, अप्रैल-जून 2000, पृष्ठ सं. 280
14. तुलसीदास, रामचरितमानस, गीता प्रेस, गोरखपुर, बालकाण्ड, चौपाई सं. 1.8
15. तुलसीदास, रामचरितमानस, गीता प्रेस, गोरखपुर, अयोध्याकाण्ड, दोहा सं. 12
16. तुलसीदास, कवितावली, गीता प्रेस, गोरखपुर, 2017, पृष्ठ सं. 120
17. तुलसीदास, रामचरितमानस, गीता प्रेस, गोरखपुर, बालकाण्ड, चौपाई
18. तुलसीदास, रामचरितमानस, गीता प्रेस, गोरखपुर, उत्तरकाण्ड, दोहा सं. 119 (क)
19. तुलसीदास, दोहावली, गीता प्रेस, गोरखपुर, दोहा सं. 277
20. तुलसीदास, रामचरितमानस, गीता प्रेस, गोरखपुर, बालकाण्ड, चौपाई
21. तुलसीदास, रामचरितमानस, गीता प्रेस, गोरखपुर, बालकाण्ड, चौपाई सं. 1.114
22. तुलसीदास, रामचरितमानस, गीता प्रेस, गोरखपुर, बालकाण्ड, दोहा सं. 21
23. शुक्ल, ध्रुव, त्रिलोचन संचयिता, तुलसी बाबा (कविता), वाणी प्रकाशन,दिल्ली, संस्करण- 2002, पृष्ठ सं. 47

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

प्रसंग

रोज करें योग, दूर भगाएँ रोग

प्रो. प्रदीप के. शर्मा

प्रोफेसर, हिंदी विभाग
सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय
काजी रोड, गंगटोक
सिक्किम - 737101
मो. 8056067674
ई-मेल : pradipsarma2010@gmail.com

योगविद्या भारतवर्ष की सबसे प्राचीन संस्कृति और जीवन पद्धति है तथा इसी विद्या के बल पर भारतवासी प्राचीन काल से सुख, समृद्ध और स्वस्थ जीवन बिताते आ रहे हैं। जिस तरह पूजा-पाठ, धर्म-कर्म से शांति मिलती है, ठीक उसी तरह योगाभ्यास से धन-धान्य, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की प्राप्ति होती है। योग एक ऐसी ऊर्जा है, जो मन में प्रविष्ट होकर एक सशक्त विचार बनकर अभ्यास में उतरती है और सारे तकलीफों से हमें निदान प्रदान करती है। योग शब्द संस्कृत मूल 'यूज' से लिया गया है, जिसका अर्थ है जुड़ना, जोड़ना या एकजुट होना, जो मन और शरीर की एकता का प्रतीक है। योग विचार और क्रिया, संयम और पूर्ति, मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण है।

21 जून को पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाने का मूल उद्देश्य योग के फायदों के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को प्रेरित करना है। 11 दिसंबर, 2014 से संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। भारत के साथ-साथ अब पूरी दुनिया योग की शक्ति को मान रही है। योग न सिर्फ शारीरिक, बल्कि हमें मानसिक मजबूती भी देता है।

योग भारतीय कला का एक ऐसा रूप है, जो मात्र एक कला ही नहीं, बल्कि उससे कहीं अधिक महत्व रखता है। साथ ही योग हमारी जिंदगी में कई मायनों में अपना एक अलग ही स्थान रखता है, चाहे वह रोगों से मुक्ति के लिए हो या फिर सुगम एवं स्वस्थ जीवन जीने के लिए हो। कई शोधों से पता चला है कि जहाँ दवाइयाँ अपना असर दिखाने में नाकाम रही हैं, वहाँ योग ने अपना जादू दिखाया है। योग की ताकत का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि यदि आप अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करते हैं तो आप किसी भी तरह की बीमारी एवं कुरोग से खुद का बचाव आसानी से कर सकते हैं। आप देखेंगे कि यह योग आपको एक नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

योग हर आयु वर्ग के लिए उपयुक्त तथा आवश्यक है एवं विभिन्न रोगों के पारंपरिक उपचारों के साथ-साथ पूरक चिकित्सा के रूप में भी इसका उपयोग किया जा रहा है। कई मामलों में देखा गया है कि योग जन्मजात रोगों से भी छुटकारा दिलाने में काफी सफल रहा है, फिर चाहे रोग भीतरी हो या बाहरी। परंतु चिकित्सा हमेशा अनुभवी व्यक्ति के निर्देशन में ही होना चाहिए। दूसरी जरूरी बात यह है कि योग चिकित्सा कभी भी आधे मन से या अनमने ढंग से नहीं करना चाहिए। योगाभ्यास सही ढंग से सीखा और किया जाए तो अभ्यासी यदि एकदम से पूर्णरूपेण स्वस्थ नहीं भी हो तो भी कम-से-कम उसकी बीमारी का आगे बढ़ना तो रुक ही जाएगा और कुछ-न-कुछ लाभ तो अवश्य ही होगा। अक्सर अभ्यासी अपने इलाज में विफलता के लिए स्वयं के बजाय योग को दोषी ठहराने लगता है, परंतु लाभ काफी हद तक रोग की तीव्रता एवं समयावधि पर निर्भर है। इस बात में कोई शक नहीं है कि यदि रोगी कम उम्र का हो और बीमारी की शुरुआत हो रही हो तो ऐसी अवस्था में योग का लाभ सर्वाधिक होता है।

कई बार जब योगाभ्यास का परिणाम आने में समय लगता है, तब औषधियों से रोग को नियंत्रित रखना पड़ता है और जैसे-जैसे योग का प्रभाव बढ़ता जाता है, वैसे-वैसे दवाओं की मात्रा कम करके उन्हें बंद कर दिया जाता है।

हालाँकि योग एवं औषधियाँ रोग को नियंत्रित करने में एक-दूसरे के संपूरक होते हैं, फिर भी पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति योग ही ला सकता है, क्योंकि योग सिर्फ क्रियाओं का अभ्यास नहीं है, वरन एक संपूर्ण जीवन शैली है। योग हमें यह शिक्षा देता है कि अब तक हम एक गलत जीवन शैली एवं विचारधारा में जी रहे थे, जिससे शरीर के प्राकृतिक नियमों का उल्लंघन हो रहा था, इसीलिए उसका संतुलन बिगड़ गया। यदि हमें संतुलित, स्वस्थ एवं आनंदमय जीवन जीना है तो हमें अपने आपको सुधारना होगा। अक्सर हम लोग आम जीवन में रोगों के लिए दवाई भी खाते रहते हैं और स्वास्थ्य के मूल नियमों का उल्लंघन भी करते रहते हैं, फलतः रोग की जड़ें वहीं रहती हैं, सिर्फ लक्षण दबे रहते हैं। अतः केवल औषधियों से पूर्ण स्वास्थ्य कभी प्राप्त नहीं किया जा सकता। प्राकृतिक नियमों के अनुरूप उचित जीवन शैली ही स्वास्थ्य का मूल मंत्र है।

योग में रोग एवं स्वास्थ्य को पूर्णतः भिन्न एवं क्रांतिकारी दृष्टिकोण से देखा गया है। भारतीय चिंतन धारा में रोग को शत्रु नहीं, बल्कि मित्र माना गया है, जो हमें आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान करता है। योग सिखाता है कि हमें अपनी बीमारियों को आध्यात्मिक विकास क्रम में एक छलाँग लगाने के लिए उपयोग करना चाहिए।

यह प्रकृति बीमारी के माध्यम से बार-बार हमें सचेत करने का प्रयास करती है कि योग द्वारा चेतना का विकास ही स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। यौगिक प्रक्रिया से पुनर्संतुलन, अंतर्दृष्टि एवं इन प्राकृतिक नियमों की समझ आती है, जो हमारे चारों ओर कार्यरत है तथा हमें नियंत्रित करती है।

यदि हम आधुनिक परिभाषाओं के परिप्रेक्ष्य में भी देखें तो स्वास्थ्य को एक बहुआयामी अवस्था के रूप में

बताया गया है। शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक सभी स्तरों पर संतुलन ही स्वास्थ्य है। इनमें शारीरिक स्तर का इलाज मात्र एक चौथाई इलाज है। इसी तरह बीमारी की रोकथाम, शारीरिक क्षमता में वृद्धि एवं समुचित इलाज-इन तीनों विधियों से शारीरिक व्याधियाँ नियंत्रित की जा सकती हैं, परंतु प्रमुखत: लाक्षणिक इलाज पर केंद्रित रहना एक तिहाई इलाज है। अधिकांश संभावनाओं का अन्वेषण अभी भी अपेक्षित जान पड़ता है। इस प्रकार स्पष्टत: समकालीन प्रचलित चिकित्सा प्रणालियाँ अधूरी हैं।

योग इस स्थिति में एक संपूर्णता का विकल्प लेकर प्रस्तुत होता है। यौगिक विचारधारा सभी पक्षों को उचित पहल देती है। शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आध्यात्मिक-सभी पक्ष अन्योन्याश्रित रूप से परस्पर संबद्ध हैं।

जिस प्रकार शारीरिक तौर पर स्वस्थ रहने के लिए मानसिक स्वास्थ्य आवश्यक है, उसी प्रकार आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहने का प्रयास इन तीनों स्तरों को स्वत: उत्कृष्ट स्वास्थ्य की अवस्था में बनाए रखता है। यह भी ध्यान रखना है कि बीमार पड़ने पर ही इन प्रयासों को प्रारंभ न किया जाए, वरन स्वास्थ्य को संपूर्णता प्रदान करने तथा स्वाभाविक अवस्था को बनाए रखने हेतु रोकथाम स्वत: संभव हो।

हमें योगाध्यास का लाभ केवल स्थूल साफ-सफाई से नहीं, वरन विचारों के सूक्ष्म वातावरण में परिवर्तन के रूप में प्राप्त करना है। शारीरिक कार्य प्रणालियों में संतुलन, भावनाओं, विचारों एवं व्यवहारों में संतुलन, रचनात्मक प्रतिभाओं का जागरण, समाज व वातावरण में शुद्धि आदि द्वारा। यदि विसंगतियाँ पर्याप्त मात्रा में हैं तो जाने-अनजाने हम भी उन तरंगों को संस्कार रूप में आत्मसात करने से बच नहीं सकते।

यौगिक उपचार के सर्वाधिक महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है - आश्रय जीवन। जो व्यक्ति वास्तव में सकारात्मक शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का आकांक्षी है एवं उन मूल कारणों को खोजना चाहता है, जो जीवनचर्या एवं विचारधारा की गड़बड़ी से रोग उत्पन्न करते हैं, उन्हें आश्रम में रहकर थोड़े समय में ही यह सारी जानकारियाँ मिल सकती हैं, जिससे नई जीवन शैली एवं योग के साथ उसका उन्मूलन भी शीघ्रता से संभव हो सकेगा।

कोई भी चिकित्सा आश्रम के शुद्ध एवं सकारात्मक वातावरण में, प्राण एवं जीवन शक्ति के आवेश में तथा प्रसन्नचित ओजस्वी साथियों के बीच शीघ्र फलदाई होती है। ऐसे वातावरण में योग चिकित्सा के सभी औपचारिक तथा अनौपचारिक पहलुओं का लाभ उचित माध्यम से मिलता है। आश्रम में प्राणयाम, शोधन प्रक्रियाएँ, दयान एवं योगिन्द्रियाँ इत्यादि की औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ सत्संग, आश्रम कार्य के रूप में हल्का-फुल्का कर्मयोग, भजन-कीर्तन के रूप में भक्ति योग, मंत्र जप इत्यादि का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। आश्रम का स्वाभाविक एवं तनावरहित वातावरण शारीरिक, भावात्मक एवं मानसिक पुनरुत्थान के लिए आदर्श स्थान है।

योग चिकित्सा के अभ्यासों से जब शरीर में परिवर्तन महसूस होने लगता है और हमारा विश्वास जमने लगता है तो हम पूरी प्रक्रिया का अनुभव कर सकते हैं कि हमारे साथ क्या हुआ था। रोगों से पूरी तरह से निदान के उपरांत अगर योगाभ्यास बंद भी कर दिया जाए तो भी सुखद अनुभूति एवं स्मृति के माध्यम से हम स्पष्ट अनुभव कर सकते हैं कि योग सिर्फ एक रोगनाशक प्रक्रिया ही नहीं, वरन स्वस्थ जीवन जीने एवं आध्यात्मिक विकास का एक सशक्त एवं महत्वपूर्ण माध्यम है।

इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत के साथ वन वर्ल्ड, वन हेल्थ रखी गई है। इस दिवस को मात्र एक उत्सव के रूप में न मनाकर हमें रोज योगाभ्यास करना चाहिए, जिससे तन-मन को रोगमुक्त और ऊर्जावान रखा जा सके। अंत में मैं यही कहना चाहूँगा-

योग से करो दोस्ती।
रोग से पाओ मुक्ति।। ❑

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

वृन्दावन लाल वर्मा के सामाजिक उपन्यास : परिवेश एवं समस्याएँ

डॉ. शशिकला

एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग
वसन्त कन्या महाविद्यालय
कमच्छा, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
मो. 7376558390
ई-मेल : shashi.bhu10@gmail.com

शोध सार :

मनुष्य का समाज एवं वातावरण से घनिष्ठ संबंध है। वातावरण का प्रभाव प्रत्येक मनुष्य पर पड़ना स्वाभाविक है, उस पर तो और अधिक जो सर्जक व्यक्तित्व लिए हुए हो। साहित्य को मनुष्य की संवेदनाओं का कोश कहा जा सकता है, क्योंकि इसमें मनुष्य की समस्त चेष्टाएँ समाहित रहती हैं। हिंदी में गद्य साहित्य का आरंभ आधुनिक काल से होता है। प्रारंभिक उपन्यास जादुई, तिलिस्मी एवं परियों की कहानियों पर केंद्रित था, जो कल्पना द्वारा पाठकों का मनोरंजन करता था। प्रेमचंद के आगमन ने हिंदी उपन्यास साहित्य में यथार्थ को आकार दिया और उन्हें उपन्यास सम्राट की उपाधि से विभूषित किया गया। प्रेमचंद के समकक्ष ही उपन्यास साहित्य में वृन्दावन लाल वर्मा का भी पदार्पण हुआ। उन्होंने भी प्रेमचंद के समान सामंती व्यवस्था, सांप्रदायिकता, गरीबी, जाति व्यवस्था और समाज में प्रचलित सामाजिक और आर्थिक स्थितियों के खिलाफ आवाज उठाई। साथ ही उन्होंने दहेज प्रथा, विधवा विवाह, कृषकों की समस्या और महिलाओं के खिलाफ हो रहे भेदभाव के खिलाफ भी लिखा। वैसे तो हिंदी कथा साहित्य में वृन्दावन वर्मा के आगमन से पूर्व ही समाज में फैली तमाम विसंगतियों को दूर करने के लिए भारतवर्ष में चतुर्दिक समाज सुधारकों द्वारा आंदोलन छिड़ चुका था। वर्मा जी एक जागरूक चिंतक एवं मनीषी थे, उनके सामने वर्तमान सामाजिक विद्रूपताएँ एवं समस्याएँ थीं, जिसने उन्हें उपन्यास लेखन के लिए प्रेरित किया।

बीज शब्द :

पूँजीवादी व्यवस्था, धर्म परिवर्तन, विधवा विवाह, सहकारी समिति, दहेज प्रथा, पूँजीपति, स्त्री स्वातंत्र्य आदि।

मूल आलेख :

तत्कालीन युग में सामाजिक एवं धार्मिक बंधन इतने जटिल हो गए थे कि जीवन के विकास की गति ही रुक गई थी। मनुष्य घुट-घुट कर जीवन

जीने के लिए विवश था। पूँजीवादी व्यवस्था का बोलबाला था। ऐसी स्थिति में युगीन लेखकों ने विभिन्न समस्याओं को अपनी रचना के केंद्र में रखकर सामान्य जनता को प्रेरित करने का कार्य किया। वर्मा जी ने भी अपने चारों ओर के परिवेश से प्रेरणा ली और विभिन्न सामाजिक समस्याओं को उद्घाटित किया। उन्होंने कुल ग्यारह सामाजिक उपन्यास लिखे, जिनमें उन्होंने छुआछूत, ऊँच-नीच, विधवा-विवाह एवं धर्म परिवर्तन इत्यादि अनेक समस्याओं का सजीव एवं यथार्थ चित्रण किया है। वर्मा जी का प्रथम सामाजिक उपन्यास 'लगन' 1927 में लिखा गया था। इस उपन्यास की समस्या मुख्यत: दहेज की समस्या है। बजटा गाँव के शिबुमाते के पुत्र देवसिंह का विवाह बरौल गाँव के बादल चौधरी की कन्या रामा से हो जाता है, किंतु दहेज में सौ भैंसें न मिलने के कारण वे वधू की विदा नहीं कराते हैं और कहते हैं-**'बहू को विदा न कराएँगे। भैया का दूसरा विवाह होगा। उसका अंग-अंग ब्याहा जा सकता है। लड़कियों की संसार में कोई टूट नहीं है।'**[1] तत्कालीन समाज में लड़कियों के पुनर्विवाह को हेय दृष्टि से देखा जाता था, जबकि पुरुष को यह अधिकार था कि वह एक नहीं, दो-चार विवाह भी कर सकता था। तभी तो देव सिंह के अंग-अंग ब्याहे जाने की बात की जाती है, किंतु रामा और देव सिंह दोनों दूसरा विवाह नहीं करना चाहते। भारतीय नारी को एक विवाह में आस्था एवं पति परायणता का गुण संस्कार में मिलता है, इसलिए पन्नालाल से विवाह होने की बात पर रामा कहती है-**'बस ये बातें हमसे न कहा करो। जो भाग्य में बदा होगा, सो तो होगा ही, पर अभी से कुछ न बको।'**[2] वास्तव में रामा की पति-भक्ति एवं उसकी पवित्रता तथा देव सिंह के प्रयासों के फलस्वरूप दोनों का मिलन होता है।

1927 में ही लिखा गया 'संगम' उपन्यास भी समस्या प्रधान उपन्यास है। इसमें लेखक ने जाति बंधन की समस्या, संपत्ति पर अधिकार की समस्या एवं डाकुओं की समस्या को उद्घाटित किया है। धनीराम जाति का नाई है और वह अनाथ ब्राह्मण कन्या का पालन-पोषण



करता है। नाई के यहाँ पली होने के कारण उसका विवाह ब्राह्मण कुल में नहीं हो पा रहा था, किंतु दहेज का लोभी भिखारीलाल अपने बेटे का विवाह कर देता है। दूसरी तरफ रामचरण डाकू सुखलाल और अहीरिन जाति से जन्मा पुत्र है। धर्म के ठेकेदार सुखलाल का जाति बहिष्कार करते हैं, किंतु सुखलाल विधवा गंगा से रामचरण का विवाह कराकर स्पष्ट कहता है-**'मैं अब बिरादरी की या किसी की भी रत्तीभर परवाह नहीं करता।'**[3] दूसरी समस्या संपत्ति में अधिकार की है। सुखलाल की बहन को उसकी मृत्यु के पश्चात अदालत संपत्ति से बेदखल कर देती है, तब वर्मा जी कहलवाते हैं-**'हमारे हिंदू शास्त्र। अनाथ विधवा बहिन को अपने प्यारे मृत भाई के मकान की एक छोटी कोठरी में रहने तक का हक नहीं दे और तेरहवीं पीढ़ी के लुच्चे लफंगे कुटुंबी को सब जायदाद हड़प कर जाने का विधिवत अधिकार है।'**[4] वर्मा जी शास्त्र की बातों को उतना महत्व नहीं देते, क्योंकि उनके अनुसार एक पिता

या भाई की संपत्ति में बहन एवं बेटी को भी बराबर का अधिकार है।

इस उपन्यास में वर्मा जी ने डाकुओं की समस्या का भी समाधान कराया है। अस्पताल में मृत्यु से पहले डाकू लालमन जब थोड़ी देर के लिए चैतन्य अवस्था में आता है तो वह डाकू बनने के कारण एवं समस्या पर कहता है-'**साधारण परिश्रम से बहुत-सी संपत्ति मिलती न देखकर मैंने वह काम शुरू किया था। बहुत डाके डाले और बहुतेरों को मारा, जिसका न मालूम मुझे क्या दंड मिलेगा, परंतु मैंने बूढ़ों एवं स्त्रियों के ऊपर कभी हाथ नहीं डाला।**'[5] लालमन एक डाकू था, लेकिन उसके हृदय में मानवता की भावना भरी हुई थी।

'प्रत्यागत' उपन्यास में वर्मा जी ने मलाबार में बलपूर्वक हिंदू को मुसलमान बनाए जाने की समस्या को चित्रित किया है। बाँदा के धर्मभीरू ज्योतिषी पं. टीकाराम का इकलौता बेटा मंगलदास धनोपार्जन के लिए बंबई (पूना) जाता है, जहाँ उसकी भेंट मुसलमान रहमतुल्ला से होती है और वह उसके साथ मलाबार पहुँच जाता है। वहाँ एक मस्जिद में नमाज पढ़ने के समय बलपूर्वक उसे मुसलमान बना दिया जाता है। यहाँ पं. टीकाराम स्वयं टिप्पणी देते हुए कहते हैं-'**विधर्मी को धर्म में वापस कभी नहीं लिया जा सकता।**'[6] आर्य समाज के आगमन से धीरे-धीरे लोगों की विचारधारा में परिवर्तन आया, इसलिए इस उपन्यास में धार्मिक अंधविश्वास और उन पर समाज के ठेकेदारों के आपसी द्वंद्व का सुंदर और स्वाभाविक चित्रण किया गया है। साथ ही मंगलदास को पुनः हिंदू धर्म में परिवर्तित कराकर हिंदुओं में उच्च जाति के व्यक्तियों के जातीय अभिमान और दुराग्रह को भी प्रकट किया है।

'कुंडली चक्र' उपन्यास में असफल प्रेम एवं कुंडली मिलाकर विवाह कराए जाने के दुष्परिणाम और जमींदारों द्वारा किसानों पर अत्याचार एवं शोषण की समस्या को दर्शाया गया है। रतन का विवाह कुंडली मिलाकर किया जाता है, फिर भी वह खुश नहीं। इस उपन्यास की कथा सामग्री तत्कालीन समाज से एकत्रित की गई है। कुंडली चक्र की भूमिका में वे लिखते हैं-'**अजित और पूना के संबंध की घटनाएँ, जो इस उपन्यास में लिखी गई हैं, सच्ची हैं, परंतु थोड़े से हेर-फेर के साथ लिखी गई हैं।**'[7] उपन्यास में तत्कालीन समाज में जमींदारों का वर्चस्व और अत्याचार इतना अधिक था कि उनका विरोध करने का साहस किसी में भी नहीं था, किंतु इस उपन्यास का पात्र अजित सशक्त एवं कर्मठ पात्र है। उपन्यास की स्त्री पात्र पूना पर जो अत्याचार होता है, उस संदर्भ में वह सोचता है-'**अभी तक दरिद्र किसानों के ऊपर वार होता था, अब दीन स्त्रियों की बारी आई है। जो कुछ बन सकेगा, अवश्य करूँगा।**'[8] अर्थात वर्मा जी स्त्री शोषण के भी विरोधी थे।

अकालग्रस्त किसानों एवं असफल प्रेम की समस्या को 'प्रेम की भेंट' उपन्यास में दर्शाया गया है। इसमें झाँसी के पास तालबेहट नामक ग्राम के कम्मोद किसान और पढ़े-लिखे युवक धीरज की कथा है। वर्षा न होने के कारण किसान झाँसी छोड़कर भोपाल रियासत जा रहे थे, किंतु धीरज जो कम्मोद का रिश्तेदार था, वह खेती में डटकर मेहनत करता है-'**धीरज पढ़ा-लिखा युवक है। इसके उपरांत भी कृषि को प्राथमिकता देता है। अकाल के प्रकोप में उसे अपना गाँव छोड़ना पड़ता है। अपने पैतृक गृह से उसे इतना मोह है कि वह इस अवस्था में भी मालवा न जाकर केवल तालबेहट जाता है।**'[9] इस उपन्यास में धीरज एवं सरस्वती के असफल प्रेम की, नंदन का सरस्वती से एक तरफा प्रेम की, उजियारी का धीरज के प्रति एक पक्षीय प्रेम एवं उसकी असफलता को उजागर किया गया है। धीरज एवं सरस्वती की प्रेमकथा के विषय में वर्मा जी लिखते हैं कि - '**छतरपुर रियासत के एक गाँव में एक युवक का गाँव की सुंदर लड़की से प्रेम हो जाता है। लड़की के माँ-बाप को इस प्रणय संबंध की सूचना मिल जाती है। वे लड़का एवं लड़की को एक-दूसरे से मिलने नहीं देते हैं। लड़की मर जाती है, जिसकी सूचना लड़के को उस घर की टहलनी से मिलती है। वह लड़की की ओढ़नी को चीरकर अपने सिर से बाँध लेता है और बाद में वह पागल हो जाता है।**'[10]

'कभी न कभी' उपन्यास की मुख्य समस्या मजदूरों के सामाजिक एवं आर्थिक शोषण की समस्या है। मजदूरों का शोषण करने वाले केवल पूँजीपति ही नहीं, अपितु निम्न वर्ग का मेट भी उनका शोषण करता है और उनकी इज्जत से खेलने की कोशिश करता है। वर्मा जी ने इस उपन्यास में मजदूरों का संघर्ष एवं उनकी गरीबी का यथार्थ चित्रण किया है-'झाँसी जिले के चिरगाँव-रामनगर के मध्य 1941-42 में सड़क एवं पुल बनाने वाले मजदूरों एवं उनके शोषण का यथार्थ चित्रण गाथा है।' [11] समाजवादी दृष्टि एवं समाजवादी मूल्यों में वर्मा जी की आस्था है, मजदूरों के संघर्ष में उनका विश्वास है। वह देवजू और लछमन में देवजू को अधिक यथार्थवादी मानते हैं। मेट के अत्याचार पर देवजू उसका विरोध करता है और कहता है-**'बिना लड़ाई के संसार में काम नहीं चलता। जितना दबो उतना ही मरो, जितना दाबो उतना जिओ।'** [12] लीला का पिता हीरालाल भी यथार्थ में जीने वाला साधारण-सा मजदूर है, किंतु वह अधिक दृढ़ चरित्र वाला नहीं है, अपितु लीला दृढ़ एवं स्वाभिमानी नारी है, वह प्रेम करती है पर यह भी कहती है कि -**'औरतें मोम की बनी नहीं होतीं।'** [13] वस्तुत: यह दिखाई देता है कि वर्मा जी ने इसमें मजदूरों की समस्या के साथ-साथ स्त्री स्वातंत्र्य को भी दर्शाया है।

भारत की स्वतंत्रता के पश्चात 1948 में वर्मा जी का उपन्यास 'अचल मेरा कोई' प्रकाशित होता है, जिसमें उन्होंने स्त्री स्वातंत्र्य की समस्या को उद्घाटित किया है। साथ ही पति का स्वामित्व, विधवा पुनर्विवाह, पारिवारिक कलह, पुलिस अत्याचार इत्यादि समस्याओं को भी उजागर किया गया है। इसमें स्त्री स्वतंत्रता की बात बार-बार उठती है। देश की स्वतंत्रता में भी स्त्री स्वातंत्र्य को महत्व देते हुए वर्मा जी लिखते हैं-**'ठीक अर्थ में इस देश को स्वाधीन उस दिन कहा जाएगा, जिस दिन यहाँ की स्त्रियाँ स्वतंत्र हो जाएँगी।'** [14] स्त्री की पूर्ण स्वतंत्रता के लिए सबसे पहले लेखक ने उसे आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने की बात की है, किंतु आज की स्त्री आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के बाद भी मानसिक गुलामी से मुक्त नहीं हो पाई है। साथ ही वर्मा जी ने इसमें गांधीवादी युग के अहिंसात्मक एवं सशस्त्र प्रतिरोध की समस्या को भी उठाया है। उपन्यास का पात्र अचल कांग्रेस और महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए अहिंसात्मक आंदोलन से प्रभावित है, इसके लिए उसे जेल भी जाना पड़ता है। पुलिस अधिकारी आम आदमी का शोषण एवं उत्पीड़न करते हैं। इनके उत्पीड़न के प्रतिरोध के लिए आम आदमी जागरूक हो गया है और हथियार भी रखने लगा है, पंचम कहता है-**'स्वराज्य के लिए बहुत सामान इकट्ठा कर लिया है। इशारा पाते ही बस।'** [15] इस उपन्यास की संरचना भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर की गई है।

'सोना' उपन्यास लोक कथा पर आधारित है। इसमें असफल प्रेम एवं अनमेल विवाह की समस्या को दर्शाया गया है। अनमेल विवाह का संबंध निश्चित रूप से दहेज प्रथा से था। प्रेमचंद ने भी अनमेल विवाह और दहेज प्रथा की समस्या को अपने उपन्यासों में वर्णित किया है। आर्थिक विषमताओं से जूझता सोना का पिता उसका विवाह बूढ़े, विधुर एवं लँगड़े राजा से कर देता है। सोना, राजा से उबकर आभूषणों की तरफ ध्यान लगाती है और इधर सोना का ध्यान आभूषणों की तरफ से हटाने के लिए राजा मंदिर का निर्माण कराता है। इसके साथ ही लेखक ने इसमें अंधविश्वास, निर्धनता इत्यादि की समस्या को भी उठाया है। उपन्यास के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि दैवीय अनुकंपा के बिना, श्रम के बल पर जीवन की जटिलताओं को सुगम एवं सुखी बनाया जा सकता है-**'मेहनत, सफाई और कला की उपासना से ही सच्चे जीवन का बड़प्पन मिलता है।'** [16]

सहकारी आंदोलन पर 1952 में लिखा गया 'अमरबेल' उपन्यास सहकारिता के साथ-साथ कई अन्य समस्याओं को उजागर करता है, जिसमें पूँजीवाद, समाजवाद, भारत का राष्ट्रीय आंदोलन, लोकतंत्र और व्यक्तिगत स्वार्थ जैसे व्यापक जीवन की समस्याएँ उठाई गई हैं। वर्मा जी ने सहकारिता को अध्यात्मवाद और व्यक्तिवाद से जोड़ने वाली एक मजबूत कड़ी माना है। सहकारिता में व्यक्ति अपने स्वार्थ को त्यागकर संपूर्ण समाज को स्वीकार करता है और यही व्यक्ति का अध्यात्म अथवा आदर्श है। वे डॉ. सनेही से कहलवाते

हैं–**'अध्यात्म के लिए विज्ञान की सहायता आवश्यक है।'**[17] अर्थात अध्यात्म जीवन का उद्देश्य है और उसकी सहायता के लिए विज्ञान आवश्यक है। देशराज और बनमाली दोनों सहकारी कृषि के विरोधी हैं। स्वाधीनता के पहले देशराज और उसके कारिंदे किसानों का शोषण करते थे, किंतु जमींदारी उन्मूलन के पश्चात सहकारी खेती द्वारा गाँवों के विकास के लिए कलक्टर के पास एक पत्र आता है कि–**'बढ़ती हुई जनसंख्या, अन्न संकट और व्यापक बेकारी की समस्याओं का सामना करने के लिए सहकारी कृषि और सहकारी कुटीर उद्योगों को विकसित और उन्नत करना बहुत जरूरी है।'**[18] साथ ही उपन्यास में अहिंसा द्वारा हिंसा पर विजय प्राप्त करना और अहिंसात्मक आंदोलन को ही सामाजिक उत्थान का श्रेष्ठ माध्यम बताया गया है।

आगे वर्मा जी ने सरकारी अधिकारियों के लक्षण बताते हुए करारा व्यंग्य किया है–**'आतंक जमाना, भत्ता सीधा करना और संस्थाओं पर अमरबेल की तरह छाये रहना ही इनका काम है।'**[19] डॉ. सनेही अहिंसा के पुजारी एवं गांधी जी के विचारों से प्रभावित इस उपन्यास के सशक्त पात्र हैं, उन्होंने टहल एवं हरको का विवाह कराकर समाज में विधवा विवाह की समस्या का समाधान कराया है।

जमींदारी प्रथा उन्मूलन के पश्चात जमींदारों की दयनीय आर्थिक स्थिति का चित्रण 'आहत' उपन्यास में किया गया है। जमींदारी प्रथा समाप्त होने बाद भी अंगद अपने को जमींदार मानता है। वह दमरू किसान पर अत्याचार करता है। दमरू सीधा–सादा ईमानदार किसान है। वह अंगद की बहुत–सी अन्यायपूर्ण बातों को मान लेता है फिर भी उसे अपनी अस्मिता का बोध है। अंगद का झूठा दंभ अपने को जमींदार ही मानता है, वह कहता है–**'रईसों के पुरखों ने रियासतें और हमारे पुरखों ने रक्त की नदियाँ बहाकर कमाई हैं। ऐसे ही नहीं मिट सकतीं।'**[20] तब दमरू गोदान की होरी की तरह अंगद की हाँ में हाँ मिलाता है और सोचता है कि भगवान की विचित्र माया है। वर्मा जी चूँकि दहेज प्रथा के घोर विरोधी थे, इसलिए विवाह के मंडप में जब छाया का होने वाला पति दहेज के लिए विवाह करने से मना कर देता है, तब छाया ललकारती है–**'है कोई ऐसा साहसी जो मेरे साथ ब्याह करने के लिए तैयार हो।'**[21] इस अवसर पर वर्मा जी ने बिना दहेज के दीप और छाया का विवाह कराकर दहेज जैसी समस्या का भी समाधान कराया है।

'उदय किरण' उपन्यास भी सहकारिता के स्वरूप एवं उससे संबंधित समस्याओं का उद्घाटन करता है। इसमें कृषि के साधनों की कमी, पारस्परिक वैमनस्य, निर्धनता, अशिक्षा, डाकुओं की समस्या, सरकारी कर्मचारियों का शोषण इत्यादि समस्याओं का चित्रण एवं उसका समाधान प्रस्तुत किया गया है। इसमें सरकारी शोषण, गाँव की गरीबी, खेती की समस्याएँ इत्यादि कथा पर मोले एवं छोटे महतो से जुड़ी हुई है। मगन मजदूरों के शोषण का विरोध करता है और कहता है–**'बहुत दिन तो रहे मजदूर अधमरे, अब भगवान उनके भी दिन फेरने वाले हैं ।'**[22] साथ ही इसमें स्त्री–पुरुष समता, नारी शक्ति का उत्थान, शिक्षा का प्रसार इत्यादि समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत किया गया है। लेखक ने अनादिकाल से पीड़ित, शोषित, दलित गरीब किसानों को सहकारी खेती के द्वारा अपनी दयनीय आर्थिक स्थिति को उन्नत बनाने की प्रेरणा दी है। सहकारिता वर्मा जी के व्यक्तिगत जीवन का अनुभव है, उन्होंने लिखा है–**'सबसे पहली सहकारी खेती समिति हम लोगों के प्रयत्न से झाँसी जिले में ही स्थापित हुई।'**[23]

निष्कर्ष :

वृन्दावन लाल वर्मा ने सभी उपन्यासों की रचना उद्देश्यपूर्ण की है। तत्कालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों का मनोयोगपूर्वक चित्रण किया है, साथ ही उसका समाधान भी कराया है। प्रेमचंद के समान अपने सहज एवं सरस शैली से कथा में सरसता बनाए रखते हैं। वर्मा जी लोक हृदय की बात करते हैं, जिससे वह पाठकों को भी आत्मीयता से बाँधे रखते हैं। उनमें स्वयं समाज के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा था। वातावरण में फैली विभिन्न घटनाओं के जाल से ऐसी घटनाएँ निकाल लेते हैं, जो पाठकों को प्रभावित किए बिना नहीं रहतीं और पाठक भी उसे अनंतकाल तक भूल नहीं पाता है। ❑

संदर्भ सूत्र :

1. लगन-वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, भाग-1 सं. डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिंदी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, पृष्ठ 225
2. वही, पृष्ठ 236
3. संगम-वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, भाग-1 सं. डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिंदी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, पृष्ठ 370
4. वही, पृष्ठ 361
5. वही, पृष्ठ 364-65
6. प्रत्यागत-वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, भाग-1 सं. डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिंदी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, पृष्ठ 391
7. कुण्डली चक्र-वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, भाग-1 सं. डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिंदी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, पृष्ठ 900
8. वही, पृष्ठ 540
9. वृन्दावनलाल वर्मा के उपन्यासों का सांस्कृतिक अध्ययन (शोध प्रबंध)-डॉ. उषा भटनागर, पृष्ठ 118
10. प्रेम की भेंट परिचय-वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, भाग-1 सं. डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिंदी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, पृष्ठ 900
11. कभी न कभी परिचय -वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, भाग-2 सं. डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिंदी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, पृष्ठ 1
12. कभी न कभी-वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, भाग-2 सं. डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिंदी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, पृष्ठ 107
13. वही, पृष्ठ 108
14. अचल मेरा कोई-वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, भाग-2 सं. डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिंदी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, पृष्ठ 354
15. वही, पृष्ठ 389
16. वृन्दावनलाल वर्मा-डॉ. प्रभाकर माचवे, पृष्ठ 60
17. अमरबेल-वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, भाग-4 सं. डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिंदी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, पृष्ठ 412
18. वही, पृष्ठ 436
19. वही, पृष्ठ 493
20. आहत-वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, भाग-5 सं. डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिंदी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, पृष्ठ 317
21. वही, पृष्ठ 424
22. उदय किरण-वृन्दावनलाल वर्मा समग्र, भाग-5 सं. डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिंदी प्रचारक पब्लिकेशन प्रा. लि., पिशाच मोचन, वाराणसी, पृष्ठ 509
23. वही, पृष्ठ 1003

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

जनजातीय विमर्श के आईने में 'रूपतिल्ली की कथा'

प्रो. यशवंत सिंह

प्रोफेसर, हिंदी विभाग
मणिपुर विश्वविद्यालय, काँचीपुर
इंफाल-795003 (मणिपुर)
मो. 9612169840
ई-मेल : dryashwantsingh66@gmail.com

भारतीय समाज व संस्कृति की विशिष्टता अपने-आप में अनूठी है। इसका मुख्य कारण यहाँ के निवासियों की विभिन्न सांस्कृतिक अस्मिताएँ हैं। जो अपने में एक ओर जहाँ अक्षुण्य हैं, वहीं दूसरी ओर इनकी एकात्मता भारतीय अस्मिता का पर्याय है। इसीलिए भारत को 'अनेकता में एकता' का देश कहा जाता है। इसकी सामाजिक संरचना में विभिन्न प्रजातीय तत्त्वों का सम्मिश्रण कभी-कभी इसे विविध प्रजातियों का अजायबघर भी बना देता है। यहाँ के वन-प्रांतरों तथा पर्वतीय-क्षेत्रों में निवास करने वाले अनेक मानव समुदाय सभ्यता के विकासक्रम में विभिन्न कारणोंवश पृथक रह गये, फलत: आधुनिक सभ्यता के विकास का प्रकाश उन तक नहीं पहुँच पाया, वे विकास की दृष्टि से प्रारम्भिक सोपानों पर ही रह गये। इन्हीं मानव समुदायों को सभ्य-समाज के लोगों ने असभ्य मानकर इनको आदिवासी, जनजाति, आदिमजाति, वन्य-जाति, वनवासी, गिरिवासी, मूलवासी इत्यादि विविध नामों से अभिहित किया। इनमें से प्रत्येक मानव समुदाय का अपना विशिष्ट नाम, पृथक निवास-स्थान एवं अनूठी सांस्कृतिक परम्परा व पहचान है। लेकिन विकास की दृष्टि से पिछड़े होने तथा बाहरी समाज से मिलने-जुलने में झिझक होने के कारण इतिहास की बिडम्बना ने इन मानव समुदायों को मुख्य समाज से अलग-थलग ही रखा। उन्हें मुख्य समाज के लोगों से आत्मसात होने का मौका ही नहीं मिला। अत: वे मुख्य समाज के लोगों के लिए अजूबे की तरह रहे, जबकि संयुक्त राष्ट्र संघ ने इन्हें मूलवासी माना जो **'किसी भू-भाग पर प्राचीन काल से रहने वाले मानव समुदाय के वंशज हैं तथा नस्ल एवं संस्कृति के स्तर पर विशिष्टता से अलग-थलग अपने पुरखों की परम्परा एवं रीतिरिवाजों का संरक्षण करते हुए जीवन जीते चले आ रहे हैं और विकसित राष्ट्रीय, सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को वे लोग बाहरी (एलियन) मानते हैं।'**[1]

आधुनिक भारत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि अपने साम्राज्य विस्तार के दौरान अंग्रेजों ने जहाँ-जहाँ जनजातीय क्षेत्रों में प्रवेश किया, वहाँ के निवासियों को भारत के मुख्य समाज से अलगाने हेतु उन्हें नेटिव यानि देशी या ट्राइब यानि आदिवासी की संज्ञा प्रदान की तथा इनके निवास-क्षेत्रों को प्रतिबंधित एवं अलग क्षेत्र घोषित किया।

वहाँ पर ईसाई-मिशनरियों एवं जंगल-ठेकेदारों के अलावा अन्य भारतीय लोगों का प्रवेश वर्जित किया तथा इस तरह की अलगाववादी नीतियों से उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ने नहीं दिया। इसी रणनीति के तहत अंग्रेजों ने पूर्वोत्तर भारत के क्षेत्रों में अपना शासन स्थापित करने के पहले ही ईसाई मिशनरियों को सेवा एवं सुधार-कार्यों के बहाने धर्म-प्रचार में लगा दिया था। श्रीप्रकाश मिश्र के '**रूपतिल्ली की कथा**'[2] उपन्यास की विषयवस्तु मेघालय में बसनेवालीं 'खासी-जयंतिया' जन-जातियों के सांस्कृतिक संक्रमण पर आधारित है। इसका कालखण्ड 18वीं सदी के कुछ अंतिम और 19वीं सदी के कुछ प्रारम्भिक दशकों का है, जब अंग्रेज उन पर नियंत्रण करने के लिए प्रयासरत थे। इस समय ईसाई-मिशनरियाँ जहाँ उन्हें ईसाई बनाने के लिए घुसपैठ कर रहीं थीं, वहीं आसपास का सनातन नेतृत्त्व उन्हें हिंदू बनाने में संलग्न था, लेकिन इन दोनों से विलग यहाँ का खासी व जयंतिया जनमानस अपने परम्परागत धर्म के प्रति निष्ठावान बना रहना चाहता था, अपनी पृथक पहचान को बनाये रखने के लिए प्रयासरत था।

मेघालय का खासी-समाज मातृसत्तात्मक होता है, जहाँ देव-रानी ही प्रमुख शासक व पुजारिन होती हैं। लेकिन वे दरबारी कामों में कम ही हिस्सा लेतीं हैं। उनकी जगह सियेम अर्थात् राजा यह कार्य देखता है, जबकि लिंग्दोह पुजारी के रूप में देव-रानी की जगह कार्य करता है। यहाँ पर राज्य धरा पर देव का प्रतिनिधित्त्व करने वाली संस्था है, जबकि सियेम व देव-रानी आम जनजातियों की तरह जीवनयापन करते हैं। वहीं उपन्यास में तांत्रिक कंद्रा योगी के प्रभाववश जब निजपत के प्यान राजा हिंदू-धर्म को अपना लेते हैं तो कंद्रा योगी भोगखावरा अर्थात् काली देवी के लिए बलि-जीव दबइल सिंह की बलि चढ़ाकर सुंदरी अल्खा-आवरी के साथ ब्रजोली साधना करते हैं। तदुपरांत कंद्रा योगी सियेम को उपदेश देते हुए कहते हैं कि '**हे राजन्! आज से आप देवराज हुए, जैसे मणिपुर, त्रिपुरा, कोंच और बस्तर के राजा हैं।**'[3] यानि साधना के द्वारा कंद्रा योगी सियेम में देवकत्त्व का आरोपण करते हैं तथा उनकी वंश-परम्परा को देवराज इंद्र के पुत्र जयंत से जोड़ देते हैं, जिनका यहाँ की गिरिवाला से संसर्ग हुआ था, परिणामस्वरूप सियेम के पुरखों ने जन्म लिया तथा उनकी वंशावली आगे बढ़ी।

इसी तरह पादरी कारमिंसन दवा के झोले और उपदेश के बस्ते के साथ खासियों के गाँवों में जाकर उन्हें ईसाई-धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करता है। वह उपदेश देता है कि ईश्वर पूरी दुनिया का ईश्वर है। सिर्फ इस धरती का ही नहीं बल्कि जहाँ कहीं भी कुछ है, उसका ईश्वर है। चूँकि खासी लोग इस धरती पर हैं, इसलिए उनका भी ईश्वर है। चूँकि वही एक ईश्वर है, इसलिए किसी दूसरे ईश्वर की बात करना ईशनिन्दा है, ब्लैसफेमी है। वह बाइबिल का सम्बन्ध खासियों से जोड़ते हुए बतलाता है कि '**दाऊद की बारहवीं संतान की संततियाँ कही चली गयी थीं, यहूदियों की बारहवीं शाखा खो गयी थी। हमारे खोजी पुरुषों ने सिद्ध किया है कि वह शाखा यही पूर्वोत्तर की जातियाँ हैं।**'[4] इसी के साथ अंग्रेज रालिंसन उर्फ राली साहब खासी-क्षेत्र के मफलाङ में आकर अपना कारोबार शुरु करता है। वह यहाँ के जंगली उत्पादों का भरपूर दोहन करता है तथा उनको ढाका, कलकत्ता व मुर्शिदाबाद के बाजारों में बेचकर मोटा धन कमाता है। वह खिर्रिम की देव-रानी जयंती रिडम को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उन्हें कुमारी मातृत्त्व प्रदान करता है। खासियों में तब कुमारी मातृत्त्व कोई अजूबी बात न थी। संतानोत्पत्ति के बाद भी विवाह होता था और संतान को जायज माना जाता था, लेकिन यह ललमुँहे अंग्रेज से संतानोत्पत्ति की बात थी, इसे खासी समाज में उनकी पैठ को मान्यता मिल जाएगी। तब तमाम अंग्रेज खसिया लड़कियों से विवाह करेंगे और उनकी संतानें खासिया सम्पत्ति की मालकिन बन जायेंगी। अंततः राली ने खिर्रिम पहुँचकर जयंती से शादी की तथा उसे लेकर मफलाङ आ गया, जिससे जॉन नामक एक पुत्र पैदा हुआ। जयंती के पुत्र के माध्यम से राली ने खिर्रिम के सियेम पद की दावेदारी भी कर दी। इस तरह बाहरी तत्त्वों की घुसपैठ से उत्पन्न सांस्कृतिक अतिक्रमण के दौर में मेघालय के खासी-जयंतिया जनजाति के लोग दोहरी मार झेलने को बाध्य थे। एक तरफ उन्हें

अपने परम्परागत धर्म को त्यागने के लिए प्रलोभित किया जा रहा था तो दूसरी तरफ जल-जगंल-जमीन पर उनके पैतृक अधिकारों पर चोट की जा रही थी। दरअसल सन् 1757 के प्लासी-युद्ध में बंगाल पर विजय के बाद अंग्रेजों का राज्य सिलहट तक फैल गया था। अब उनकी नजरें नजदीक के जयंतिया पहाड़ पर स्थित जयंतिया राज्य पर थीं। सन् 1774 में उन्होंने जयंतिया पहाड़ पर आक्रमण किया, जिसकी परिणति एक संधि के रूप में हुई। असम के अहोम राजा के बुलावे पर वर्मीज आक्रमणकारियों को खदेड़ने के लिए बंगाल से अंग्रेजी सेना सन् 1824 में जयंतिया पहाड़ के रास्ते ही असम गयी थी। अत- अंग्रेजों की आँखें खासी-जयंतिया पहाड़ों पर गढ़ी हुई थीं। उनका इन पहाड़ों के दक्षिण में सिलहट तथा कछार की बराक घाटी तक और उधर उत्तर में ब्रह्मपुत्र घाटी तक आधिपत्य हो चुका था। इन दोनों जगह की सेना की आवाजाही के लिए ये पहाड़ बाधक थे। इन पर नियंत्रण करने का दूसरा कारण यह भी था इन पहाड़ों के इस सारे इलाके को वे 'न्यू इंग्लैण्ड कॉलोनी' के रूप में बदलना चाहते थे। उ तिरोत सिंह के नेतृत्व में खासी-संघर्ष इसी का परिणाम था।

खासी हिल्स में पादरी और रालिन्सन ने अच्छी पृष्ठमूमि तैयार कर रखी थी। उसका जायजा लेने के लिए सरकार कंपनी बहादुर ने गोरखपुर के तत्कालीन कलेक्टर डेविट स्काट को पूर्वी 'फ्रंटियर के लिए गवर्नर जनरल का एजेंट बनाकर भेजा, जिसने कालांग नदी के किनारे पर स्थित राहा पहुँचकर गवर्नर जनरल को इस इलाके को अपने राज में मिलाने से पहले इस क्षेत्र का विस्तृत सर्वे कराने की सलाह दी। गोवालपाड़ा के फौजी घोड़ों के डॉक्टर बुचानन को यह दायित्त्व मिला, जिसको जनजातीय लोगों ने बाहरी हस्तक्षेप माना तथा मोती डिंग्दोह के उकसावे पर इसका मुखर विरोध किया, सर्वे-कार्य में बाधा डाली। अंतत: लोगों के पावों तले पिचलकर बुचानन के प्राण पखेरू उड़े। इसके लिए मोती को जिम्मेवार माना गया तथा उसे पकड़कर नंगे सिर, नंगे पाव अदालत में पेश किया गया, लेकिन मोती अपने को दोषी नहीं मानती, वह तो अपने गाँव की रक्षा कर रही थी। अगर बुचानन उस पर लाठी न चलवाता, तो वह मारा न जाता। एक दिन सरकारी हिरासत से मोती एकाएक गायब हो गयी। अब कंपनी सरकार को फौजी इस्तेमाल के लिए तुरंत ही एक सड़क बनाये जाने की जरूरत थी, जो सिलहट को गुवाहाटी से जोड़ सके, जिससे इन जंगलियों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। इसके लिए खासी क्षेत्र के राजाओं से करार किये जाने की जरूरत थी, जिसमें पहले छोर पर तिरोत सिंह की जमीन पड़ती थी। स्काट ने चेर्रा में अपना सेनेटोरियम बनाया, जिसका राजा ईसाई बन चुका था, इसलिए वह दोस्त था। उसकी रक्षा के लिए सेना की एक टुकड़ी की जरूरत थी। क्योंकि '**खासी लोग अब वे ही नहीं रह गये थे, जो पहले थे। अब वे अंग्रेज की हत्या कर देते थे, वह भी कई गाँवों को भी इकट्ठा कर। उनकी हिरासत से मुजरिम भगा ले जाते थे, कही छीन ले जाते थे।**'[5] लेहाजा बंगाल नेटिव की एक सशस्त्र टुकड़ी अंग्रेज सेनानायक के चार्ज में वहाँ तैनात कर दी गयी।

इधर जब अंग्रेजों ने खासी हिल्स में सड़क बनवानी आरंभ की तो तिरोत सिंह ने खासी हिल्स के गाँव-गाँव में संदेश भेज दिया कि सभी लोग अपने हथियार हमारे सिपाहियों को दे दें तथा वह स्वयं अपने लड़ाकुओं को युद्धाभ्यास कराने लगा। एक दिन उन्होंने सड़क निर्माण में लगे ओवरसियर व उनकी सुरक्षा में तैनात अंग्रेज सेनानायक की टुकड़ी पर अचानक आक्रमण कर दिया तथा देखते ही-देखते सैकड़ों मजदूर व सैनिक धराशायी हो गये। कुछ ही दिनों में यह बात दूर-दूर तक फैल गयी कि खासियों ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह कर दिया है तथा तिरोत सिंह खसिया-संस्कृति की रक्षा का कर्णधार बन गया। लोगों का यह भी विश्वास था कि जब तक रूपतिल्ली की पहाड़ी पर खड़ा 'डिडेई (i) का पेड़ सलामत है, तब तक खासी-जाति पराजित नहीं हो सकती। वे यह भी सुनते है कि '**रूपतिल्ली की पहाड़ी पर खड़े डिडेई पेड़ के पीछे से रोज एक मोती डिंग्दोह की कद-काठी की छाया गुजरती है, जो चीख-चीख कर कहती है कि जब तक यह डिडेई का पेड़ खड़ा रहेगा खसिया कौम को कुछ नहीं होगा।**'[6] गवर्नर जनरल को जब यह जानकारी मिली तो उसने अपने मातहमों को फटकार लगाई कि उस पेड़ को कटवा क्यों नहीं दे

रहे हो अब स्काट क्या करता, क्योंकि कोई भी खासी उस पेड़ को काटने के लिए तैयार ही नहीं हो रहा था। अत: उसने पादरी को बुलवाया, जिसने नई-नई ईसाई बनी नजवा को इस-कार्य के लिए मुँह-मांगी-रकम देने का प्रलोभन दिया। अन्तत: अपने तरह-तरह के उपदेशों व नजवा की सहायता से पादरी ने खाडर अर्थात् निष्काषित अपराधियों के गाँव के लोगों को डिडेई का पेड़ काटने के लिए तैयार कर लिया। जो काम मुगल सेनापति मीरजुमला नहीं कर पाया था, वह पादरी ने कर दिखाया, काफी दिनों की मेहनत-मशक्कत के बाद डिडेई का पेड़ धारासायी हो गया, लेकिन खासी हिल्स के एक गाँव में अभी छोटे-छोटे लड़का-लड़की तीर-धनुष चलाना सीख रहे थे। एक बूढ़ा उन्हें बारी-बारी से तीर-धनुष चलाना सिखा रहा था। जो इस ओर संकेत करता है कि खासी जनमानस अभी भी हार मानने को तैयार नहीं है। वह अंग्रेजों से संघर्ष जारी रखने के लिए अपनी नई पीढ़ी को तैयार कर रहा था। साथ ही, यह लड़ाई खासी-हिल्स के सियेमों (राजाओं) के द्वारा लड़ी न जाकर जनआंदोलन के माध्यम से लड़ी जा रही थी।

इस उपन्यास के माध्यम से लेखक ने खासी-जयंतिया जनजाति की विविध मान्यताओं-परम्पराओं को उजागर किया है। खासिया समाज के मातृ-सत्तामक होने के कारण उनमें देवता की अवधारणा भी अधिकतर 'का ब्लेड' अर्थात् नारी रूप में होती है। ये लोग गैर खासी या बाहरी लोगों को 'ड खार' नाम से सम्बोधित करते हैं, जबकि किसी के नाम से पहले 'उ' का प्रयोग सम्मानसूचक माना जाता है, किसी को मामा कहना भी सम्मान बोधक माना जाता है। एक-दूसरे को 'क्काय' अर्थात् सुपारी का आदान-प्रदान सम्मान देना माना जाता है, अधिकतर अपने से बड़ों को सुपारी देने का प्रचलन है। जबकि आपसी अभिवादन के लिए 'खुब्लेई' शब्द का प्रयोग होता है। यहाँ पर सुबह दिशा-मैदान जाने का प्रचलन नहीं है, लोग शाम के समय यह दैनिक क्रिया करते हैं। कोपिली नदी में वे देवी-कोपिली माई का वास मानते हैं, जिसे पार करते समय हर खासी को चावल समेत सभी खाद्य-पदार्थ फेंक देने होते हैं। इस नदीं में पाँव डालने से पहले उन्हें बलि चढ़ानी होती है- हो सके तो आदमी की, नहीं तो बकरे या मुर्गे की। ऐसा न करने पर उन्हें कोपिली माई का कोपभाजन बनना पड़ता है। खासी लोकगीतों में कोपिली नदी में ही उत्पत्ति, उसी में निवास तथा उसी में जीवन के शमन की कामना निहित मिलती है।

खासियों में स्वर्ग की कल्पना नहीं होती, लेकिन एक बेहतर इतर लोक की कल्पना जरूर होती है। जहाँ मृत व्यक्ति का प्रेत यदि निवास करने का मौका पाता है तो निरंतर क्काय अर्थात् कच्ची सुपाड़ी चबाता रहता है, दुनिया के झंझटों से दूर रहकर। यहाँ पर मृतकों की याद में 'माउबिन्ना'(ii) लगाये जाने का प्रचलन मिलता है, जिनकी नींव में उनकी हड्डियाँ सुरक्षित रखी जाती हैं। इनकी ऐसी मान्यता है कि कुत्ते ने सृष्टिकर्त्ता देवता के हाथों बने मनुष्य के पुतले को दुष्टआत्माओं से बचाया था, जो आज भी उनकी रक्षा करता है। इसलिए वे कुत्ते का मांस नहीं खाते। ये लोग यह भी मानते हैं कि सृष्टि के आरम्भ में आदमी व देव की एक-ही भाषा थी, लेकिन बाद में दोनों की भाषाएँ अलग हो गयी। इन लोगों में प्राचीन समय से प्रचलित 'हेड-हंटिंग' की परम्परा में शौर्य-प्रदर्शन के साथ धार्मिकतत्त्व भी जुड़ा हुआ था। ये लोग दर्पण का प्रयोग कम-ही करते हैं, क्योंकि वे अपने को सुंदर मानते हैं तथा उन्हें दर्पण देखकर कोई कुरूपता नहीं ढकनी होती है।

खासी-समाज में पहले बाजारवाद का प्रभाव नहीं था, लोग अपनी उपज में खाने से जो बचता था, उसे बेचते नहीं थे बल्कि दूसरों को बांट देते थे। बेचना निकृष्ट कर्म था, अति गरीबी का द्योतक था। जबकि खसिया अपने को चाहे जो कुछ मान ले, लेकिन उसका गरीब मानना बड़ा असम्मान जनक था। यह उसके लिए आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्भरता पर हमला था। इसे सबसे अधिक लज्जास्पद माना जाता था। लेकिन अब सब कुछ बिकाऊ हो गया है, जो लोगों की समृद्धि का लक्षण बन रहा है। लेखक यहाँ के 'जाडिङा-मिकिर हिल्स' की एक प्राकृतिक घटना का भी उल्लेख करता है, जहाँ पर हर वर्ष हजारों की संख्या में विभिन्न प्रजाति के पक्षी आत्महत्या करते हैं। यह पक्षी-विज्ञानियों के लिए रहस्य का विषय है कि क्यों हर अमावस की

रात्रि को सैकड़ों पक्षी इस पहाड़ की ओर उन्मुख होकर आत्महत्या कर लेते हैं। लेखक यहाँ के चेरापूंजी इलाके में 'उथ्लेन' अर्थात् सर्पदेवता की पूजा करने की पृथा का भी उल्लेख करता है। लोगों में ऐसी धारणा है कि उथ्लेन की मनुष्य के रक्त से पूजा-अर्चना करने पर वे प्रसन्न रहते हैं तथा हारी-बीमारी से रक्षा करते हैं, फसल अच्छी पैदा होती है। उपन्यास में जोरराय ऐसी-ही पूजा करता है तथा वह धोखे से सो रहे नजवा के पति राफताब की नाक से रक्त निकालकर उथ्लेन को समर्पित करता है। इसी कारण दुखी व गरीब नजवा ईसाई पादरी के संरक्षण को स्वीकार कर लेती है।

इस तरह पूर्वोत्तर भारत पर केन्द्रित श्रीप्रकाश मिश्र के 'जहाँ-बाँस फूलते हैं' के बाद उनका दूसरा उपन्यास 'रूपतिल्ली की कथा' मेघालय की खासी-जयंतिया जनजाति की कथा है। **'जिसमें उन आदिवासियों (जनजातियों) को हिंदू और ईसाई धर्म के ठेकेदारों द्वारा (उनकी) परम्परागत धार्मिक आस्थाओं को छोड़कर अपनी-अपनी ओर खींचने का प्रयास किया जाता है। इस प्रक्रिया में जो अंतर्संघर्ष पैदा होता है, वह अंततः हिंदुओं के विरूद्ध एक प्रकार से प्रच्छन्न और फिरंगियों (अंग्रेजों) के प्रति जाहिरा तौर पर सशस्त्र संघर्ष के रूप में सामने आता है, परन्तु वे खासी आदिवासी (जनजाति) समाज के लोग अपने परम्परागत धर्म (साथ ही आस्थाओं) के प्रति निष्ठावान बने रहते हैं।'**[7] इसके पन्नों से गुजरते हुए लगता है कि हम-भी उसके सहभागी हैं। वहाँ का प्राकृतिक वातावरण अपने समस्त सौंदर्य, वेग और जीवन्तता के साथ इस उपन्यास में मौजूद है। ❑

संदर्भ-सूची :

1. आदिवासी दुनिया, हरिराम मीणा, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत, नई दिल्ली, दूसरी आवृति-2016 ईसवी, पृष्ठ-13
2. रूपतिल्ली की कथा, श्रीप्रकाश मिश्र, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2006 ईसवी
3. रूपतिल्ली की कथा, पृष्ठ-188
4. रूपतिल्ली की कथा, पृष्ठ-172
5. रूपतिल्ली की कथा, पृष्ठ-281
6. रूपतिल्ली की कथा, पृष्ठ-311
7. आदिवासी दुनिया, पृष्ठ-195

सहायक ग्रंथ-सूची :

भारत की जनजातीय संस्कृति, विजयशंकर उपाध्याय एवं विजय प्रकाश वर्मा, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, द्वितीय संशोधित संस्करण-1993 ईसवी

मेघों के देश में, साँवरमल सांगानेरिया, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत, नई दिल्ली, पहला संस्करण-2020

पूर्वोत्तर : आदिवासी सृजन मिथक एवं लोककथाएँ, सम्पा. एवं संकलन-रमणिका गुप्ता, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-2010

पत्र-पत्रिका :

साहित्य अमृत (लोकसंस्कृति विशेषांक), प्रधान सम्पा. डॉ. त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी, वर्ष-23, अंक-1, अगस्त-2017 ई., 4/19, आसफ अली रोड, नई दिल्ली।

टीप : (i) मध्य अफ्रीका का बोआ वृक्ष, जिसे बंगाली परिजात कहते हैं।
(ii) शिलालेख, जिनकों पत्थरों का बगीचा भी कहा जाता है।

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

स्त्री-विमर्श

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं का योगदान

डॉ. संदीप रणभिरकर

एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग,
कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय,
आलंद रोड, कडगंची - 585367
जिला-कलबुरगी (कर्नाटक)
मो.8503891642
ई-मेल : sandeepvr25@gmail.com

भारतीय संस्कृति में नारी को पूजनीय स्थान प्रदान किया गया है। नारी ने पृथ्वी की तरह, प्राण वायु की तरह, वृष्टि की भाँति और सर्वव्यापी ऊर्जा की भाँति निरंतर दिव्य अनुदानों से जीव-जगत को संपन्न किया है। अत: भारतीय मनीषा ने आदिकाल से ही नारी की महिमा एवं गरिमा को समझा है और उसे यथोचित सम्मान भी दिया है। गीता में भी उसके गुणों का बखान करते हुए कहा गया है कि 'कीर्ति:श्रीर्वाक्च नारीणां स्मृतिर्मेधा धृति: क्षमा॥' अर्थात स्त्रियों में कीर्ति, श्री, वाणी, स्मृति, बुद्धि, धैर्य और क्षमा के रूप में ईश्वर ही विद्यमान हैं। विश्व में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहाँ स्त्री ममता, करुणा, स्नेह, उदारता, सहिष्णुता, त्याग, बलिदान, साहस, वीरता, शौर्य आदि देवोपम सद्गुणों के कारण पूजनीय है। एक ओर वह गृहिणी के दायित्व का बखूबी निर्वाह करती है तो दूसरी और शक्ति-स्वरूपा बन कर शत्रुओं का संहार करने में उसे कोई परहेज नहीं है। भारत का स्वतंत्रता संघर्ष भी उन महिलाओं के उल्लेख के बिना अधूरा है, जिन्होंने भारत को आजादी दिलाने में अपने हौसलों को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया।

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन भारतीयों के संघर्ष एवं विजय की अद्भुत गाथा है। यह लड़ाई किसी एक वर्ग, जाति अथवा व्यक्ति विशेष की लड़ाई नहीं थी, अपितु यह समूची भारतीय जनता के स्वाभिमान, आत्मसम्मान, अस्मिता एवं अस्तित्व की लड़ाई थी। अत: स्पष्ट है कि स्वतंत्रता के इस महायज्ञ में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी अपने प्राणों की आहुति दी। अंग्रेजों के विरुद्ध पुरुषों के कंधे-से-कंधा मिलाकर देश की बेटियों ने अपना कर्तव्य निभाया। इतिहास गवाह है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जहाँ पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तो महिलाएँ भी पीछे नहीं रहीं। उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध कदम उठाए, वीरता, साहस और नेतृत्व की क्षमता का अभूतपूर्व परिचय दिया । जहाँ रानी चेनम्मा, रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने अंग्रेजों से लड़ते हुए अपने प्राणों को उत्सर्ग किया, वहीं अरुणा आसफ अली, सुचेता कृपलानी, दुर्गाबाई देशमुख आदि ने गांधी जी के साथ मिलकर

स्वतंत्रता के मार्ग को प्रशस्त किया। मैडम भीकाजी कामा ने विदेशों में भ्रमण कर भारत की स्वतंत्रता के पक्ष में माहौल बनाया तो सरोजिनी नायडू और लक्ष्मी सहगल आदि ने देश की आजादी के बाद भी देश सेवा की। यह तथ्य भी अत्यंत विचारणीय है कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीय ही नहीं, अपितु एनी बेसेंट, भगिनी निवेदिता, मैडेलिन स्लेड, नेली सेनगुप्ता आदि विदेशी महिलाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान था। अत: स्पष्ट है कि आरंभ से लेकर अंत तक महिलाओं ने न केवल शांतिपूर्ण आंदोलनों में सक्रिय भाग लिया, अपितु वे क्रांतिकारी गतिविधियों में भी सक्रीय रहीं।

किंतु यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की सहभागिता एवं उनके योगदान को भारतीय इतिहास ग्रंथों में यथोचित स्थान नहीं मिल पाया। वास्तव में तत्कालीन पितृ सत्तात्मक समाज में महिलाओं की दुनिया घर की चारदीवारी के भीतर सीमित थी और उसे पुरुष की अनुगामिनी ही माना जाता था। फिर भी, अपनी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद स्वतंत्रता आंदोलन में ऐसी महिलाओं को देखा जा सकता है, जिन्होंने अपने साहस, त्याग एवं बलिदान के जरिए अपनी पारिवारिक भूमिका के साथ-साथ राष्ट्रवादी गतिविधियों में भी साझेदारी की। अपनी वीरता एवं नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए पुरुषों के समान संघर्ष किया। गांधी जी भी राष्ट्रीय आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी के पूर्ण पक्षधर थे। अत: उन्होंने भी स्वीकार किया था कि 'हमारी माँ-बहनों के योगदान के बिना यह स्वतंत्रता का संघर्ष संभव नहीं है।' समग्रत: महिलाओं के अंदर उस समय जो राष्ट्र चेतना उत्पन्न हुई थी, उसने यह सिद्ध कर दिया कि वे एक ऐसी राष्ट्रीय शक्ति हैं, जो राष्ट्रीय स्वाधीनता और अधिकारों के लिए सभी बंधनों से मुक्त होकर लड़ सकती हैं।

रानी चेनम्मा :

कित्तूर की रानी चेनम्मा अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व करने वाली भारतीय महिला थीं। बचपन से ही चेनम्मा को घुड़सवारी, तलवारबाजी में कौशल प्राप्त था। अपनी बुद्धिमानी और बहादुरी के लिए वह पूरे गाँव में जानी जाती थीं। इनकी जीवन-कथा रानी लक्ष्मीबाई से भिन्न नहीं है। पति और पुत्र की मृत्यु के पश्चात उन्होंने शिवलिंगप्पा नामक एक लड़के को गोद लेकर उसे उत्तराधिकारी बनाने का फैसला किया, किंतु अंग्रेजों ने इस निर्णय को अस्वीकार कर दिया। परिणामत: 1824 में अंग्रेजों और कित्तूर के बीच पहली लड़ाई लड़ी गई, जिसमें अंग्रेजों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था। युद्ध के दौरान रानी चेनम्मा के सैनिकों ने दो ब्रिटिश अधिकारियों को बंधक बना लिया। आगे के विनाश और युद्ध को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया था। बाद में ब्रिटिशों की सहमति के साथ युद्ध पर विराम लगा और वादे के अनुसार बंधकों को भी छोड़ दिया गया था, लेकिन हमेशा से धोखा देते आए इन ब्रिटिशों ने उस वक्त भी धोखा दिया और अपने वादे से मुकर गए। अपनी हार का बदला लेने के लिए ब्रिटिशों ने एक बार फिर कित्तूर पर हमला कर दिया। लगभग 12 दिनों तक चेनम्मा और उनके सैनिक लगातार अपने किले की रक्षा करने के लिए अंग्रेजों से लड़ते रहे। अंतिम साँस तक उन्होंने हार नहीं मानी, लेकिन चेनम्मा को उनके अपने ही सैनिकों द्वारा छला गया और ब्रिटिशों ने रानी चेनम्मा को बंधक बना लिया। रानी चेनम्मा को उनकी वीरता के लिए आज भी याद किया जाता है। भले ही वह अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध को जीत नहीं सकी थीं, लेकिन भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत अवश्य बन गई थीं।

रानी लक्ष्मीबाई :

सन 1857 के विद्रोह ने ब्रिटिश सत्ता के अंत के प्रयास को लेकर सर्वप्रथम शक्तिशाली साम्राज्य को चुनौती दी थी। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इस प्रथम विस्फोट की नायिका एक महिला थी, जिसने अपने साहस एवं वीरता का अपूर्व परिचय देते हुए रणभूमि में प्राणोत्सर्ग किया था। उन्होंने जिनके विरुद्ध युद्ध किया था उस अंग्रेजी सेना के एक बड़े सेनापति सर ह्यूरोज रानी के अद्‌भुत पराक्रम को देखकर दंग रह गए थे। वे भी स्वयं को रानी की वीरता की मुक्तकंठ से प्रशंसा करने से रोक नहीं पाए। उन्होंने लिखा था, 'सैनिक

विद्रोह के नेताओं में महारानी लक्ष्मीबाई सर्वाधिक बहादुर और सर्वश्रेष्ठ थीं। शत्रु- दल (भारतीय विद्रोहियों) में अगर कोई सच्चा मर्द था तो वह झाँसी की रानी ही थीं।' वे ऐसी वीरांगना थीं, जिन्होंने मात्र 23 वर्ष की आयु में ही ब्रिटिश साम्राज्य की सेना से मोर्चा लिया और रणक्षेत्र में वीरगति को प्राप्त हो गईं, परंतु जीते जी अंग्रेजों को अपने राज्य झाँसी पर कब्जा नहीं करने दिया। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता की मशाल लेकर हँसते-हँसते राष्ट्र की बलिवेदी पर अपने प्राणों को अर्पित कर भारत माता के गौरव को ऊँचा किया। उनका शौर्य, साहस और बलिदान हमेशा भारतीय महिलाओं को वीरता की प्रेरणा देता रहेगा।

मैडम भीकाजी कामा :

सर्वप्रथम राष्ट्रीय ध्वज फहराने वाली महिलाओं में मैडम भिकाजी कामा का नाम लिया जाता है। उन्होंने जर्मनी के स्टुटगार्ट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सोशलिस्ट कांग्रेस के अधिवेशन में भारत की स्वतंत्रता संबंधी प्रस्ताव पेश करते हुए यह ध्वज फहराया था। यह घटना उनके साहस एवं देशप्रेम को दर्शाती है। पीड़ित एवं असहाय भारतीयों की स्थिति उनसे नहीं देखी गई और 20 वर्ष की आयु में उन्होंने स्वयं को राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया। 1896 के प्लेग के प्रकोप में उन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए जनता की तब तक सेवा की, जब तक वे प्लेग की गिरफ्त में नहीं आ गईं। फिर प्लेग के उपचार के लिए उन्हें लंदन जाना पड़ा। उन्होंने लंदन, अमेरिका, पेरिस आदि विभिन्न देशों में जाकर भारत के प्रति जनमत इकट्ठा किया। विदेशों में 'मैडम कामा' कहकर उनके प्रति आदर का भाव प्रकट किया जाता। अपने जीवन के अनेक वर्ष उन्होंने पेरिस में व्यतीत किए। वहाँ भारत की स्वतंत्रता के लिए मैडम कामा के कार्यों को देखकर अंग्रेज घबरा गए और फ्रेंच सरकार से अनुरोध किया कि वे मैडम कामा को उनके सुपुर्द कर दे, जिसे फ्रेंच सरकरार ने नकार दिया। अपने जीवन के अंतिम क्षण तक उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्हें ऐसा लगता था कि वे भारत नहीं लौट पाएँगी। अत: उन्होंने जीते-जी पेरिस की श्मशान भूमि में स्वयं की अंत्येष्टि के लिए जमीन भी खरीदी और उसकी स्मारक शिला पर निम्न पंक्तियाँ लिखवाईं-

'अन्यायपूर्ण शासन का विरोध ही
ईश्वरीय आज्ञा का पालन है।'
जिसने स्वतंत्रता गँवाई उसने
मानो अपना शील गँवाया।।'

सरोजिनी नायडू :

भारतीय स्त्रीत्व का गौरव, राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रनिष्ठा, प्रखर विद्वत्ता-ये सभी गुण जिस भारतीय नारी में समाहित हैं, उस भारत कोकिला सरोजिनी नायडू का जीवन सभी भारतीयों के लिए प्रेरणास्पद है। गोपाल कृष्ण गोखले, महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक आदि के संपर्क में आने से उनके जीवन को नई दिशा प्राप्त हुई। भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में एक 'ओजस्वी व्याख्याता' के रूप में

उनका पदार्पण हुआ। उनका एक एक वाक्य राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत था। वे अक्सर कहती कि - 'राष्ट्र की सच्ची एवं नि:स्वार्थ सेवा ही मेरा स्थायी भाव है।' उनका मानना था कि हिंदू और मुस्लिम ये राष्ट्र की दो संतानें हैं और दोनों में ऐक्य एवं सामंजस्य निर्माण होना आवश्यक है। गांधी जी के नमक सत्याग्रह या 'भारत छोड़ो' आंदोलन आदि में उन्होंने महिलाओं को भी सम्मिलित किया। अंग्रेजों के खिलाफ विविध आंदोलनों में सक्रीय सहभागिता के कारण उन्हें कारावास भी सहना पड़ा। युद्ध के समय उनकी भूमिका एक सेनापति के समान होती तो शांति के समय एक धर्मगुरु के समान। अपने मानवतावादी व्यक्तित्व से उन्होंने एक कवयित्री, ओजस्वी वक्ता, कर्मठ स्वतंत्रता सेनानी, उत्तम प्रशासक आदि विविध भूमिकाओं का सफलतापूर्वक निर्वाह किया। उनके महत्वपूर्ण योगदान के कारण ही 13 फरवरी 'भारतीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

सुचेता कृपलानी :

उत्तर प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री एवं आधुनिक भारत की असाधारण राजकीय नेता सुचेता कृपलानी ने भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में बहुत बड़ा योगदान दिया। वे मानवतावादी, समाजवादी एवं सृजनशील कार्यकर्ता थीं। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अरुणा आसफ अली के साथ भूमिगत रहकर कार्य किया। 'भूमिगत स्वयंसेवक दल' और राष्ट्रीय कांग्रेस के महिला विभाग की उन्होंने स्थापना की। स्वतंत्रता संघर्ष में लंबे समय के कारावास को भी उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। स्वतंत्रता संघर्ष में तो उनका योगदान महत्वपूर्ण है ही, साथ ही मानवतावादी नेता के रूप में भी उनका कार्य उल्लेखनीय है। चाहे बिहार का भूकंप हो या बंगाल का जातीय संघर्ष-हर जगह उन्होंने जन सामान्य के हित को केंद्र में रखा। पीड़ित समाज की चिंता कर उनके पुनर्वास हेतु उन्होंने निधि भी जुटाई। दलितों के कल्याण के लिए भी उन्होंने महत्वपूर्ण कार्य किया। इतना ही नहीं, स्त्री-समस्याओं पर भी उन्होंने गंभीरता से विचार किया एवं उन समस्याओं के समाधान हेतु अथक प्रयास किए। सुचेता कृपलानी आधुनिक भारत की असाधारण महिला थीं और भारतीय जनता के कल्याण हेतु उन्होंने नि:स्वार्थ भाव से कार्य किया।

अरुणा आसफ अली :

सन 1942 के 'भारत छोड़ो आंदोलन' की नायिका के रूप में अरुणा आसफ अली का नाम भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों में प्रमुख रूप से लिया जाता है। अरुणा उपेन्द्रनाथ गांगुली उनका वास्तविक नाम था। दिल्ली के प्रसिद्ध वकील आसफ अली से उन्होंने विवाह किया। विवाह के एक वर्ष पश्चात ही गांधीजी के सविनय अवज्ञा आंदोलन में उन्होंने भाग लिया। तब से अपने जीवन के अंतिम समय तक उन्होंने केवल खादी की साड़ी ही पहनी। 9 अगस्त, 1942 को भारतीय कांग्रेस महासमिति का सम्मेलन मुंबई के गवालिया टैंक पर आयोजित किया गया था। इसी सम्मेलन में कांग्रेस महासमिति ने 'भारत छोड़ो' का प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया था। गवालिया

टैंक मैदान पर अंग्रेज सैनिकों का पहरा था। ऐसे समय हजारों की उपस्थिति में आक्रामक रणनीति से अरुणाजी ने ध्वजस्तंभ पर तिरंगा फहराया। 'वंदेमातरम्' के नारों से समूचा परिवेश गूँज उठा। कुछ समझने के पूर्व ही अश्रु गैस का प्रयोग किया गया और लाठियाँ बरसने लगीं, किंतु वे ध्वज फहराने वाली अरुणा जी को नहीं पकड़ पाए। तत्पश्चात भूमिगत रहकर उन्होंने 'चले जाव' आंदोलन का कार्य किया। नाकाम अंग्रेजों ने उन पर पचास हजार रुपए का पुरस्कार भी रखा था। तत्कालीन समय में कार्यकर्ता उन्हें दैवीय अवतार मानते थे। वे दिल्ली की प्रथम महापौर के रूप में प्रख्यात हैं। स्वतंत्र भारत में भी उनका देशी की सेवा का भाव जारी रहा। उन्हें अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया। मृत्युपरांत उन्हें 'भारतरत्न' पुरस्कार प्रदान किया गया।

डॉ. लक्ष्मी सहगल :

पेशे से डॉक्टर लक्ष्मी सहगल ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर भी प्रमुख भूमिका निभाई थी। उनका पूरा नाम लक्ष्मी स्वामीनाथन सहगल था। वे आजाद हिंद फौज की अधिकारी तथा आजाद हिंद सरकार में महिला मामलों की मंत्री थीं। वह पेशे से डॉक्टर थीं, जो द्वितीय विश्वयुद्ध के समय प्रकाश में आईं। वे आजाद हिंद फौज की 'रानी लक्ष्मी रेजिमेंट' की कमांडर थीं। उन्हें वर्ष 1998 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था।

विजयालक्ष्मी पंडित :

भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में पंडित मोतीलाल नेहरू की कन्या एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू की भगिनी विजयालक्ष्मी पंडित का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रथम महिला अध्यक्ष होने का सम्मान प्राप्त है। इंग्लैंड में शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद सामान्य जनता एवं राष्ट्र के प्रति उनके मन में अगाध स्नेह था। भारत को जल्द-से-जल्द स्वतंत्रता मिलनी चाहिए और अंग्रेजों को यथाशीघ्र अपने देश वापस लौटना चाहिए, यह उनकी नीति थी। महात्मा गांधी के साथ असहयोग आंदोलन में भी उनकी सक्रीय

भूमिका रही। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भी उन्होंने सदैव गलत नीतियों का विरोध किया। इंदिरा गांधी द्वारा लिए गए गलत निर्णयों यथा- 'नसबंदी अभियान' आदि का भी उन्होंने खुलकर विरोध किया। उन्होंने इंदिरा गांधी को समझाने का भी प्रयास किया। देश की बढ़ती महँगाई से भी वह चिंतित थीं। अंतत: राजनीति से वे विरक्त हो गईं। जब वे रशिया में भारतीय राजदूत के रूप में कार्यरत थीं, तब उनके कार्य का प्रभाव लेनिन पर भी पड़ा। लेनिन के अनुसार, 'पंडित नेहरू जिस प्रकार समूचे विश्व द्वारा स्वीकृत एक श्रेष्ठ नेता थे, वैसे ही विजयालक्ष्मी पंडित भी एक बड़ी नेता हैं। उनकी प्रतिभा सर्वस्पर्शी है और वे उत्तम रीति से शासन कर सकती हैं।' आकर्षक व्यक्तिमत्व, अंतर्राष्ट्रीय सामंजस्य असाधारण योग्यता आदि के कारण उन्हें 'विश्वकी सबसे लोकप्रिय महिला' के रूप में भी घोषित किया गया था। भारत के 21 विश्वविद्यालयों ने उन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की। मानवीय अधिकारों के लिए लड़ना उनका सबसे बड़ा वैशिष्ट्य था।

एनी बेसेंट :

देश के स्वतंत्रता संघर्ष में न केवल भारतीयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, अपितु विदेशी नागरिकों ने भी भारत को स्वतंत्रता दिलाने में अपना योगदान दिया। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में एनी बेसेंट और उनके होमरूल आंदोलन का विशेष योगदान रहा। एनी बेसेंट

थियोसोफिकल सोसाइटी के आमंत्रण पर भारत पहुँची थीं। वे हिंदू धर्म से बहुत प्रभावित थीं। उन्होंने हिंदू धर्म, दर्शन, संस्कृति के अध्ययन के साथ-साथ हिंदू आचार-व्यवहार को भी आदर के साथ देखा। उन्होंने भारतीयों को अपनी मान्यताओं के प्रति सम्मान करना सिखाया। उन्होंने स्त्री अधिकारों के लिए भी आवाज उठाई। एक ओर वे भारतीयों में जागरूकता उत्पन्न कर रही थीं तो दूसरी और ब्रिटिशों के साथ पत्र व्यवहार कर भारतीयों के अधिकारों की माँग कर रही थीं।

ये तो चंद उदाहरण हैं। ऐसी अत्यंत दीर्घ सूची बन सकती है, किंतु इन सबके अलावा उन असंख्य महिलाओं के योगदान को भी नहीं भुलाया जा सकता, जिन्होंने नेपथ्य में रहकर स्वतंत्रता संघर्ष में महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वाह किया। ये महिलाएँ स्वतंत्रता सेनानियों के लिए भोजन की व्यवस्था करती थीं, उनके लिए संदेशवाहकों का काम करती थीं, हथियारों तथा अन्य सामग्री का आदान-प्रदान करती थीं, अपने बेटों सहित परिवार के पुरुषों को नैतिक समर्थन भी प्रदान करती थीं। इतना ही नहीं, इन महिलाओं ने इस स्वतंत्रता आंदोलन के महायज्ञ में अपनी इच्छाएँ, सपने, आभूषण, संतति, संपत्ति यहाँ तक कि अपने प्राणों की भी आहुति दी थी। तब जाकर आज हम स्वतंत्रता से अपने देश में साँस ले पा रहे हैं। नई पीढ़ी के लिए यह जानना और समझना अत्यंत आवश्यक है कि स्वतंत्रता की हमने कितनी बड़ी कीमत चुकाई है। अत: यह स्वतंत्रता जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है, उसका जतन एवं संवर्धन हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और उसके प्रति कृतसंकल्प होना अत्यंत आवश्यक है।❑

ग्रन्थ सूची :

1. आशारानी बोहरा, महिलाएँ और स्वराज्य, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, 1988
2. राजेन्द्र मोहन भटनागर, भारत की आजादी में महिलाएँ, भारत पब्लिशिंग हाउस, सं. 2003
3. कांता नागोरी, भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में महिलाओं का योगदान, सुरभि प्रकाशन, सं. 1997
4. ममता चंद्रशेखर, 75 महिला स्वतंत्रता सेनानी, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 2023
5. गुरुरामजी विश्वकर्मा, भारतीय नारी और उसका त्याग, कल्पजा प्रकाशन, सं. 2006
6. सं. डॉ. अंकुर प्रकाश गुप्त, वीरांगना आजादी का एक ज्वलंत इतिहास, बुक क्रिएशन पब्लिशिंग, सं. 2023
7. लाजवंती झा, विस्मृत चेहरे, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 2022
8. मुरारीलाल गोयल, स्वतंत्रता आन्दोलन में क्रांतिकार महिलाएँ, रजनी प्रकाशन, सं. 1998
9. महेश शर्मा, सुचेता कृपलानी, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 2021

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

'हिंदी के 'डूब' एवं नेपाली के ''ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' उपन्यासों में अभिव्यक्त बाढ़ की समस्या : एक तुलनात्मक अध्ययन

टिंकू छेत्री

शोधार्थी, हिंदी विभाग
पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय
मेघालय, शिलोंग-793022
मो.- 9864746307
ई-मेल : tinkuchetry0175@gmail.com

शोध सार :

भारतीय ग्रामीण समाज में सदियों से बाढ़ एक प्रमुख समस्या रही है। यह भारतवर्ष की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक है। प्रत्येक वर्ष देश के भिन्न-भिन्न प्रांतों में बाढ़ के कारण लोग विस्थापित होते हैं। कई महीनों तक बाढ़ पीड़ितों को ऊँचे स्थान पर बने तटबंधों पर मजबूरन रहना पड़ता है। बाढ़ के समय वे विभिन्न समस्याओं से जूझते हैं। उनके खेत, घर, पशु एवं घर तथा दैनंदिन की वस्तुएँ नदी में बह जाते हैं। बाढ़ की इस विषम समस्या को हिंदी और नेपाली के आंचलिक उपन्यास में संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्त किया गया है। प्रस्तुत शोध आलेख में वीरेंद्र जैन कृत 'डूब' और नेपाली भाषा के रचनाकार लीलबहादुर छेत्री कृत 'ब्रह्मपुत्र का छेउछाउ' में बाढ़ की समस्याओं का चित्रण किया गया है। 'डूब' उपन्यास में जहाँ मानव निर्मित बाढ़ की समस्या है तो दूसरी ओर 'ब्रह्मपुत्र का छेउछाउ' प्राकृतिक बाढ़ की समस्या है। प्रस्तुत शोध आलेख में हिंदी एवं नेपाली उपन्यासों में अभिव्यक्त बाढ़ की समस्या का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। आलेख में सर्वप्रथम बाढ़ की समस्या एवं उससे होने वाली क्षति को विवेचित किया गया है। तत्पश्चात दोनों उपन्यासों की ग्रामीण पृष्ठभूमि एवं अंचल का परिचय देते हुए बाढ़ के प्रभावित कारणों से अवगत कराया गया है। आगे आलेख में दो भिन्न क्षेत्रों की बाढ़ की समस्याओं में समानता-असमानता को तुलनात्मक दृष्टि से क्रमबद्ध रूप में विश्लेषित किया गया है। अंत में शोध निष्कर्ष द्वारा दोनों उपन्यासों को केंद्र में रखकर बाढ़ की समस्या के कारण एवं समाधान पर विचार किया गया है।

बीज शब्द :

प्राकृतिक बाढ़, कृत्रिम बाढ़, ग्रामीण जीवन, जीव-जंतु, आवास, चांगघर, अंचल, परियोजना, नदी, खेत, कृषि, पीड़ा, शिक्षा, विकास आदि।

भारत के कुछ हिस्सों के ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ एक प्रमुख समस्या है। गाँव के अधिकांश लोग कृषि पर निर्भर हैं। उनके जीवन निर्वाह का प्रमुख साधन ही कृषि है, परंतु बाढ़ की समस्या के कारण उनकी फसलों और उपजाऊ जमीन का क्षरण होता रहा है। बाढ़ के कारण फसल, जमीन, घर इत्यादि के बर्बाद होने से लोग भुखमरी का शिकार होते हैं। उनके पास इतना धन नहीं होता कि वे अनाज क्रय कर सकें या दूसरे स्थान पर जमीन खरीद कर अपने परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से कर सकें। प्रत्येक वर्ष भारत के विभिन्न प्रांतों में बाढ़ आती है। बाढ़ में उनकी फसलें, उपजाऊ जमीन, घर-बार नष्ट तो होते ही हैं, साथ ही गाँव में बीमारी, महामारी, पीने के पानी की समस्या, स्कूल-घर का नदी में बह जाना, यातायात की समस्या, सड़क का नष्ट हो जाना, खाद्य सामग्री का अभाव इत्यादि समस्याओं से भी जूझना पड़ता है। इस कारण वहाँ का जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो जाता है। क्षण भर में एक किसान मजदूर बन जाता है। उसकी आँखों के सामने उसका घर-जमीन बहकर नदी के गर्भ में मिल जाते हैं। उसके समक्ष ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है कि खेती करने के लिए जमीन तो दूर की बात है, निवास हेतु जमीन भी उपलब्ध नहीं होती। बाढ़ की भीषण परिस्थिति में गाँव के लोग मानसिक और शारीरिक रूप से टूट जाते हैं। भारतीय ग्रामीणों की इस दशा के संदर्भ में अर्जुन प्रसाद सिंह लिखते हैं कि **'भारतीय खेती आज भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर है (2016-17 के आँकड़े के अनुसार 55 फीसद) और हर साल बाढ़, सूखे और कीड़ाखोरी जैसी प्राकृतिक विपदाओं से भारी पैमाने पर किसानों की फसलों और अन्य संपत्तियों का नुकसान होता है।'**[1]

एक ओर जहाँ ग्रामीण जीवन के मनोरम चित्रण परिलक्षित होते हैं तो दूसरी ओर ग्राम्य समाज में व्याप्त समस्याएँ जीवन को कठिन बना देती हैं। प्रत्येक अंचल की अपनी समस्याएँ हैं, जिसे अंचल के लोग वर्षों से भोगते आ रहे हैं। अंचल विशेष की समस्या भी अंचल को अन्य क्षेत्र से अलग बनाती है। अंचलों में व्याप्त समस्याओं में बाढ़ की समस्या भारतीय गाँव की प्रमुख समस्या है। हिंदी में वीरेंद्र जैन कृत 'डूब' और नेपाली में लीलबहादुर छेत्री कृत 'ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' आंचलिक उपन्यासों में बाढ़ की समस्या से ग्रसित ग्रामीण जन की दयनीय स्थिति का यथार्थ रूप में चित्रण किया गया है। 'डूब' उपन्यास में जहाँ एक ओर मानव निर्मित बाढ़ से गाँव के लोग त्रस्त हैं तो दूसरी ओर 'ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' में प्राकृतिक बाढ़ से लोग त्रस्त हैं। 'डूब' उपन्यास में विकास प्रक्रिया के तले दबी ग्रामीण जनता की त्रासदी को सूक्ष्मता तथा संवेदना के साथ अभिव्यक्त किया गया है। 'डूब' संघर्षरत ग्रामीण जीवन की व्यथा की कथा है। 'बुंदेलखंड' क्षेत्र पर केंद्रित यह एक आंचलिक उपन्यास है, जिसमें 'लड़ैई' गाँव की जनता की मार्मिक जीवन गाथा है। यह बेतवा के किनारे बसा तीनों ओर पहाड़ियों से घिरा गाँव है। स्वाधीनता के बाद पंचवर्षीय विकास योजनाओं के तहत देश के विकास के नाम पर आईं विभिन्न परियोजनाओं ने बरसों से खुशहाली से बसे गाँवों को उजाड़ने का कार्य किया है। केंद्र सरकार मध्य प्रदेश की बेतवा नदी पर राजघाट बाँध परियोजना की घोषणा करके बिजली उत्पादन करना चाहती थी। 'डूब' उपन्यास सिंचाई और विद्युत उत्पादन की परियोजनाओं के तहत उत्पन्न कृत्रिम बाढ़ तथा उजाड़े गए गाँवों के लोगों की शोषण गाथा है। इस उपन्यास के संदर्भ में रामशरण जोशी का मत है कि **'डूब' एशियाई कृषक समाज की गतिहीनता, शक्तिहीनता, आत्मग्रस्तता, बहुआयामी उत्पीड़न सहित विभिन्न प्रकार की पेचीदगियों का प्रतिनिधित्व करता है।'**[2]

लीलबहादुर कृत 'ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' उपन्यास में सन 1943 ई. से सन 1970 ई. के समय को लिया गया है । उस कालावधि में असम में ब्रह्मपुत्र के किनारे रहने वाले नेपाली समुदाय में बैल, गाय, भैंस, गोठ और खेत ही व्यवसाय का प्रमुख साधन था। नेपाली समुदाय के

जीवन में ब्रह्मपुत्र नद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके लिए ब्रह्मपुत्र वरदान और अभिशाप दोनों है। उन्होंने ब्रह्मपुत्र का शांत और रौद्र-दोनों रूप देखा है। उनके खेत-खलिहान हेतु पानी की आपूर्ति इसी नद पर निर्भर है। उपन्यास के आरंभ में असम के भौगोलिक और प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण किया गया है। प्रत्येक वर्ष ब्रह्मपुत्र में पानी बढ़ जाने के कारण बाढ़ आ जाती है। बाढ़ उनके जीवन का अंग बन चुकी है। इस प्राकृतिक बाढ़ को रोकने का उपाय गाँव के लोगों के पास नहीं है। इससे उत्पन्न समस्याओं को भोगने के लिए ग्रामीण जन विवश हैं। कछुगाँव, बयरआँटी गाँव तथा आसपास के अंचल के लोग प्रत्येक वर्ष बाढ़ की समस्या से जूझते हैं।

'डूब' उपन्यास में चित्रित लड़ैई गाँव में कृत्रिम बाढ़ के कारण उत्पन्न परिस्थिति का उपन्यासकार ने यथार्थ रूप में चित्रण किया है। गाँव में निवास करने वाले भोले-भाले लोगों को विकास के नाम पर उनकी जमीन से वंचित किया जाता है । बड़े-बड़े सपने दिखाकर उनसे उनकी जमीन छीनी जाती है। चंद शहरों के विकास और आराम के लिए हजारों गाँवों को उजाड़ दिया जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी गाँव आकर, पहली ईंट लगाकर गाँवों को विकास का सपना दिखाती हैं, लेकिन गाँववालों का मोह भंग हो जाता है, **'इंदिराजी एक ईंट रख गई थीं, की फेंक गई थीं, राम जाने, मगर उस एक ईंट से बेतवा में जो उफान आया वह जाने कितने गाँव के गाँव लील गया।'**[3] जिस गाँव का बाढ़ के साथ कभी संबंध ही नहीं रहा, बेतवा नदी पर बाँध बनाने के कारण लड़ैई गाँव में अब हर साल बाढ़ आती है। अब तो हर साल गाँव के लोगों को बाढ़ से जूझना पड़ता है। गाँव के बुजुर्ग माते कहते हैं कि **'लड़ैई में पहली बार, हाँ, पहली बार बाढ़ आई थी उस बरस! सपने की-सी बात। बाढ़ से वास्ता कहाँ रहा लड़ैई का। सूखे से तो हर साल-दो-साल पीछे नाता जुड़ता रहता है। मगर बाढ़.....दो कोस दूर नदी का किनारा। तलैया-सी नदी और उसमें बाढ़।'**[4]

दूसरी ओर नेपाली उपन्यास 'ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' में ब्रह्मपुत्र किनारे स्थित नेपाली बहुल गाँव में बाढ़ के प्रकोप एवं उसे भोगते लोगों का यथार्थ चित्रण किया गया है। ब्रह्मपुत्र नद में प्रत्येक वर्ष बाढ़ आती है। इस कारण उसके किनारे निवास करने वाले ग्रामीण जन बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं को भोगने के लिए विवश हैं। उस क्षेत्र के लोगों के घर-जमीनें कई-कई दिनों तक बाढ़ के पानी में डूबे रहते हैं। बाढ़ के समय न उनके पास रहने का स्थान होता है, न खाने के लिए खाद्य सामग्री। बाढ़ से पीड़ित लोगों को सरकारी सहायता एवं लाभ बहुत कठिनाई से और कुछ लोगों को ही मिल पाता है। अधिकांश लोग इससे वंचित रह जाते हैं। अपने भाग्य को दोष देने और बाढ़ में अपने घर, जमीन को नदी में कट के गिरता देखने के अलावा उनके पास कोई उपाय नहीं रहता। 'ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' उपन्यास में बाढ़ की इसी विषम परिस्थिति से खिन्न होकर गाँव के एक शिक्षक कहते हैं, **'अब यो शहरी क्षेत्र हुँदो-भए सरकारद्वारा पनि पर्खाल लाएर वा किनारमा ढुङ्ग ओछ्याएर नदीको केही रोकथामको व्यवस्था हुने थियो। तर यो गाउँ छपडीमा कसले वास्ता गर्छ? यी सय-पचास खरका झुप्रा जोगाउन को आउँछ यहाँ? यता नदी जुन प्रकारले ढेपिदै, गरालो लडाउँदै आएको छ, हाम्रो यो गाउँदेखि लिएर कछुगाउँसम्मै कतै केही चिनो-चपेटो रहने छाँट छैन।'**[5] (अर्थात यह अगर शहरी क्षेत्र होता तो सरकार दीवार या किनारे में पत्थर लगाकर बाढ़ को रोकने के लिए योजना बनाती, परंतु इस गाँव और छपड़ी (नदी-नाद के किनारे में स्थित सूखी जगह) के लिए कौन चिंतित होगा? पचास-सौ झोपड़ी बचाने के लिए कौन आएगा यहाँ? नदी जिस हिसाब से अपना संहारक रूप धर रही है अगर यही स्थिति रही तो अपने गाँव से लेकर 'कछुगाउँ' तक मिटाने के लिए अधिक समय नहीं लगेगा।)

बाढ़ प्राकृतिक आपदा है। इसे झेलने हेतु मनुष्य विवश है। इसे रोकने के लिए सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। जिन लोगों ने बाढ़ में अपना घर-जमीन खोया है, उनकी सहायता सरकार

द्वारा की जा सकती थी। पूरे अंचल के अधिकांश लोगों की जमीन पर बाढ़ रूपी नदी बह रही है। वे लोग जो बाढ़ के कारण अपना सब कुछ खो बैठे हैं, अब वे कहाँ रहेंगे उन्हें स्वयं नहीं पता। गाँव हो या शहर- प्रत्येक घर या झोपड़ी में मनुष्य ही रहता है। प्रत्येक क्षेत्र के मनुष्य के जीवन का महत्व समान है। उन्हें अनदेखा इसलिए किया जाता है, क्योंकि वे गाँव के पिछड़े क्षेत्र छपड़ी में रहने वाले सहज-सरल व्यक्ति हैं।

'डूब' उपन्यास में बाढ़ के समय उत्पन्न परिस्थितियों का मार्मिक चित्रण किया गया है। राजघाट में जो बाँध बन रहा था, वह एक रात दरार पड़कर टूट गया। सारा पानी गाँवों में बहकर चला जाता है। **'राजघाट बाँध के जो टीले उठाये थे न बाँधवालों ने! उनमें से इस तरफ वाले टीले में रात को दरार पड़ गई। घाट पर छिका तमाम पानी तिला तोड़कर गाँवों में घुस गया है। पंचमनगर तक जल ही जल है माते! इतना जल जैसे प्रलय आ गई हो! जितना कभी किसी बाढ़ के बखत नहीं आया। जाने कितने लोग मर-खप गए! कितने ढोरू-बछेरू डूब गए! कितनी खड़ी फसल स्वाहा हो गई! लड़ैई के सब-के-सब मर्द गाँव-गाँव में लोगों को बचाने में जुटे हैं तभी से।'**[6]

इस भीषण परिस्थिति में पूरा-का-पूरा गाँव किले के बाहर खड़े पुराने वट-वृक्ष का सहारा लेकर अपना-अपना सामान संभालते हुए इस भीषण परिस्थिति को देखता है। गाँव के कुछ युवक पानी में फँसे पालतू जानवर एवं सामान को निकालकर किले के बाहर इकट्ठा करते हैं। ऊँचे स्थान पर बने इस किले के अलावा पूरा गाँव जलमग्न था। कहीं जमीन दिखाई नहीं देती थी। गाँव के लोगों की जमीन, घर सब पानी के नीचे था। न जाने कितनों के परिजन नदी में समाहित हो गए। इस भयानक परिस्थिति के बाद भोपाल आकाशवाणी केंद्र से समाचार प्रसारित होता है कि राजघाट बाँध के तटबंधों में से एक तटबंध में दरार पड़ने के कारण एक छोटा-सी पट्टी का भाग टूट गया है और बाँध पर रुका पानी बहकर आसपास के खाली इलाकों में चला गया है। किसी को न गाँव के लोगों की चिंता है न उनके घरों की। जैसे उनके जीवन का भी कोई मूल्य नहीं रहा गया हो। सरकार की दृष्टि में पूरा क्षेत्र खाली स्थान है, परंतु इस बाढ़ के कारण लड़ैई तथा आसपास के गाँवों के लोग जो भीषण त्रास भोग रहे हैं, उनकी जमीन, घर, उनके पालतू जानवर, उनका अपना गाँव, उनके मृत परिजन के बारे में कोई नहीं जानता। पूरा-का-पूरा गाँव एक प्रकार से समाप्त हो गया। पानी कम हो जाने के बाद भी क्या बचा रहेगा उनके पास? मात्र गाँव। उनकी झोपड़ी तो गरीबी के कारण आधी ढह चुकी थी और बाढ़ के कारण अब पूरी ढह गई है। इस दर्दनाक परिस्थिति में सरकार की ओर से सहायता की आशा भी नहीं की जा सकती, क्योंकि उनके लिए वह क्षेत्र खाली था। न लोग रहते थे और न ही उनकी झोपड़ी थी। इस भीषण कृत्रिम बाढ़ के कारण कई गाँवों के लोग अथाह दुख और परेशानियों को झेलने के लिए विवश थे। जीव-जंतु, पशु-पक्षियों की कितनी जानें गईं कोई ठिकाना नहीं है। उनके हरे-भरे खेत, उपजाऊ जमीन, घर-झोपड़ी

आदि सभी को बाढ़ ने नष्ट कर दिया। उनके अपने-परिजन नदी की धार में बह गए। गाँव के लोगों का जीवन बाढ़ के कारण तहस-नहस हो गया।

'ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' उपन्यास में बाढ़ के समय उत्पन्न समस्या को उपन्यासकार ने यथार्थ रूप में चित्रित किया है। आसपास के क्षेत्रों के लिए ब्रह्मपुत्र नद वरदान और अभिशाप दोनों का कार्य करता है। विशेष रूप से वर्षा के समय ब्रह्मपुत्र में आई बाढ़ के कारण उस प्रांत के लोग करुण त्रासदपूर्ण जीवन बिताने के लिए अभिशप्त हैं। जिन महाजनों का घर ऊँचे स्थान पर बना था या घर का तल ऊँचा करके मजबूत चांगघर बनाया गया है, वे बाढ़ के प्रकोप से कुछ हद तक मुक्त थे। महाजन लोग इस बाढ़ से ग्रसित क्षेत्र के अलावा अन्य स्थानों पर भी अपना घर बनाते हैं। लोग चांगघर के ऊपर बैठ कर जब देखते हैं तो स्वयं को मानो समुद्र के बीच पाते हैं। गाय, भैंस, बछड़े, पालतू जानवर सब बाढ़ में बह जाते हैं। नाव लेकर दूर-दूर तक लोग उन्हें ढूँढ़ने निकलते हैं। इस परिस्थिति में भी महाजन के कर्मचारी काम करने के लिए बाध्य हैं। महाजन केवल आदेश देता है और वे उस अथाह जल में नाव लेकर भैंस ढूँढ़ने निकल पड़ते हैं। अपनी आँखों के सामने फसल, जमीन, घर-बार ब्रह्मपुत्र के गर्भ में जाते देख लोग हताश-निराश होकर देखने के अलावा कुछ नहीं कर सकते। इस असहाय पूर्ण स्थिति का वर्णन 'ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' उपन्यास में इस प्रकार हुआ है -**'ब्रह्मपुत्रले साँच्चै नै उग्ररूप धारण गरेको छ। बयरआँटीबाट कछुगाउँसम्मै नदीले गडा हान्न थालेको छ। छेउका रूखपात, खेतीपाती सबै कुरा जमिनसहित काटेर लडाउँदै-भत्काउँदै ब्रह्मपुत्रले आफ्नो गर्भमा समेट्न थालेको छ। बडाबडा रूखाका मुढाहरू द्रुतगतिले नदीमा हेलिएका छन्। नदीको यही रूप हो भने अब सात दिनभित्रैमा नदी बयरआँटी र कछुगाउँको छेउमा आइपुग्नेछ र यी गाउँहरू ब्रह्मपुरको गर्भमा भासिएर त्यहाँ नदी बग्नेछ। यी गाउँ, छपड़ी, वन, जङ्गल केहिको पनि चिनोचपेटो रहने छैन।'**[7] (अर्थात ब्रह्मपुत्र ने उग्र रूप धारण कर लिया है। बयरआँटी से कछुगाउँ तक नदी में कटाव तेजी से हो रहा है। आसपास के पेड़-पौधे, खेत, जमीन सब देखते-देखते ब्रह्मपुत्र के गर्भ में समाहित हो रहे हैं। यदि नदी का रुख यही रहा तो सात दिन के अंदर ही बयरआँटी और कछुगाउँ के नजदीक आ पहुँचने की संभावना है तथा ये गाँव ब्रह्मपुत्र के गर्भ में समाहित हो जाएँगे। गाँव, वन, जंगल किसी भी चीज का निशान तक नहीं रहेगा।)

गाँव में शिक्षा की स्थिति अत्यंत दयनीय रही है। अशिक्षित होने के कारण लोग शिक्षा के महत्व को नहीं समझ पाते हैं, जिससे गाँव में विभिन्न प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। गाँव में शिक्षा के विकास में विभिन्न बाधाएँ हैं, जिनमें बाढ़ एक प्रमुख बाधा है। बाढ़ के कारण शिक्षा के क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं का चित्रण दोनों उपन्यासों में हुआ है। लड़ैई गाँव में जब प्राइमरी मदरसा खोला गया था, तब बच्चों की संख्या न के बराबर थी। धीरे-धीरे उसमें बच्चों की संख्या बढ़ने लगी और एक आदर्श स्कूल बनने की ओर वह अग्रसर था तभी स्कूल को वहाँ से हटाया गया। लड़ैई को डूब क्षेत्र के अंतर्गत रखा गया और मदरसे को वहाँ से हटा दिया गया। उस स्कूल में कार्यरत शिक्षक जनकसिंह (मास्साब) को अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया।**'हम आपको एक और सूचना दे दें ठाकुर साहब, कि आपका गाँव राजघाट बाँध परियोजना में डूब क्षेत्र में आ रहा है। इसलिए हमें ऊपर से आदेश आया है कि वहाँ से मदरसा हटा लिया जाए और वहाँ नियुक्त अध्यापक का तबादला कहीं और कर दिया जाए।'**[8] दूसरी ओर 'ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' उपन्यास में बाढ़ के कारण दिन-प्रतिदिन नदी का कटाव बढ़ रहा है। खेती की जमीन, घर, पेड़-पौधे तो नदी में समाहित हो गए हैं, अब स्कूल जिस जगह पर स्थित है, उस जगह तक नदी आ पहुँची है। इसका उदाहरण द्रष्टव्य है-**'काकतीबाबूको पाठशालाको छेउछाउ त नदी आइपुग्नै लाग्यो। अब छिट्टै स्कूल भात्काएर त्यसका डाँडाभाटा, खुटा, खाँबा, नओसारे कल्याण छैन। काकतीले त्येसै दिनबाट पाठशाला बन्द गरिदिए।'**[9] (अर्थात काकतीबाबू के विद्यालय के नजदीक नदी पहुँच

गई है। अब जल्द से जल्द स्कूल को तोड़कर वहाँ से खूँटे, बाँस को ले जाना जरूरी है। काकती ने उस दिन से विद्यालय बंद कर दिया।) अब यह विद्यालय कितने दिनों तक बंद रहेगा उसका कोई अनुमान नहीं हैं। बाढ़ कम होने के बाद भी जब तक उचित स्थान न मिले, तब तक विद्यालय की स्थापना कैसे हो सकती है? बच्चे कितने दिनों तक शिक्षा से वंचित रहेंगे, इसकी चिंता करने वाला कोई नहीं है।

निष्कर्ष के रूप में कह सकते हैं कि हिंदी के 'डूब' और नेपाली के 'ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' उपन्यासों में बाढ़ से ग्रसित अंचल के लोगों की समस्याओं को मार्मिक रूप में अभिव्यक्त किया गया है। वैषम्य के रूप में एक ओर मानवीय निर्मित बाढ़ है तो दूसरी ओर प्राकृतिक बाढ़ है। बाढ़ किसी भी रूप में आए, लेकिन बाढ़ के समय या उसके पश्चात उत्पन्न भीषण परिस्थिति एवं उससे प्रभावित लोगों की स्थिति प्रत्येक स्थान पर समान होती है। कहीं पर लोगों को बाढ़ के कारण कम और कहीं पर अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। भारतवर्ष में देखा जाए तो प्रत्येक वर्ष कई क्षेत्रों के लोग बाढ़ की त्रासदी को भोगने के लिए विवश हैं। यह केवल 'डूब' उपन्यास में चित्रित लड़ैई और उसके आसपास के क्षेत्रों की कथा नहीं है, यह भारत के अधिकांश अंचलों की कथा है। विकास के नाम पर नदी पर बाँध बनाया जाता है। गाँव को उजाड़ कर देश विकास की ओर कैसे अग्रसर हो सकता है? बिजली के लिए जिन क्षेत्रों को उजाड़कर बाँध बनाने का कार्य किया जाता है, उन क्षेत्रों के लोग स्वयं कभी बिजली का उपभोग नहीं कर पाते! उनको उनके ही गाँव-जमीन से विस्थापित होना पड़ता है। 'ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' में चित्रित बाढ़ की समस्या केवल उस अंचल की कथा नहीं है। यह असम के अधिकांश हिस्सों और प्रांतों की कथा है। वर्तमान में ब्रह्मपुत्र तथा उसकी सहायक नदियों के आसपास के क्षेत्रों में भीषण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है। प्रत्येक वर्ष न जाने कितने लोगों की जमीन और घर बाढ़ का शिकार हो जाते हैं, न जाने कितने लोग विस्थापित होते हैं तथा कितने ही लोग शरणार्थी बनने के लिए मजबूर होते हैं? कहना कठिन है। बाढ़ के बाद उत्पन्न स्थिति को लोग आज भी झेलने के लिए विवश हैं। बाढ़ के कारण जीव-जंतुओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। इसके कारण असम के एक सींग वाले दुर्लभ गैंडे की प्रजाति भी खतरे में है। प्रत्येक वर्ष बाढ़ के कारण असम में अनेकों जीव-जंतु बह जाते हैं। वर्तमान में भारतवर्ष में बाढ़ की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। तमाम सरकारी प्रयासों एवं योजनाओं के बावजूद भारत की जनसंख्या की बहुत बड़ी आबादी इससे प्रभावित है। अत: 'डूब' एवं 'ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ' उपन्यास में चित्रित अंचल वर्तमान भारत के उन तमाम गाँवों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो बाढ़ की समस्या से त्रस्त हैं। ❑

संदर्भ सूची :

1. सिंह, अर्जुन प्रसाद, कृषि संकट बनाम किसान मुक्ति, पृ.-16
2. जैन, वीरेंद्र, डूब, मुख्य पृष्ठ
3. वही, पृ.-204
4. वही, पृ.- 204-205
5. क्षत्री, लीलबहादुर, ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ, पृ.- 43
6. जैन, वीरेंद्र, डूब, पृ.- 285
7. क्षत्री, लीलबहादुर, ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ, पृ.- 42
8. जैन, वीरेंद्र, डूब, पृ.-107
9. क्षत्री, लीलबहादुर, ब्रह्मपुत्रका छेउछाउ, पृ.- 42

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

कृष्णा सोबती और निरूपमा बरगोहाईं के उपन्यास : एक समीक्षा

बर्णाली बैश्य

शोधार्थी, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, असम
मो. 6001317554
ईमेल : barnalibaishya860@gmail.com

शोध सार :

बीसवीं शताब्दी का भारतीय कथा साहित्य जिन प्रमुख रचनाकारों के कारण समृद्ध हुआ है, उनमें कृष्णा सोबती (1925–2019) और निरूपमा बरगोहाईं (1932–अब तक) का नाम उल्लेखनीय है। कृष्णा सोबती हिंदी साहित्य की तथा निरूपमा बरगोहाईं असमीया साहित्य की प्रसिद्ध कथाकारों में स्थान रखती हैं। दोनों की रचनाओं के समान ही उनका व्यक्तित्व भी विलक्षण रहा है। 'उपन्यास' आधुनिक गद्य विधाओं में सर्वाधिक सशक्त तथा लोकप्रिय विधा है। इसी उपन्यास लेखन के क्षेत्र में आलोच्य लेखिकाओं ने विशेष रूप से सफलता प्राप्त की है। स्वतंत्रता संग्राम और उसके बाद के देश की सामाजिक, राजनैतिक तथा भावगत पहलुओं और समस्याओं को आलोच्य लेखिकाओं ने अपने-अपने उपन्यासों में सजीव रूप से चित्रित किया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि भिन्न परिवेश, भाषा तथा प्रांत के होने पर भी दोनों ही लेखिकाओं के उपन्यासों में चित्रित विविध परिदृश्यों में काफी समानताएँ दिखाई पड़ती हैं।

बीज शब्द :

समाज, नारी, आजादी, त्रासदी, अधिकार, चेतना आदि।

1. प्रस्तावना :

उपन्यास साहित्य का विकास आधुनिक काल से हुआ है। अपने प्रारंभिक अवस्था में अंग्रेजी तथा बंगला भाषा से प्रेरित तथा प्रभावित होकर अलग-अलग दिशाओं को पार कर उपन्यास ने वर्तमान की स्थिति प्राप्त की है। कृष्णा सोबती जहाँ अपनी बेबाक लेखनी और स्पष्ट अभिव्यक्ति के लिए जानी जाती हैं, वहीं निरूपमा बरगोहाईं अपनी स्पष्ट,सरल भंगिमा के लिए प्रसिद्ध हैं। अपनी-अपनी विशिष्ट साहित्यिक योगदान के लिए दोनों ही लेखिकाओं को अनेक पुरस्कारों तथा सम्मानों से विभूषित भी किया गया है। कृष्णा सोबती को अपने जीवन-काल में साहित्य शिरोमणि पुरस्कार, साहित्य अकादमी

पुरस्कार, उत्तर प्रदेश शासन पुरस्कार तथा ज्ञानपीठ पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वैसे ही निरूपमा बरगोहाईं को भी हेम बरुवा बँटा, बासंती देवी पुरस्कार, साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा डि.लिट उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। आलोच्य लेखिकाओं ने अपने-अपने उपन्यासों में प्रमुख रूप से समाज के विविध वर्गों की भिन्न समस्याओं, दशाओं, परिवर्तनों को चित्रित कर पाठकों के हृदय को आंदोलित किया है।

2. अध्ययन का महत्व :

प्रस्तुत अध्ययन हिंदी और असमीया साहित्य संसार की दो प्रमुख हस्ताक्षर क्रमश: कृष्णा सोबती और निरूपमा बरगोहाईं के उपन्यासों की समीक्षा को लेकर किया गया है। आलोच्य लेखकाओं के उपन्यास भले ही अलग-अलग भाषाओं में लिखे गए हैं, पर भावभूमि एक जैसी है तथा समाज चेतना ही दोनों के उपन्यासों का मूलमंत्र है। इस दृष्टि से प्रस्तुत अध्ययन महत्व रखता है। साथ ही निरूपमा बरगोहाईं और उनका साहित्य जो अहिंदीभाषी साहित्य है, की हिंदी प्रेमिओं तथा विद्वान जगत को जानकारी प्राप्त होने के साथ-साथ इस विषय में आगे चर्चा करने का अवसर भी प्राप्त होगा।

3. अध्ययन का शीर्षक :

प्रस्तुत अध्ययन का शीर्षक है - 'कृष्णा सोबती और निरूपमा बरगोहाईं के उपन्यास : एक समीक्षा'।

4. अध्ययन का उद्देश्य :

प्रस्तुत अध्ययन का मूल उद्देश्य हिंदी की कृष्णा सोबती और असमीया की निरूपमा बरगोहाईं के उपन्यासों का अध्ययन-विवेचन कर उन पर चर्चा करना है।

5. अध्ययन का सीमांकन :

प्रस्तुत अध्ययन आलोच्य लेखिकाओं के उपन्यासों पर केंद्रित रहेगा।

6. पद्धति एवं व्यवहृत प्रणाली :

प्रस्तुत आलेख की अध्ययन पद्धति मूलत: विश्लेषणात्मक एवं विवेचनात्मक है। प्रस्तुत अध्ययन की प्रस्तुति के लिए प्रिंट-स्रोतों से प्राप्त सहायक ग्रंथों का संकलन कर उनका विचार-विश्लेषण किया गया है। अवतरण एवं ग्रंथ सूची के प्रस्तुतिकरण में MLA (Modern language association) पद्धति के नवीनतम संस्करण का प्रयोग किया गया है।

हिंदी भाषा के 'य' वर्ण के लिए असमीया भाषा में दो वर्णों का चलन है - एक का उच्चारण 'य' ही है और दूसरे का उच्चारण 'ज' होता है। यहाँ असमीया 'य' के लिए हिंदी में 'य' रखा गया है, पर असमीया के 'य' के 'ज' वाले उच्चारण के लिए लिप्यंतरण में 'य' रखा गया है।

7. विषय विश्लेषण :

समाज पर पैनी निगाह रखने वाली कृष्णा सोबती ने बहुल कथा-साहित्य लिखा है। कृष्णा सोबती के अनुसार - **'साहित्य हमारी जिन्दगी में उसी तरह रचा-बचा है, जैसे इस लोक में सृष्टि का रचाव।'**[1] कम लिखने को विशिष्ट लिखना मानने वाली कृष्णा सोबती ने अपने लेखकीय इतिहास में कुल बारह उपन्यास लिखे, जिनके नाम क्रमश: इस प्रकार हैं - डार से बिछुड़ी (1958), मित्रो मरजानी (1967), यारों के यार (1968), तिन पहाड़ (1968), सूरजमुखी अंधेरे के (1972), जिन्दगीनामा (1979), ऐ लड़की (1991), दिलो दानिश (1993), समय सरगम (2000), जैनी महरबान सिंह (2007), गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिन्दुस्तान (2017) और चन्ना (2019)। अपने एक संवाद में लेखिका ने अपनी रचनात्मकता के बारे में कहा है कि - **'हमारे समय की हलचलों और आबोहवा ने हमारी पीढ़ी के रचना विस्तार को तय किया है। मेरे स्वभाव में कुछ ऐसा है कि अपने तई कभी कुछ तय नहीं रहा। इसी ने मेरी रचनात्मकता को विस्तार दिया। इसी ने हर कृति के साथ मुझे भाषा का नया मुखड़ा दिया और कथ्य को दोहराने से भी बरी रखा।'**[2]

'डार से बिछुड़ी' उपन्यास में पाशो नामक पंजाबी युवती के संघर्षपूर्ण जीवन की करुण कथा वर्णित है, जो





एक मध्यमवर्गीय, रूढ़िवादी परिवार तथा समाज का हिस्सा है। उसकी माँ के अंतर्जातीय विवाह करने के कारण यह समाज उसे भी संदेह की दृष्टि से देखता है तथा परिवार वाले बिना कारण ही उस पर लांछन लगाते रहते हैं, जिसके कारण पाशो अपनी डार या परिवार से बिछुड़कर संघर्षमय जीवन निर्वाह करने पर मजबूर हो जाती है। 'मित्रो मरजानी' कृष्णा सोबती की बहुचर्चित तथा विवादित उपन्यास है, जिसमें मध्यम वर्गीय परिवार की स्त्री मित्रो दैहिक हक की बात करके पहली बार पुरुष प्रधान भारतीय रूढ़िवादी समाज का विद्रोह करती है। 'यारों का यार' में लेखिका ने दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी आदि को लेकर एक अलग मिजाज का उपन्यास हिंदी साहित्य को भेंट की है। 'तिन पहाड़' त्रिकोण प्रेम पर आधारित नारी प्रेम की असफलता और उसकी कारुणिक प्रेम कथा पर आधारित उपन्यास है। 'सूरजमुखी अंधेरे के' लेखिका की प्रमुख प्रसिद्ध उपन्यास है, जिसमें बाल यौन शोषण के शिकार हुई लड़की की मानसिक पीड़ा की कथा और उसके जीवन संघर्ष की कथा चित्रित है। 'जिन्दगीनामा' एक ऐसी वृहद कथा है, जो किसी एक पात्र की कथा न होकर एक संस्कृति, एक जीवन-शैली की महागाथा है। अविभाजित भारत के उस दौर में पंजाब की मिट्टी की महक, गाँव, चौपाल, कृषि संस्कृति, इतिहास से जुड़ी यह उपन्यास लेखिका की मीठी स्मृतियों से उपजी हुई है। साथ ही देश की तत्कालीन राजनैतिक परिस्थिति पर भी प्रकाश डाला गया है। 1905 में हुई बंगभंग, क्रांतिकारियों का विद्रोह, अंग्रेजी शासन के खिलाफ विद्रोह के स्वर आदि का चित्रण जो अत्यंत महत्वपूर्ण है। 'ऐ लड़की' एक मृत्यु से संघर्षरत माँ और उसकी बेटी के बीच हुई संवाद शैली में लिखा गया अत्यंत ही जीवंत उपन्यास है। बेटी के भविष्य के प्रति चिंतित वृद्ध माँ का अपने जीवनानुभवों को बाटँती नारी जीवन के विविध पहलुओं को बयाँ करता यह उपन्यास एक प्रकार से नारी जीवन का महागाथा स्वरूप है। 'दिलो दानिश' दिल्ली के एक खानदानी रईस तथा वकील कृपानारायण तथा उनके परिवार के अंत:संबंधों, कलेश, सांमती परिवार तथा समाज में नारी

की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर आधारित लेखिका का एक बेहतरीन उपन्यास है। 'समय सरगम' अन्य उपन्यासों से भिन्न वृद्धों के जीवन से जुड़ी समस्याओं का एक अन्य प्रशंसनीय उपन्यास है। **'पुरानी और नई सदी के दो-दो छोरों को समेटता समय सरगम जिए हुए अनुभव की तटस्थता और सामाजिक परिवर्तन से उभरा, उपजा और एक अनूठा उपन्यास है।'**[3] जैनी महरबान सिंह उपन्यास में जिंदगी के रोमांस, उत्साह, उमंग और उजास की कथा को कृष्णा सोबती ने बड़ी ही सादगी के साथ चित्रित किया है। 'गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान' उपन्यास रक्तरंजित इतिहास के उस क्रूर और हिंसक पन्नों का वास्तव चित्र है, जिसमें उस समय का चित्र है, जब भारत की आजादी ने एक और कहानी लिखनी शुरू की, जिसका उद्देश्य अपने औपनिवेशक अतीत को धोना था। जहाँ अपने ही मुल्क में विभाजन के बाद लोग शरणार्थी बन पड़े, उपन्यास उन्हीं उखड़े और दरबदर भटके हुए रूहों की करुण कथा है। 'चन्ना' असल में कृष्णा सोबती का सबसे पहला उपन्यास है, परंतु प्रकाशक के साथ भाषा को लेकर मनमुटाव के कारण इसका प्रकाशन सबसे अंत में हुआ। 'चन्ना' अविभाजित भारत के खेतिहर समाज और उस परिवेश में जन्म लेकर पली-बड़ी लड़की की कथा है, जो स्त्री अथवा पुरुष सत्ता से निकल कर अपने आप को व्यक्ति सत्ता में देखती है।

इस प्रकार कृष्णा सोबती ने समाज के हर पहलू को अपने उपन्यासों में चित्रित करने का सतत प्रयास किया है। समाज, राजनीति, सत्ता का द्वंद्व, दो पीढ़ियों के बीच अंतराल, व्यक्ति के अंतरंग-बहिरंग रूपों, समाज में नारी की समस्याओं, नारी की स्थिति आदि के संदर्भ में लेखिका ने अपने दृष्टिकोण स्पष्ट रूप में अंकित किया है। आजादी, विभाजन की त्रासदी और नया देश - ये तीनों ही कृष्णा सोबती के लिए बहुत मायने रखते हैं, जिसे वह समय-समय पर अपने उपन्यासों के जरिए प्रवाहित करती रही हैं।

असमीया साहित्य की विशिष्ट लेखिका निरूपमा बरगोहाईं का जीवन काफी संघर्षमय रहा है। फिर भी इन बाधाओं को लाँघते हुए वह निरंतर साहित्य सृजन में लगी रही हैं। असमीया के प्रसिद्ध विद्वान, समालोचक डॉ. नगेन सइकिया जी निरूपमा बरगोहाईं की रचनाओं के बारे अपने एक लेख में इस प्रकार लिखते हैं कि - **'यथार्थते एगराकी मानविकालादी लेखक रूपे तेउ आमार समाज जीवनक स्वाभाविक भावे देखिछिल। एटात आछिल पदवी, क्षमता आरु अर्थलोभनर एखन छवि, आनटोट आछिल अर्थनैतिक, सामाजिक भावे निष्पेषित मानुहर छवि।**[4] (भावार्थ - वास्तव में एक मानवतावादी लेखक के रूप में उन्होंने स्वाभाविक रूप से हमारे सामाजिक जीवन को दो तरह से देखा था। एक चित्र पद, सत्ता व लालच का था और दूसरा चित्र सामाजिक रूप से दबे हुए लोगों का था।)

बहुमुखी प्रतिभा की धनी निरूपमा बरगोहाईं अपने साहित्यिक दौर में अब तक तीस से अधिक उपन्यास लिख चुकी हैं। उनके नाम क्रमशः इस प्रकार हैं - सेइ नदी निरबधि (1962), अंतश्रोता (1965), एजन बुढ़ा मानुह (1962), दिनर पिछत दिन (1968), हृदय एटा निर्जन द्वीप (1970), पुवार पूरबी विभास (1971, होमेन बरगोहाईं के साथ संलग्न रूप में), सामान्य - असामान्य (1971), छाया आरु छबि (1971), केकटाछर फूल (1972), नामि आहे एइ संधिया (1977), तिनि कन्या (1978), इपारर घर सिपारर घर (1979), भविष्यतर रङा सूर्य (1980), दिन प्रतिदिन (1982), चिनाकि अचिनाकि (1987), गोहाँनी आइ गोसाँनी आइ (1987), अन्य जावन (1987), चम्पावती (1990), एखन श्राद्धत आनंदाश्रु (1991), अभियात्री (1992), एकेइ जोन एकेइ बेलि (1994), ब्रह्मार अस्त्र (1994), निजर परा निलगत (1996), एलबामत हेरोवा छबि (1997), सोणीली दिन सोणाली राति (उपन्यास समग्र 1997), पखी घूरि याय, इपार सिपार, शत्रु, अन्य द्वीप अन्य ढौ (निरूपमा बरगोहाईंर उपन्यास समग्र, प्रथम खंड 1999, द्वितीय खंड 2001), पल्लवीर पृथिवी (2002), प्रेम अप्रेमर माजेदि (2002), एइ प्रेम एइ जीवन (2007), बन्दित्व (2008), अग्रगामिनी (2009), अनन्या (2010), सौगन्ध (2010)।

निरूपमा बरगोहाईं के उपन्यासों की संख्या जितनी

विशाल है, उतनी ही विषय-वस्तु वैविध्यपूर्ण है। इनके अधिकतर उपन्यास नारी केंद्रित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से सेइ नदी निरबधि, एजन बुढ़ा मानुह, दिनर पिछत दिन, सामान्य असामान्य, इपारर घर सिपारर घर, अन्य जीवन, चम्पावती और अभियात्री का नाम उल्लेखनीय है। 'सेइ नदी निरबधि' में 'लक्ष्मी', 'एजन बुढ़ा मानुह' में 'इला' और 'कमला', 'दिनर पिछत दिन' में 'अणु' आदि नारी पात्रों के जरिए समाज में प्रेम तथा विवाह में नारी की स्थिति को भलीभाँति दिखाया गया है। 'इपारर घर सिपारर घर' असमीया पाठकों तथा विद्वान समाज में अत्यंत ही चर्चित तथा प्रशंसनीय उपन्यास रहा है। उपन्यास की प्रमुख नारी पात्र 'अंजली' एक शिक्षित, स्पष्टवादी तथा नारी के अधिकारों के प्रति बोलने वाली सजग लड़की है। वह नारी शोषण तथा रूढ़िवादी समाज में नारी के तिरस्कार को अपनी युक्तिसंगत तर्क के साथ तीव्र रूप से विरोध करती हुई नजर आती है - **'हिस्ट्री! हिस्ट्री! किंतु एइ हिस्ट्री थाके केवल माइकी मानुहरहे, पुरुषर नाथाके। एइ पटेश्वरीर दरेइ चहरत थका रेखा दिरो हिस्ट्री आछे, किंतु रेखादिर सर्वनाश करा मानुहजनर हले कोनो हिस्ट्री नाथाकिल'**।[5] (भावार्थ - इतिहास! इतिहास! लेकिन यह इतिहास सिर्फ महिलाओं का होता है, पुरुषों का नहीं होता। इस पटेश्वरी की तरह शहर में रेखा दी का भी इतिहास है, लेकिन रेखा दी को नष्ट करने वाले का कोई इतिहास नहीं रहा।) उपन्यास में अन्य एक मुख्य नारी पात्र 'पटेश्वरी' के जरिए लेखिका ने समाज में पुरुषों द्वारा नारी के साथ किए गए खिलवाड़, बलात्कार, दैहिक तथा मानसिक अत्याचार को वास्तव रूप में चित्रित किया है।

पुरुषों के समान अधिकार पाने के हक को 'अन्य जीवन' और 'चम्पावती' नामक उपन्यासों में चित्रित किया गया है। 'अन्य जीवन' में शादी के बाद पहली बार मनोज अपनी पत्नी अनिमा को अपने गाँव लेकर जाता है। वहाँ अनिमा को रंभा चाची के पति के असहनीय अत्याचार के कारण आत्महत्या करने की बात पता चलती है और वह पुरुष जाति के प्रति घृणा करने लगती है, किंतु अंत में वह समझ जाती है कि नारी शोषण का खात्मा पुरुषों के खिलाफ लड़कर नहीं, बल्कि पुरुषों के साथ एक होकर ही संभव है। पुतली के संवाद में यह स्पष्ट होता है - **'आमार एइ समाज व्यवस्थार आमूल परिवर्तन नोहोवा लैके**

आमार पुरुष प्रधान समाज खनर पुरुषर दृष्टिभंगी सलनि नहय।'[6] (भावार्थ – हमारे इस समाज व्यवस्था में नूतन परिवर्तन नहीं होने तक हमारे पुरुष प्रधान समाज के पुरुषों की दृष्टि भी नहीं बदलने वाली है।) इसी प्रकार 'चम्पावती' में मुख्य नारी पात्र चम्पावती अपने पति के विवाहेतर संबंध का विरोध कर पति-गृह त्याग देती है, जिससे गाँव में उसकी बहन के विवाह की समस्या के साथ-साथ उसके चरित्र पर भी लोग उँगली करते हैं। चम्पावती इनके खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर समाज में नारी को अपनी मर्यादा के प्रति जागरूकता अभियान में आगे बढ़ती है। 'अभियात्री' उपन्यास, जो मूलत: जीवनीमूलक उपन्यास है, असम में स्वतंत्रता आंदोलन की सेनानी तथा नारी मुक्ति आंदोलन की अग्रदूत चंद्रप्रभा सइकिया के जीवनी पर आधारित है। प्रस्तुत उपन्यास में लेखिका ने असम में प्रारंभिक दौर में स्त्री-शिक्षा के परिवेश, स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं का योगदान तथा नारी अधिकार के लिए लड़कर असम प्रादेशिक महिला समिति का गठन आदि का वास्तव चित्र उपन्यास में अंकित कर एक सफल समाजवादी नारी विषयक उपन्यास साहित्य-प्रेमियों को भेंट की है।

निरूपमा बरगोहाईं के उपन्यासों में दूसरा प्रमुख स्वर राजनैतिक परिदृश्य का है। केकटाछर फूल, गोहाँनी आइ गोसाँनी आइ, निजर परा निलगत, अभियात्री आदि उपन्यासों में स्पष्ट रूप से असम के तत्कालीन राजनैतिक परिस्थितियों का चित्रण देखने को मिलता है। स्वतंत्रता संग्राम, असम आंदोलन, कम्युनिस्ट पार्टी, नृशंस जनसंहार, अल्फा विद्रोह के साथ-साथ गांधीवादी विचारधाराओं का उल्लेख इन उपन्यासों में देखने को मिलता है। इस प्रकार ग्राम्य तथा शहरी जीवन के भिन्न चित्र और उनमें अंतराल, प्रेम, समाज में नारी की स्थिति, नारी संघर्ष, पारिवारिक समस्याओं, स्त्री-पुरुष संबंध, अन्याय के प्रति विद्रोह आदि सामाजिक समस्याओं के साथ ही तत्कालीन राजनैतिक, अर्थनैतिक तथा धार्मिक समस्याओं का चित्रण निरूपमा बरगोहाईं के उपन्यासों में द्रष्टव्य है।

निष्कर्ष :

उपर्युक्त अध्ययन-विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि कृष्णा सोबती और निरूपमा बरगोहाईं के उपन्यासों की रचना भले ही अलग-अलग परिवेश, भाषा तथा प्रांत में हुई हो, किंतु दोनों के उपन्यासों के मूल में समाज चेतना का भाव ही प्रमुख है तथा तत्कालीन सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक आदि विविध पहलुओं का चित्रण आलोच्य लेखिकाओं के उपन्यासों में सजीव रूप में देखने को मिलता है। ❑

ग्रंथ सूची :

1. सोबती, कृष्णा, वैद बलदेव कृष्ण. सोबती-वैद संवाद. राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली. 2007, पृष्ठ-33
2. वही, पृष्ठ-29
3. सोबती, कृष्णा. समय सरगम. राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली. 1984, कवर पृष्ठ से
4. बरुवा, नवीन. नीलकण्ठी निरूपमा. पूर्वांचल प्रकाशन, गुवाहाटी. 2018, पृष्ठ-16
5. बरगोहाईं, निरूपमा. निरूपमा बरगोहाईंर उपन्यास सम्भार 2. ज्योति प्रकाशन, गुवाहाटी. 2001, पृष्ठ-23)
6. वही, पृष्ठ- 733

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

शंकरदेव की अपूर्व सृष्टि अंकिया नाट

डॉ. जोनाली बरुवा

विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर
मरिधल महाविद्यालय, धेमाजी, असम
डाक : धेमाजी, पिन : 787057
मो. 9864108413
ईमेल : jonaliboruah7@gmail.com

प्रस्तावना :

नाटकों का संबंध निस्संदेह लोकजीवन से है और इसलिए लोक का इतिहास जितना पुराना है, नाटक परंपरा भी उतनी ही प्राचीन है। नाटक के तत्व, संवाद आदि का समावेश सबसे पहले वेदों में मिलता है, जिससे उसकी प्राचीनता का सहज ही परिचय मिल जाता है। नृत्यगीत और कविताओं की प्रधानता से आगे निकलकर आधुनिक नाटकों का वास्तविक प्रारंभ 19वीं शताब्दी के अंत में हुआ, परंतु नाटकीय तत्वों का अपेक्षाकृत अभाव होने के बावजूद पद्यबद्ध नाटकों की परंपरा आज भी विद्यमान है। सामान्य जनता का मनोरंजन करना इन लोक नाटकों का उद्देश्य होता है।

असम प्रदेश प्राचीन संस्कृति और कला का केंद्र रहा है। विशेषकर कृष्णभक्ति आंदोलन के अभ्युदय, विकास एवं विस्तार ने असम जैसे प्रांतीय प्रदेशों को भी प्रभावित किया। असम प्रदेश के प्रमुख वैष्णव कवि, नाटककार, अभिनेता, चित्रकार, संगीतकार, समाज सुधारक आदि बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्रीमंत शंकरदेव ने असमिया समाज संस्कृति में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया। कृष्ण भक्ति के साथ साथ भगवान राम को अवतार मानकर राम भक्ति का प्रवर्तन किया। मध्ययुग में पूरे देश में अपना प्रभाव विस्तार करने वाली भक्ति की धारा के कई तत्व अलग अलग प्रांतों में समान रूप से पाए जाते हैं। यद्यपि श्रीमंत शंकरदेव के आराध्य कृष्ण थे, उन्होंने रामभक्ति का भी प्रचार किया। जात-पात के भेद को भुलाकर भक्ति को सर्व जन सुलभ बनाने के लिए नाटक जैसी प्रभावशाली साहित्यिक विधा का सहारा लिया। श्रीमंत शंकरदेव के नेतृत्व में असम में 'अंकिया नाट' का सूत्रपात और विकास हुआ। उनका राम के चरित्र पर आधारित प्रथम अंकिया नाट 'रामविजय' है। 'रामविजय' के पश्चात राम के चरित्र पर आधारित अंकिया नाटों की परंपरा अबाध गति से चलती रही।

ईश्वर के साकार, अवतारी और लीलामयी रूप की उपासना राम काव्य के कवियों ने की है। लोकरक्षक, धर्म संस्थापक, मर्यादा पुरुषोत्तम राम जन जन को मोहित करने वाले हैं। राम भक्ति धारा का प्रमुख स्रोत रामचरित

मानस है। भारतीय रंगमंच के इतिहास के आरंभिक समय से ही राम चरित मानस के अभिनय किए जाने का उल्लेख मिलता है। वर्तमान युग में रामलीला का जो भारत व्यापी प्रचार प्रसार है, उसकी आधारशीला गोस्वामी तुलसीदास ने ही रखी थी।

बीज शब्द :

अंकिया नाट, यात्रा नाट, भक्ति, रंगमच, संवाद, रस आदि।

विषय प्रवेश :

'अंकिया नाट' असमिया नाट्य साहित्य के जनक महापुरुष शंकरदेव की अपूर्व सृष्टि है। 'एकशरण' नाम धर्म के प्रचार माध्यम के रूप में सृजित इस विधा ने एक ओर जहाँ असमिया साहित्य के भंडार को समृद्ध किया वहीं दूसरी ओर असमिया संस्कृति की अभिव्यक्ति में एक विशेष भूमिका भी निभाई। शंकरदेव ने तत्कालीन समाज के निरक्षर, सहज-सरल लोगों के मन में कृष्ण भक्ति की धारा प्रवाहित करने के उद्देश्य से अंकिया नाटकों की रचना की तथा भाओना प्रथा का श्रीगणेश किया। कुछ विद्वानों के अनुसार समाज में निम्न श्रेणी के माने जाने वाले शूद्रों को संस्कृत नाटकों का मंचन देखना मना था। शंकरदेव ने जात-पात के बंधन से मुक्त होकर सभी वर्ग के लोगों को एक माना। शंकरदेव का प्रथम सफल प्रयास था 'चिह्नयात्रा' का मंचन। 'चिह्नयात्रा' की सफलता के बाद शंकर देव ने कहानी, संवाद, श्लोक, गीत, भटिया, नाट या नृत्य आदि उपादानों से युक्त अंकिया नाटों की रचना की। शंकरदेव द्वारा लिखे गए नाटक हैं : कालिया दमन, पत्नी प्रसाद, केलिगोपाल, रुक्मिणी हरण, पारिजात हरण और राम विजय। शंकरदेव की परंपरा का निर्वाह करते हुए उनके प्रिय शिष्य माधवदेव ने भी नाटकों की रचना की।

अंकिया नाटों का स्रोत :

जिस समय शंकरदेव ने लिखित नाट्य साहित्य का प्रवर्तन किया उस समय असमिया, बंगला, उड़िया आदि किसी प्रांतीय भाषा में लिखित नाट्य साहित्य का उदाहरण देखने को नहीं मिलता। कुछ विद्वान मैथिली भाषा में लिखित 'उमापति उपाध्याय' की रचना 'पारिजात हरण'



(1325 ईस्वी) को प्रांतीय भाषाओं और बोलियों में प्रथम नाट्य साहित्य मानते हैं। शंकरदेव ने अंकिया नाटकों की लेखन शैली संस्कृत नाटकों से लिया था। अंकिया नाटकों की रचना शैली में संस्कृत नाटकों का स्पष्ट प्रभाव देखा जा सकता है। विशेषकर अंकिया नाटकों में नांदी, प्ररोचन, आमुख या प्रस्तावना, श्लोकों का प्रयोग, सूत्रधार, संगी और भरत वाक्य समान मुक्ति मंगल भटिमा का प्रयोग संस्कृत नाटकों की ही देन है।

अंकिया नाटकों का दूसरा प्रमुख स्रोत है - मध्ययुगीन भारत के विभिन्न रंगमंचीय अनुष्ठानों का प्रत्यक्ष अनुभव। शंकरदेव ने अपने जीवनकाल में दो बार तीर्थाटन किया था। असम के बाहर के विभिन्न नाट्य मंडलियों और संस्थानों के साथ वे स्वयं जुड़े रहे। इनमें कथकली, भागवत खेल नाटक, तेरकुर्तु, भवाई, ललित, रासलीला, रामलीला, नौटंकी आदि प्रमुख हैं। अंकिया नाटकों का तीसरा एवं एक महत्वपूर्ण स्रोत है - असम के स्थानीय नाट्यानुष्ठान। यद्यपि, उस समय असम में लिखित नाट्य साहित्य का अभाव था तथापि समाज में मनोरंजन के साधन के रूप में कुछ लोक नाट्यों का प्रचलन था, जिनमें ओजापालि, कठपुतली नृत्य, लोक नृत्य, ढुलिया नाच, देवधानी नृत्य आदि उल्लेखनीय हैं।

उपर्युक्त तीनों स्रोतों के आधार पर नाट्य साहित्य का सृजन करने के बावजूद शंकरदेव की रचनाओं में उनकी अपनी विलक्षण प्रतिभा और एक पृथक रचना शैली का परिचय मिलता है। विशेषकर अंकिया नाटकों का कला कौशल और कथानकों के चयन में काफी मौलिकता दिखाई देती है।

'अंकिया नाट' शब्द की उत्पत्ति :

महापुरुष शंकरदेव और महापुरुष माधवदेव द्वारा रचित नाट्य साहित्य में उन्होंने कहीं भी 'अंकिया' शब्द का उल्लेख नहीं किया है। इस शब्द का प्रयोग परवर्ती समय में देखा जाता है। डॉ. सत्येंद्र नाथ शर्मा ने कहा है – 'अंकिया एक विशेषण शब्द है (अंक + इया), इसके साथ नाट शब्द जोड़कर 'अंकिया नाट' शब्द प्रचलन में आया।'

संस्कृत नाट्य साहित्य में अंकित शब्द का अर्थ है चिह्न। इसके माध्यम से कथानक के विभिन्न स्तरों को चिह्नित किया जाता है। कुछ विद्वानों का मानना है कि एक अंक का होने के कारण इसका नाम अंकिया नाट पड़ा होगा। शंकरदेव और माधवदेव ने नाटक की अभिव्यक्ति के लिए 'नाट' या 'नाटक' और 'यात्रा' शब्द का प्रयोग किया था। परवर्ती समय में इन दो महापुरुषों द्वारा रचित नाट्य साहित्य को विशेषता प्रदान करने के लिए शायद उसे 'अंकिया नाट' कहा गया।

अंकिया नाटों के प्रकार और विशेषताएं :

अंकिया नाटों को मुख्य रूप से तीन श्रेणियों में रखा जा सकता है। नाट, यात्रा और झुमुरा। अंकिया नाटों का अध्ययन करने पर उनमें निम्नलिखित सामान्य विशेषताएं देखी जा सकती हैं –

1. सूत्रधार की प्रधानता या महत्वपूर्ण भूमिका
2. काव्यधर्मी गीत
3. श्लोक या पयार की अधिकता
4. ब्रजावली भाषा का प्रयोग
5. लयात्मक गद्य का प्रयोग
6. संगीत नृत्य

अंकिया नाट की उल्लेखनीय विशेषता है – सूत्रधार की प्रधानता। अंकिया नाटों में सूत्रधार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यद्यपि नाटक में सूत्रधार की परिकल्पना संस्कृत नाटकों से ली गई है तथापि शंकरदेव ने इसमें अपनी मौलिक प्रतिभा का परिचय देते हुए उसे स्थानीय रूप दिया है। संस्कृत नाटक में सूत्रधार का कार्य नाटक के आरंभ में ही समाप्त हो जाता है, लेकिन अंकिया नाटों में सूत्रधार नांदी गीत गाकर नाटक की शुरुआत करता है और पूरे नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता हुआ मुक्ति मंगल गाकर नाटक की समाप्ति तक अपना पार्ट अदा करता है। अंकिया नाट का सूत्रधार गायक, नर्तक, परिस्थिति व्याख्याकार, निर्देशक आदि सभी भूमिका निभाता है। अंकिया नाट में सूत्रधार की भूमिका को देखते हुए हम यह कह सकते हैं कि वह वास्तव में नाटक के अभिनेताओं और दर्शकों के बीच वह सेतु समान होता है। सामान्य दर्शकों को नाटक की कहानी समझने में सूत्रधार काफी सहायक होता है।

अंकिया नाटों की भाषा ब्रजावली है। मैथिल कोकिल विद्यापति की पदावलियों का प्रभाव ब्रजावली में देखा जा सकता है। अंकिया नाट आरंभ से अंत तक गीतिधर्मिता की विशेषताओं से युक्त होता है। नांदी श्लोक से नाटक का आरंभ होता है और अभिनेताओं तथा नाटककार का परिचय देते हुए मुक्ति मंगल भटिमा से पहले गाए जाने वाले श्लोक के साथ नाटक समाप्त किया जाता है। महापुरुष शंकरदेव असमिया नाट्य साहित्य के साथ-साथ असमिया गद्य साहित्य के भी जनक हैं। पारंपरिक लीक से अलग हटते हुए नाट्यकार शंकर देव ने अंकिया नाटों में सर्वप्रथम भाषा की सामान्य कथित शैली को साहित्यिक भाषा की मर्यादा प्रदान की। अंकिया नाटों के भाओरिया (पात्रों) के संवादों में गद्य शैली का सर्वप्रथम प्रयोग किया गया।

मंच सज्जा और अभिनय उपकरण :

अंकिया भाओना अभिनय के लिए किसी ऊंचे या बड़े मंच का इस्तेमाल नहीं किया जाता। नामघर अथवा अस्थायी मंच पर जमीन में ही इसका मंचन किया जाता है। भाओना में चरित्र के प्रकार अथवा गुणगत भेदों के अनुसार कुछ चरित्रों के अंग अथवा चेहरे में रंग लगाया जाता है। इसके लिए आमतौर पर सफेद, नीला, लाल,

गेरुवा अथवा काले रंग का प्रयोग किया जाता है। भाओना में अस्वाभाविक या भयानक रूप वाले कुछ चरित्रों को मुखौटे भी पहनाए जाते हैं। गणेश, रावण, बराह, गरुड़, ब्रह्मा, असुर आदि चरित्रों के चेहरे में मुखौटा धारण करने की परंपरा है।

अंकिया नाट में रस विचार :

भरतमुनि के रस सूत्र द्वारा अंकिया नाट पर विचार कर पाना असुविधाजनक होने की बात करते हुए डॉ. सत्येंद्र नाथ शर्मा कहते हैं 'चूंकि असमिया नाटकों का मूल उद्देश्य दर्शकों को काव्य का रसास्वादन कराना नहीं बल्कि उनमें भक्ति रस जगाना है।' यही कारण है कि साधारण काव्य नाटकों में पाए जाने वाले नौ रसों का अंकिया नाट में अभाव दिखाई देता है। इसमें दिखाई देने वाले शृंगार या वीर रस को भी भक्ति रस का सहायक उपादान माना जाता है। शंकरदेव के कुल छह नाटकों में से राम के चरित्र पर आधारित नाटक की समीक्षा करना इस शोध पत्र का मूल उद्देश्य है। अत: यहाँ शंकरदेव के राम विजय नाटक की चर्चा करते हुए तुलनात्मक समीक्षा प्रस्तुत की जाएगी।

राम विजय शंकर देव की अंतिम रचना है। 1490 ईस्वी में चिलाराय या शुक्लध्वज की प्रेरणा से इस नाटक की रचना की गई। शंकरदेव के नाटकों में सिर्फ राम विजय नाटक की कहानी ही रामायण से ली गई है। मूल कथानक रामायण से ग्रहण किए जाने के बावजूद राम विजय में नाटककार ने ऐसे कई प्रसंग डाले हैं, जिनका रामायण में उल्लेख नहीं मिलता। इसमें महानाटक या हनुमंती काव्य का प्रभाव दिखाई देता है। नाटक के विकास को ध्यान में रखते हुए डॉ. सत्येंद्र नाथ शर्मा ने असमिया नाट्य साहित्य में पंच संधि के उपस्थापन को इस प्रकार दिखाया है - प्रथम चरण 'आरंभ' सीता के रूप-गुण का वर्णन सुनकर राम के मन में सीता के प्रति आकर्षण, द्वितीय चरण 'यत्न' राम का मिथिला भ्रमण और धनुष भंग, तृतीय चरण 'प्राप्तयाशा' सीता-राम स्वयंवर तथा परशुराम का विरोध, चतुर्थ चरण में परशुराम के बाधा का निस्तारण 'नियताप्ति' और सीता के साथ अयोध्या में उपस्थिति और मिलन है पंचम चरण 'फलागम'। (असमिया नाट्य साहित्य पृष्ठ 58)

अपने नाटकों का मूल उद्देश्य धर्म प्रचार होने के कारण शंकरदेव ने नाटकों के चरित्र चित्रण को अधिक महत्व नहीं दिया। उनका एकमात्र उद्देश्य था भगवान विष्णु अथवा कृष्ण के चरित्र का गुणगान, जिसके कारण नायक रूपी भगवान के चरित्र पर ही पूरा नाटक केंद्रित रहता था। राम विजय नाटक में भी भगवान विष्णु के अवतार रूप भगवान राम के चरित्र को उभारने में जितना ध्यान दिया गया है। उतना अन्य चरित्र पर नहीं दिया गया। रामचंद्र को एक वीर क्षत्रीय के रूप में नाटक में प्रस्तुत किए जाने के साथ-साथ इस बात पर अधिक जोर दिया गया है कि भगवान राम त्रिभुवन के अधिपति हैं।

शंकर देव ने अपने नाटक राम विजय में कुछ ऐसे प्रसंगों की कल्पना की है, जिनका रामायण में उल्लेख नहीं मिलता। कुछ ऐसे प्रसंग निम्न है -

1. मूल रामायण में राम लक्ष्मण को गुरु विश्वामित्र शिक्षा आश्रम से धनुष यज्ञ दिखाने ले गए थे, स्वयंवर के लिए नहीं, लेकिन शंकरदेव के राम लक्ष्मण स्वयंवर के उद्देश्य से ही मिथिला जाते हैं।

2. गुरु विश्वामित्र के मुँह से सीता के अपरूप सौंदर्य और गुणों की बात सुनकर राम के मन में सीता के प्रति आकर्षण पैदा होने की बात भी मूल रामायण में नहीं है।

3. स्वयंवर सभा का वर्णन और सीता को देखकर सभा में उपस्थित राजाओं के मन में होने वाली प्रतिक्रियाओं की अभिव्यक्ति आदि मूल रामायण में दिखाई नहीं देती।

4. स्वयंवर सभा में शिव-धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास करने वाले राजाओं का लज्जित होने का प्रसंग भी मूल रामायण से अलग है।

5. भगवान राम द्वारा धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने से पूर्व उत्कंठित होकर सीता द्वारा धरती माता को कहे गए वाक्य भी मूल रामायण के नहीं हैं। महानाटक या हनुमंती काव्य में इस प्रसंग का उल्लेख मिलता है।

6. आयोध्या लौटते हुए रास्ते में होने वाले परशुराम और विश्वामित्र युद्ध की कथा भी रामायण में नहीं है।

7. राम विजय नाटक में सीता को जातिस्मर के

रूप में दिखाया गया है। रामायण के आदिकांड में सीता के जातिस्मर होने का उल्लेख नहीं मिलता। रामायण के उत्तर कांड में सीता के जातिस्मर होने का उल्लेख मिलता है। यद्यपि शंकरदेव के रामविजय का कथानक आदिकांड रामायण से लिया गया है, तथापि उत्तर कांड रामायण से यह प्रसंग लाकर शंकरदेव ने अपने नाटक में उसे स्थान दिया है और इस तरह कथानक की प्रासंगिकता को बनाए रखने में शंकरदेव ने अपनी नाट्य प्रतिभा का परिचय दियाहै।

उत्तर भारत का प्रसिद्ध लोकनाट्य 'रामलीला' का मूलाधार है - गोस्वामी तुलसीदास कृत 'रामचरितमानस'। परंपरागत रूप से मंचस्थ होने वाले रामलीला में भगवान राम के संपूर्ण जीवन की नाटकीय प्रस्तुति की जाती है।

अंकिया नाट की मंचीय व्यवस्था पौराणिक चरित्रों को ध्यान में रखकर किया गया है। यहाँ दर्शक या जनता का भी एक महत्वपूर्ण स्थान है।

अंकिया नाट में राम जन्म पूर्व की कथा, राम जन्म और राम का राज्याभिषेक आदि प्रसंगों को स्थान नहीं दिया गया है। यहाँ राम जन्म के पूर्व की घटनाओं को प्रमुखता नहीं दी गई है तथा राम के जीवन के कई प्रसंगों को छोड़ दिया गया है। व्यक्तिगत रूचिबोध और दर्शकों की रुचिबोध आदि विभिन्न कारणों से अंकिया नाट की कथावस्तु में भिन्नता पाई जाती है। अधिकतर रामाख्यान पुराण पर आधारित है। इसमें बहुत कम परिवर्तन देखने को मिलता है। अंकिया नाट में पात्रों में नवीनता और युगानुरूप मौलिकता प्रदान करने के कुछ प्रयोग देखे जा सकते हैं। कथावस्तु में निषाद कथा, शबरी कथा, बाली वध, मेघनाद वध, सीता की खोज, रावण कथा, सीता वनवास आदि का प्रयोग नूतन और अभिनव शैली में देखा जा सकता है। अंकिया नाट में कुछ ऐसे प्रसंग लिए गए हैं, जिनका रामायण में उल्लेख नहीं मिलता, यथा : राम-हनुमान युद्ध, लक्ष्मण दिग्विजय, सीता के द्वारा रावण वध आदि। शंकर देव ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अंकिया नाट में ऐसे कई प्रसंगों का संयोजन किया है, जो बिल्कुल मौलिक हैं।

अंकिया नाटकों के प्रमुख पुरुष पात्र हैं : राम, लक्ष्मण, दशरथ, हनुमान, रावण, विभीषण आदि। अंकिया नाट में संपूर्ण नाटक का संचालन सूत्रधार करता है। इनके अलावा सुग्रीव, बाली, निषाद, खरदूषण, अंगद, कुंभकर्ण, मेघनाद आदि का चरित्र चित्रण किया गया है। उसी प्रकार उल्लेखनीय नारी चरित्र हैं - सीता, कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा तथा सहायक नारी पात्रों में मंदोदरी, शबरी, तारा, शूर्पणखा, अहल्या, मंथरा आदि का नाम लिया जा सकता है। राम के पक्ष के जितने भी चरित्र हैं, उनमें उदारता और मानवता के गुण देखे जा सकते हैं। सीता के चरित्र चित्रण में नाटककार ने अपनी कुशलता का परिचय दिया है।

अंकिया नाट का सूक्ष्म एवं गहन अध्ययन करने पर पता चलता है कि नाटकों के संवाद अपने आरंभिक समय से आज तक की यात्रा में काफी परिवर्तित हो चुके हैं, जिसमें समय और परिस्थिति के अनुसार विकासोन्मुख परिवर्तन माना जा सकता है। इन नाटकों के संवाद सहज-सरल, प्रवाहमान, और प्रौढ़ हैं। भाषा की दृष्टि से भी दोनों नाटकों के संवाद काफी आकर्षक, असरदार और रुचिकर हैं। हालांकि, इन नाटकों में राम के चरित्र के माध्यम से बोले जाने वाले संवादों में काफी वैषम्य पाया जाता है। इन संवादों में संबोधन शब्द, भाषा शैली और भाषा प्रयोग में समानता देखी जा सकती है। उदाहरण के तौर पर अवधी और ब्रज भाषा की बात की जा सकती है। इनके अलावा मैथिली, उर्दू मिश्रित भाषा के शब्दों का आगमन देखा जा सकता है।

सभी नाटकों में गद्य शैली का प्रयोग दिखाई देता है। प्रारंभिक नाटकों में गद्य का प्रयोग सूत्रधार कथा प्रसंगों को जोड़ने के उद्देश्य से करता था। शंकरदेव के अंतिम नाटक राम विजय में पूर्ण रूप से गद्य शैली का प्रयोग किया गया है और पद्य का प्रयोग केवल गीतों के रूप में किया गया है। मनोभावों को उद्वेलित करने के लिए गीतों का सहारा लिया गया है। राम विजय नाटक गद्य शैली का सुंदर उदाहरण है। इस नाटक में पद्य अथवा गीतों की तुलना में गद्य का प्रयोग अधिक मात्रा में है।

रंगमंचीयता :

अंकिया नाट के मंचन के लिए किसी विशेष मंच का निर्माण नहीं किया जाता बल्कि यह खुले स्थान में किया जाता है। 'रभा' नामघर के अंदर ही निर्मित किया जाता है अथवा नामघर परिसर में अलग

से अस्थायी पंडाल लगाकर जमीन पर ही इसका मंचन किया जाता है। दर्शकों के बैठने के लिए चटाई या कालीन आदि की व्यवस्था की जाती है। अंकिया नाट में नृत्य, गीत, संगीत की मुख्य भूमिका होती है, कारण मर्यादा पुरुषोत्तम राम के चरित्र चित्रण में गंभीर वातावरण बनाए रखने के लिए वहाँ नृत्य, संगीत का स्थान गौण हो जाता है। अंकिया नाट में पहले हजारों दीपक जलाकर उस स्थान को रोशन करने की परंपरा थी, जो अब लगभग समाप्त हो चुकी है। अभिनेताओं की वेशभूषा का महत्व सर्वोपरि है। अंगों को रंगना, मुखौटों का प्रयोग दोनों नाटकों में देखा जा सकता है।

अंकिया नाटक की रचना में एक विशेष उद्देश्य निहित रहता है। शंकरदेव ने 'एकशरण नाम धर्म' के प्रचार के उद्देश्य से अशिक्षित, ग्रामीण, सहज-सरल लोगों के बीच अंकिया नाटों की शुरुआत की थी। लोगों में भक्ति रस की धारा प्रवाहित करना ही इसका मूल उद्देश्य था। इसके अलावा वात्सल्य, करुण, वीर, रौद्र, वीभत्स, शांत आदि रसों का भी सुंदर प्रयोग सुंदर प्रयोग देखा जा सकता है।

अंकिया नाटक में अन्यान्य रसों का महत्व कम देखा जाता है। लोकोक्ति, कहावत और मुहावरों का प्रयोग दोनों में देखा जा सकता है। शंकरदेव ने अंकिया नाट में सहज, सरल लोगों तक अपनी बात सहजता से पहुंचाने के उद्देश्य से लोकोक्ति एवं कहावतों का खूब प्रयोग किया है, जिसके कारण उनकी भाषा में एक विशेष प्रवाह देखा जा सकता हैं।

शैली के दृष्टिकोण से अंकिता नाट में भावात्मक, दार्शनिक, कथावाचक, उपदेशपरक, आशीर्वादात्मक, वर्णनात्मक, लाक्षणिक, आदेशात्मक, ओजपूर्ण, व्याख्यात्मक और आलंकारिक शैली का प्रयोग देखा जा सकता है।

उपसंहार :

अंकिया नाट मूलत: दोनों भारतीय समाज की संस्कृति से संपृक्त एक धार्मिक अनुष्ठान है। मध्ययुग के भक्ति आंदोलन की साधना पद्धति के एक मुख्य मार्ग के रूप में इसका विशेष महत्व है। अंकिया नाट लिखने और उसे मंचस्थ करने का शंकरदेव का एक विशेष उद्देश्य था - आम जनता में भक्ति का प्रचार-प्रसार। इसलिए आम जनता की रुचिबोध को ध्यान में रखकर उन्होंने नाटकों की भाषा और शैली में कुछ नयापन लाया।

भक्ति आंदोलन की नींव पर निर्मित इस नाट्य शैलियों का मूल उद्देश्य जनता को ईश्वर का साक्षात दर्शन कराकर उनके मन में ईश्वर के प्रति आस्था जगाना है। इन नाटकों का जनजीवन के साथ गहरा संबंध है। आज संचार-क्रांति और सूचना-प्रौद्योगिकी के युग में भी इस प्रकार के नाटकों का अपना अलग महत्व बना हुआ है। असमिया समाज जीवन में अंकिया नाट या भाओना का महत्वपूर्ण स्थान है।

उपर्युक्त अध्ययन से यह बात स्पष्ट होता है कि इन नाटकों का उद्देश्य मनुष्य के मन को सांसारिक लोभ, मोह से छुटकारा दिलाकर आत्मा और परमात्मा के मिलन की ओर उद्‌बुद्ध करना है। ❑

संदर्भ ग्रंथ :

01. स्नातक विजयेन्द्र : हिंदी साहित्य का इतिहास, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली 2009
02. गुप्त, गणपति चंद्र : हिंदी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 1994
03. शर्मा, सत्येंद्र नाथ : असमीया नाट्य साहित्य सौमार प्रकाशन गुवाहाटी 2010
04. दुवरा, पूरवी : (संपादक) नाट्य वीक्षा, महाविद्यालय प्रकाशन प्रकोष्ठ धेमाजी 2010

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

कार्बी जनजाति के लोकगीत : एक अध्ययन

पूजा बरुवा

असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग
नगांव महाविद्यालय (ऑटोनोमस),
ए.टी. रोड, नगांव, असम-782001
मो. 8822864938
ईमेल : pujabaruah7274@gmail.com

प्रस्तावना :

पूर्वोत्तर भारत अनेक जाति तथा जनजातियों की संस्कृति, साहित्य, सभ्यता, दर्शन आदि से समृद्ध है। असम पूर्वोत्तर भारत का एक ऐसा राज्य है, जहाँ कई जनजातियों का बसेरा है। सांस्कृतिक दृष्टि से यहाँ की जनजातियाँ काफी समृद्ध है। उन जनजातियों में से एक प्रमुख है कार्बी। लोक-गीतों को संस्कृति का द्योतक कहा जाता है। किसी भी संस्कृति को जानने के लिए उस संस्कृति से जुड़े लोकगीतों को जानना जरूरी है, क्योंकि लोक-गीत संस्कृति का दर्पण हैं। लोक-गीत मूलत: सुख, दुख, ऐतिहासिक घटना, कथा, उत्सव आदि के प्रतिनिधि होते हैं। कार्बियों में अनेक लोक-गीत प्रचलित हैं। विभिन्न उत्सव एवं समारोहों में ये लोक-गीत गाए जाते हैं। उनमें से विवाह-गीत, लोरी गीत, प्रेम-गीत, 'हाम्फु' देवता के गीत, शराब प्रस्तुत करते समय गाए गए गीत, लक्ष्मी देवी के गीत, वर्षा देवी के गीत, रामायण के गीत या छाबिन आलुन, प्रार्थना गीत, अतीत के गीत आदि अनेक लोक-गीत प्रमुख हैं। इन लोक-गीतों में पूरा कार्बी समाज प्रतिफलित हुआ है। इनको छोड़कर कार्बी जनजाति की संस्कृति का विश्लेषण कर पाना असंभव है।

विश्लेषण :

कार्बी असम की एक प्रमुख जनजाति है। कार्बी मूलत: मंगोलीय या चीनी-तिब्बतीय प्रजाति की जनजाति है। कार्बी शब्द उनकी जनजाति और भाषा दोनों के लिए प्रयुक्त होता है। कार्बियों का जो साहित्य है, वह अधिकतर मौखिक रूप में ही पाया जाता है। लोक-गीतों के क्षेत्र में कार्बी जनजाति अद्वितीय है। ये गीत उनके बीच युगों-युगों से अधिकतर मौखिक रूप से चलते आ रहे हैं। उन लोगों के बीच प्रचलित गीत लोगों के मुख से गुजरते हुए विकसित हुए हैं। कार्बी जनजाति लोक-गीतों में अत्यंत समृद्ध है और वे अलग-अलग अवसरों पर अलग-अलग गीत गाते हैं। कार्बी लोग

विभिन्न उत्सव एवं समारोहों के अवसर पर विविध लोक-गीत गाते हैं। उनके पारंपरिक लोक-गीत और धार्मिक गीत सामान्यत: उन विशेषज्ञों द्वारा ही गाया जाता है, जो उनके अर्थ भी समझते हैं और जिनकी आवाज भी अच्छी हो। अब हम निम्न बिंदुओं के आधार पर प्रस्तुत शोध-पत्र की चर्चा करेंगे -

(क) विवाह गीत :

कार्बी में विवाह कार्य को 'पिछॉ पांगरि' कहा जाता है। कार्बी शादी में विवाह-गीतों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। कार्बी विवाह में गाए जाने वाले गीतों को 'आदाम आसार' कहा जाता है। इन गीतों में कार्बी गीति साहित्य तथा संस्कृति की झाँकी देखने को मिलती है। इसमें कार्बी समाज के रीति-रिवाज, दूल्हा-दुल्हन की समस्याएँ, कन्यादान की विरह-वेदना, दुल्हन को दिए गए उपदेश आदि का यथार्थ चित्रण मिलता है। लड़के वाले और लड़की वालों के बीच विवाह-गीत के माध्यम से एक-दूसरे के उद्देश्य और मतों का आदान-प्रदान होता है। ये गीत उभय पक्षों के गायकों द्वारा गाए जाने का नियम है, पर इस विषय में निपुण कोई व्यक्ति दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष की ओर से गा सकता है। विवाह की रात को मामा के घर में दोनों पक्षों द्वारा गाए जाने वाले गीत का एक उदाहरण देखिए -

थेलु (मामा) :
जु छांगलिन पेन क्लिरमे-
आन छार आंगहांग फुहे
बंगछुक पांगफार चे
खिमा रिमरॉ चे
देंग किन्दु तकचे (ले)
थेलु आहुम मे
पत लॉ हुमरि नांगले ?
पालात आफंगमे (तंग)
लॉ हुमरि छांगले (मा)
आहुत ले उनए (तंग)
लॉ हुमरि मा हे ? (दास 1998 : 26)

(भावार्थ- मामा कहते हैं कि पूजनीय बहन और जीजाज ! आप लोगों के इस वृद्ध अवस्था में हमारे इस गरीब खाने में आप लोगों के आगमन का क्या उद्देश्य है ? आपके मामा की हालत अत्यंत खराब है। इस दयनीय अवस्था में हम कैसे आपका आदर-सत्कार कर सकते हैं ?)

शादी की रात को सभी नियमों का पालन कर अगले दिन निर्धारित समय में लड़के वाले दुल्हन को साथ लेकर अपने घर लौटते हैं। दूल्हे के घर पर भी गीतों के माध्यम से दोनों समधियों के बीच बातें चलती हैं। उसका एक उदाहरण देखिए-

छांगलिन :
जु थेलु मान्दुंग
ने नांग छांगलिन मान्दुंग (पेन)
नांगलि क्लिर मान्दुंग
आरुण बचेदून (के)
जु लामथे लाम-मुंग।
वफ़ पेन वॉथुंग (छन)
नाथन रिनरान फुन
कावेदेत बिथुंग।
दाम-छार पिंथेदुन (ता)
चोजाक नेलितुम (लॉ)
थेलु मान्दुंग। (दास 1998-28)

(भावार्थ - आपकी बहन और जीजाजी का सांसरिक जीवन एकदम दुखजनक है। कपोत और गौरैया के घोंसलों की तरह हमारा घर-बार भी अस्थायी है। हमारी

आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। फलस्वरूप शादी करवाके हम काफी लज्जित हुए हैं।)

(ख) रामायण के गीत :

कार्बियों में रामायण की कहानी को लेकर भी अनेक गीत प्रचलित हैं। रामायण की कथा के पद्य रूप को कार्बी लोग 'छाबिन आलुन' कहते हैं। इसमें रामायण की घटनाएँ कार्बी संस्कृति में ढल चुकी हैं और इसीलिए इन गीतों में कार्बी समाज और संस्कृति की भी झलक मिलती है। अब तक संग्रहीत 'छाबिन आलुन' में 560 दो पंक्तियों वाले पद मिलते हैं। 'लुंचेप' इन पदों को गीतों के रूप में लोगों के सामने प्रस्तुत करते हैं। रामायण में घटित अनेक घटनाओं का वर्णन कार्बी गीतों में इस प्रकार मिलता है –

निचॉ चाबिन मिरलरि
कांगतांग राम पेनखन बेनि
इंगच्छिन आ लिठाइ थेपि
जनक रिचॉ ऑ चॉ पि
आमेन सीता कुंगरिपि
मारनांग कारकक् आर्नि
आरवि रुंगकक् नांग केबि
रिचो जुदेत आलाम दि।
ला आन आ लिठाइ थेपि
ला ले रुंग उन् तांग तेति
ने चोपि सीता कुंगरि
लाचि सीता पिन नांगजि।

(भट्टाचार्य 2008–104)

(भावार्थ – राम और लक्ष्मण दोनों बाहुबली हैं। सीता जनक की पुत्री हैं। जनक के पास एक लोहे का धनुष था। एक दिन आँगन में झाड़ू लगाते समय सीता उस धनुष को अपने दोनों हाथों से इधर से उधर करती हैं। उसे देखकर राजा जनक कहते हैं कि इस बड़े से धनुष को जो भी तोड़ सकेगा, उसी के साथ सीता का विवाह होगा।)

(ग) हाईमु के गीत :

कार्बियों में 'छाबिन आलुन' की तरह 'हाईमु आलुन' गीति काव्य भी काफी महत्वपूर्ण है। इसमें कार्बी युवती हाईमु और कार्बी युवक लंग टेरण की प्रेम–कथा का मार्मिक वर्णन है। हाईमु अत्यंत सुंदर थी। उसकी सुंदरता से मुग्ध होकर राज दरबारी बरलिदि ने उससे जबर्दस्ती शादी की, पर फिर भी उसे नहीं पा सका। हाईमु ने अपनी इज्जत बचाने के लिए मौत को गले लगा लिया। मृत्यु के बाद हाईमु को कार्बी समाज में देवी के रूप में स्मरण किया जाता है। उसकी सुंदरता का वर्णन निम्नलिखित गीत में अत्यंत प्रभावी ढंग से किया गया है–

चिनाम के चिनाम
राजे मे चिनाम
देंग हंग कुप तत जान (के)
देंग हंग कुप तुर दांग । (बरुवा 1998–38)

(भावार्थ– हाईमु सच में रूपवती है। जब वह घर के सामने बैठती है, तब पूरे आँगन में रोशनी छा जाती है।)

(घ) पौराणिक कथा गीत :

'रूकाछेन आलुन' पौराणिक कथा गीत है। इसका अर्थ है काछेन दादाजी के गीत। इन गीतों में कार्बियों की उत्पत्ति, रीति–नीति, समाज, संस्कृति आदि की झलक मिलती है। कार्बियों के सांस्कृतिक प्रतीक 'जामबिलि आथन' के निर्माण प्रक्रिया के बारे में 'रूकाछेन आलुन' में इस प्रकार कहा गया है –

कटारी मेछि पेन
नांगछय पांग जांगहि
आंग देंग देंग आहि ।
पारदन वरालि
छयतांगलॉ आनछि । (बरुवा 1998–39)

